सूर्योदय 5:17 सूर्यास्त 7:24

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.8 न्यू | 27.0 अधि |
| धर्मशाला | 17.7 न्यू | 32.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74,243 |
| निफ्टी | 23,366 |
| सोना 1,54,000 | चांदी 2,55,000 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 7 जून 2026 | 24 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 159, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129 62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

## न्यूज शॉर्ट्स

*नीट पेपर लीक मामला*

### आरोपी शुभम की न्यायिक हिरासत 15 जून तक बढ़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने नीट पेपर लीक मामले के आरोपी शुभम खैरनार की न्यायिक हिरासत 15 जून तक बढ़ा दी है। शनिवार को पिछली न्यायिक हिरासत की अवधि खत्म होने के बाद शुभम को अदालत में पेश किया गया था। वहीं, इसी मामले में गिरफ्तार आरोपी मनीषा वाघमारे की जमानत याचिका पर अदालत ने फैसला 9 जून तक सुरक्षित रख लिया है। सीबीआई ने मनीषा वाघमारे की जमानत का विरोध करते हुए उन्हें साजिश में शामिल बताया है। एजेंसी का आरोप है कि उन्होंने लीक हुआ प्रश्नपत्र हासिल किया और उसे आगे पहुंचाने में भूमिका निभाई। नीट परीक्षा 3 मई को आयोजित हुई थी, लेकिन पेपर लीक के बाद 12 मई को इसे रद्द कर दिया गया था। अब दोबारा परीक्षा 21 जून को कराई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका ने ईरानी रडार साइट्स पर किया हमला



**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने दावा किया कि होर्मुज क्षेत्र में चार ईरानी ड्रोन मार गिराने के बाद गोरुक और केश्म द्वीप स्थित ईरानी रडार साइट्स पर हमला किया गया। जवाब में ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास दुश्मन ठिकानों पर मिसाइल हमले करने का दावा किया। सेंटकॉम के अनुसार, ईरान ने कुवैत और बहरीन की ओर सात बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिनमें छह को रोक दिया गया। इस बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी कार्रवाई से ईरान की मिसाइल क्षमता कमजोर हुई है, जबकि अमेरिकी खुफिया रिपोर्टों में ईरान के बड़े मिसाइल भंडार की बात कही गई है। (अनंत ज्ञान)

### कडलूर में समुद्र से 3 मछुआरे लापता

**एजेंसी, कडलूर।** तमिलनाडु के कडलूर और पुडुचेरी से समुद्र में मछली पकड़ने गए तीन मछुआरे लापता हो गए हैं, जिसके बाद तटीय इलाकों में चिंता का माहौल है। कई दिनों से कोई सुराग न मिलने पर भारतीय तटरक्षक बल ने व्यापक खोज एवं बचाव अभियान शुरू कर दिया है। लापता मछुआरों की पहचान रवि उर्फ रमेश (28), मनोहर (27) और नागवेल (40) के रूप में हुई है, जो 2 जून को फाइबर नाव से समुद्र में निकले थे। निर्धारित समय पर वापसी न होने पर परिजनों ने खोज की मांग को लेकर प्रदर्शन भी किया। स्थानीय ग्रामीणों और मछुआरा संगठनों ने सड़क जाम कर प्रशासन से अभियान तेज करने की मांग की, जिसके बाद मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को आश्वासन दिया। तटरक्षक बल समुद्र के विभिन्न हिस्सों में तलाशी अभियान चला रहा है। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में खुला नौकरियों का पिटारा

## सीएम सुक्खू कैबिनेट ने दी 1456 पद भरने और कब्जे नियमित करने की नीति को मंजूरी

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में जनहित, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसलों को मंजूरी दी गई।

बैठक का सबसे अहम निर्णय सरकारी भूमि पर वर्षों से रह रहे बेजमीन परिवारों और लघु किसानों के कब्जों को नियमित करने के लिए वर्ष 2026 की नई नीति को मंजूरी देना रहा। सरकार ने इसे मानवीय दृष्टिकोण से लिया गया फैसला बताते हुए कहा कि इससे लंबे समय से सरकारी भूमि पर निर्भर परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। नीति को अंतिम मंजूरी के लिए केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। कैबिनेट ने विभिन्न विभागों में 1456 पदों को भरने की मंजूरी दी। इनमें 400 वर्क इंस्पेक्टर, 300 मेडिकल ऑफिसर, 250 मल्टी टास्क वर्कर, 200 स्टाफ नर्स सहित 162 तकनीकी पद शामिल हैं। इसके अलावा मेडिकल कॉलेजों में 75 सहायक प्राध्यापक और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में 17 सहायक प्राध्यापक पदों की नियुक्ति को भी मंजूरी दी गई। कृषि क्षेत्र में राहत देते हुए सरकार ने 3 लाख रुपए तक के ऋण पर 50 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी देने की योजना को मंजूरी दी। कर्मचारियों के लिए अध्ययन अवकाश पर पूरा वेतन, करुणामूलक नियुक्तियों की समीक्षा और 31 मार्च 2026 तक सात वर्ष की सेवा पूरी कर चुके पार्ट टाइम वर्करों को दैनिक वेतनभोगी बनाने का निर्णय लिया गया। सरकार ने 80 पोस्ट कोड भर्तियों के विज्ञापन वापस लेने और 4.27 करोड़ रुपए परीक्षा शुल्क लौटाने का भी फैसला किया है। वहीं, ई-बस और डीजल बस खरीद पर सब्सिडी के साथ स्वरोजगार योजना के चौथे चरण को मंजूरी दी गई। इसके साथ ही हिमकेयर योजना का दायरा बढ़ाकर 7 लाख और 10 लाख रुपए तक स्वास्थ्य बीमा कवर देने, भांग की नियंत्रित खेती के लिए नियमों में संशोधन तथा चरागाह नीति-2026 को मंजूरी देने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए।



मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

### आगजनी पीड़ितों को राहत, अस्पतालों के विस्तार को मंजूरी

**प्रदेश** मंत्रिमंडल की बैठक में जुब्बल, कोटखाई और रोहड़ू क्षेत्र में आगजनी से प्रभावित 15 परिवारों के लिए 84.70 लाख रुपए के विशेष राहत पैकेज को मंजूरी दी गई। जिन परिवारों के घर पूरी तरह नष्ट हो गए हैं, उन्हें प्रति परिवार सात लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर भी अहम निर्णय लिए गए। सरकाघाट सिविल अस्पताल को 150 बिस्तरों तक अपग्रेड करने और बद्दी सिविल अस्पताल को 200 बिस्तरों वाले संस्थान में विकसित करने की मंजूरी दी गई। इसके साथ ही विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के उन्नयन को भी हरी झंडी दी गई। इसके अलावा जुब्बल स्थित ठाकुर रामलाल गर्ल्स स्पोर्ट्स हॉस्टल को राजकीय खेल विद्यालय के रूप में अपग्रेड करने और वहां 23 नए पद सृजित कर भरने का भी निर्णय लिया गया।

### मेलों को मिला नया दर्जा पर्यटन व संस्कृति को बढ़ावा

**प्रदेश** की सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान देने के उद्देश्य से सोलन के ऐतिहासिक शूलिनी मेले को राष्ट्रीय स्तर का दर्जा प्रदान किया गया। वहीं चंबा के मान शिव शक्ति जतर मेले तथा कांगड़ा के कथगढ़ शिवरात्रि मेले को राज्य स्तरीय दर्जा दिया गया। कई अन्य पारंपरिक मेलों को जिला स्तरीय पहचान देकर स्थानीय संस्कृति, पर्यटन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन देने का मार्ग प्रशस्त किया गया है। सरकार ने तकनीकी शिक्षण संस्थानों के लिए राज्य नवाचार नीति को भी मंजूरी दी है, जिससे हिमाचल को नवाचार, उद्यमिता और स्टार्टअप गतिविधियों के उभरते केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी का 5 घंटे प्रदर्शन

## शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देने का 5 दिन का दिया अल्टीमेटम

**एजेंसी, नई दिल्ली**



नीट पेपर लीक शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी, यानी सीजेपी ने शनिवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर 5 घंटे प्रदर्शन किया। पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा कि मंत्री आज शाम 5 बजे तक इस्तीफा दें, नहीं तो पूरे देश में प्रदर्शन किया जाएगा। अगले शनिवार, यानी 13 जून को जंतर-मंतर पर फिर प्रदर्शन करेंगे। सीजेपी को जंतर-मंतर पर आज शाम 5 बजे तक प्रदर्शन करने की अनुमति मिली थी, लेकिन करीब 3 बजे ही अभिजीत और सोनम वांगचुक धरनास्थल से रवाना हो गए थे। इसके बाद प्रदर्शन खत्म हो गया। अभिजीत सुबह ही अमेरिका से दिल्ली लौटे थे। वे एयरपोर्ट से सीधे जंतर-मंतर पहुंचे थे। यहां अभिजीत अंबेडकर की ऑटो बायोग्राफी और संविधान की कॉपी लेकर पहुंचे थे।

कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन में सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक भी शामिल हुए। उनके साथ सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका भी मौजूद थे। आशुतोष आईआईटी कानपुर से पास आउट हैं। वे पिछले साल लंदन से भारत लौटे हैं। सीजेपी के प्रदर्शन के मद्देनजर इंदिरा गांधी एयरपोर्ट, मुख्य रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और दिल्ली के बॉर्डर प्वॉइंट्स पर सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। 1000 से ज्यादा पुलिस जवान पहले से तय प्वॉइंट्स पर तैनात किए गए थे। बाजारों और संवेदनशील इलाकों में कानून व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी गई थी।

दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने 6 लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रदर्शन के समर्थकों और विरोधियों के बीच तनाव हो सकता है। इसी के चलते कुछ लोगों को एहतियाती हिरासत में लिया गया।

अभिजीत ने कहा कि कॉकरोच जनता पार्टी अपनी मांग पर अड़ी है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें। उन्होंने धर्मेंद्र को इस्तीफे के लिए 5 दिन का अल्टीमेटम दिया है। अगर कॉकरोच जनता पार्टी की बात नहीं मानी जाती है, तो 13 जून को जंतर-मंतर पर दोबारा प्रदर्शन किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में प्री-मानसून दस्तक देने को तैयार

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला।** भीषण गर्मी से जूझ रहे हिमाचल प्रदेश के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार प्रदेश में अगले चार दिन मौसम मुख्यत: शुष्क रहेगा, लेकिन 10 जून के बाद मौसम करवट लेगा। विभाग ने 11 और 12 जून को कई क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश, गरज-चमक और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। हालांकि फिलहाल किसी तरह की गंभीर मौसम चेतावनी जारी नहीं की गई है। पूर्वानुमान के अनुसार ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, सोलन और सिरमौर में 9 जून तक मौसम शुष्क रहेगा, जबकि चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, किन्नौर और लाहौल-स्पीति के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। यदि परिस्थितियां अनुकूल रहीं तो तय समय के आसपास मानसून हिमाचल में दस्तक दे सकता है। विशेषज्ञों ने किसानों, बागवानों और यात्रियों को मौसम अपडेट पर नजर रखने की सलाह दी है।

**◆ 11-12 जून को बारिश और तेज हवाओं की संभावना**

# संविधान समाज परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम : जस्टिस विक्रम नाथ

### धर्मशाला में विधिक साक्षरता शिविर, संवैधानिक मूल्यों और मौलिक अधिकारों पर हुआ मंथन

अनंत ज्ञान

**धर्मशाला।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण शिमला के संयुक्त तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांगड़ा के सहयोग से शनिवार को धर्मशाला में विशाल विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

'मौलिक अधिकार और कर्तव्य-वर्तमान परिदृश्य' तथा 'सशक्त, समर्थ एवं समरस समाज-संवैधानिक लक्ष्य' विषयों पर कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। इस मौके पर समारोह के मुख्यातिथि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश विक्रम नाथ ने कहा कि संविधान केवल शासन चलाने की पुस्तक नहीं है, वो समाज को रूपांतरिक करने का साधन है। वो उस भारत को आगे ले जाने का साधन है जो विभाजन, भेदभाव से ग्रस्त था। उस भारत को आगे ले जाने का संकल्प है जो नागरिकता, समानता और गरिमा पर आधारित है। जब हम संविधान की बातें करते हैं तो प्राय: संसद, कार्यपालिका, न्यायपालिका, चुनाव और शासन की संस्थाओं का जिक्र करते हैं। ये सभी महत्वपूर्ण हैं, परंतु हमारे संवैधानिक ढांचे के केंद्र में हैं। अंतत: संविधान इस विश्वास पर आधारित है कि प्रत्येक मामलों में कोई भेदभाव न हो।



राज्य का उद्देश्य केवल शासन करना नहीं, बल्कि ऐसी परिस्थितियां बनाना है जिनमें नागरिक गरिमापूर्ण जीवन जी सके। यही भावना मौलिक अधिकारों में व्यक्त होती है। अनुच्छेद-14 समानता के अधिकार को स्थापित करता है जिसका मूल उद्देश्य यह है कि कानून की दृष्टि में न कोई श्रेष्ठ नागरिक है और न ही कोई हीन नागरिक है। धनी हो या निर्धन, शक्तिशाली हो या कमजोर, शिक्षित हो या अशिक्षित प्रत्येक व्यक्ति विधि के समान संरक्षण का अधिकारी है।

अनुच्छेद-19 लोकतांत्रिक जीवन की आवश्यकता और स्वतंत्रता की आवश्यकताओं की रक्षा करता है। लोकतंत्र केवल कुछ सालों में मतदान करने का अर्थ नहीं है, बल्कि नागरिकों और संस्थाओं के बीच निरंतर संवाद है। यह संवाद तभी संभव है, जब नागरिक बिना भय के सोच सके। प्रश्न पूछ सके और असहमति व्यक्त कर सके और सार्वजनिक जीवन में भाग ले सके। अनुच्छेद-21 में हमारे संवैधानिक न्याय शास्त्र को सबसे अधिक गहराई से प्रभावित किया। उसका पाठ संक्षिप्त है, परंतु दायरा बहुत ज्यादा। जीवन का अर्थ केवल शारीरिक अस्तित्व नहीं है, बल्कि गरिमा के साथ जीना है। इसी समझ से शिक्षा, स्वच्छ पर्यावरण, निजता, आश्रय और मानवीय परिस्थितियों से जुड़े अनेक अधिकार दिए हुए हैं। इन तीनों अधिकारों को साथ पढ़ें तो संविधान का आत्मा स्पष्ट होती है। समानता, व्यक्ति को विधि के सामने खड़ा होने की शक्ति देता है। स्वतंत्रता विषय-विचार और अभिव्यक्ति को स्थान देती है। जीवन और गरिमा का अधिकार उसे मानवीय अस्तित्व का आश्वासन देता है, इसलिए अनुच्छेद-14, 19 और 21 केवल अलग-अलग प्रावधान नहीं हैं, बल्कि वे मिलकर नागरिक और राज्य के बीच संबंध की नई परिभाषा करते हैं। वहीं, सुप्रीम कोर्ट के न्यायधीश संजय करोल ने भी अपने बहुमूल्य विचार रखे। उन्होंने मासिक धर्म के दौरान महिलाओं से भेदभाव करने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि भारत में आज भी कई गांव हैं जहां मासिक धर्म के दौरान महिलाओं को घर से बाहर रखा जाता है। समारोह में हिमाचल हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया, दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश नोंगमैकापम कोटीश्वर सिंह, हिमाचल हाईकोर्ट के न्यायाधीश संदीप शर्मा, विवेक सिंह ठाकुर तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश कांगड़ा चिरागभानु सिंह भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

# प्रदेश में एसएमसी, कंप्यूटर शिक्षक और मिड-डे मील कर्मियों के मानदेय में बढ़ोतरी

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने शिक्षा विभाग के तहत कार्यरत हजारों कर्मचारियों को राहत देते हुए उनके मानदेय में वृद्धि का निर्णय लागू कर दिया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा बजट में की गई घोषणा के बाद शिक्षा विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। इस फैसले से स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के तहत कार्यरत शिक्षकों, कंप्यूटर शिक्षकों, मिड-डे मील कर्मियों, मल्टी टास्क वर्करों तथा वाटर कैरियर सहित हजारों कर्मचारियों को लाभ मिलेगा।

जानकारी के अनुसार एसएमसी के तहत कार्यरत करीब 700 प्रवक्ता और पीईटी शिक्षकों के मानदेय में 500 रुपये प्रति माह की वृद्धि की गई है। इसी तरह 1363 कंप्यूटर शिक्षकों के मानदेय में भी 500 रुपये की बढ़ोतरी की गई है।

### वाटर कैरियर कर्मियों को भी राहत

**शिक्षा** विभाग में कार्यरत 21,115 मिड-डे मील वर्करों के मानदेय में 500 रुपए प्रतिमाह की वृद्धि की गई है, जिसके बाद उनका मानदेय 5,500 रुपए हो जाएगा। वहीं वाटर कैरियर का मानदेय बढ़ाकर 6,000 रुपए प्रतिमाह कर दिया गया है। अधिसूचना के अनुसार बढ़ा हुआ मानदेय एक अप्रैल 2026 से प्रभावी माना जाएगा। कर्मचारियों को जून माह के वेतन के साथ बढ़ी हुई राशि का भुगतान किया जाएगा, जबकि अप्रैल और मई का एरियर भी दिया जाएगा।

# शिमला-रिकांगपिओ हेलिटैक्सी सात जून से फिर भरेगी उड़ान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** किन्नौर और शिमला के बीच हवाई संपर्क को मजबूत करने वाली शिमला-रिकांगपिओ हेलिटैक्सी सेवा 7 जून से पुन: शुरू होगी। रखरखाव कार्यों के कारण यह सेवा पिछले एक माह से बंद थी। एसडीएम एवं जिला पर्यटन अधिकारी अमित कुमार कल्थाइक ने बताया कि सेवा बहाल होने से पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भी तेज और सुरक्षित यात्रा का विकल्प मिलेगा। इससे किन्नौर जैसे दुर्गम क्षेत्र तक पहुंच आसान होगी और पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। यात्री हेरिटेज एविएशन के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से टिकट बुक कर सकेंगे। प्रशासन का मानना है कि मानसून और भूस्खलन जैसी परिस्थितियों में यह सेवा क्षेत्र के लोगों के लिए महत्वपूर्ण राहत साबित होगी।



# लुधियाना स्टेशन पर कपलिंग टूटने से दो हिस्सों में बंटी नई दिल्ली-कटरा ट्रेन

**एजेंसी, लुधियाना**



लुधियाना रेलवे स्टेशन पर शनिवार सुबह एक बड़ा रेल हादसा टल गया, जब नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा स्पेशल ट्रेन (04081) की कपलिंग टूटने से ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई। घटना के दौरान जोरदार आवाज सुनाई दी, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेन स्टेशन से रवाना ही हुई थी कि अचानक तेज धमाके जैसी आवाज आई। कपलिंग टूटने के झटके से स्लीपर कोच का शौचालय क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद घबराए यात्री कोचों से बाहर निकलने लगे। कुछ यात्रियों ने आवाज को धमाका बताया, हालांकि रेलवे और पुलिस अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने तक यह कहना जल्दबाजी होगी कि आवाज किसी विस्फोट की थी या कपलिंग टूटने से उत्पन्न हुई।

सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), जीआरपी, कमिश्नरेट पुलिस और रेलवे के तकनीकी अधिकारी मौके पर पहुंच गए। टीम ने जांच के साथ मरम्मत कार्य भी शुरू कर दिया है। रेलवे प्रशासन की ओर से फिलहाल घटना के कारणों को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। प्रारंभिक जांच में कपलिंग टूटने को हादसे की वजह माना जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# फिरोजपुर में पिकअप-ट्रॉली में टक्कर 9 की मौत, 15 से ज्यादा लोग घायल

**एजेंसी, फिरोजपुर**



पंजाब के फिरोजपुर में फाजिल्का रोड पर शनिवार सुबह एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसे ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं। जंगा वाले मोड़ के निकट एक पिकअप गाड़ी और घोड़ा ट्राला के बीच हुई आमने-सामने की भीषण टक्कर में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में कई की हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पिकअप गाड़ी में सवार लोग परिजन की अस्थियां विसर्जित करने के लिए जा रहे थे। यात्रा के दौरान जब वाहन जंगा वाले मोड़ के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे घोड़ा ट्राला के साथ उसकी जोरदार टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भयानक थी कि पिकअप गाड़ी का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें बैठे कई लोग अंदर ही फंस गए।

पिकअप में मौजूद अंशप्रीत ने बताया कि सुबह 3:30 बजे वह घर से अस्थियां लेकर करीब 30 लोग रवाना हुए थे। रास्ते में गाड़ी में पेट्रोल डलवाने के बाद वह जैसे ही जनगांव वाला मोड़ के पास पहुंचे तो सड़क के बीच में खड़े ट्राले से अचानक उनकी पिक अप गाड़ी की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्ती की उनकी गाड़ी पलट गई पिकअप के ऊपर छत भी डाल रखी थी, जिसमें कुछ पारिवारिक सदस्य हैं बैठे हुए थे। (अनंत ज्ञान)

**सौगात** सांसद अनुराग ठाकुर ने एक्सप्रेस ट्रेन को दिखाई हरी झंडी, मुंबई रेल सेवा की भी जगी उम्मीद

# अंब-अंदौरा से कोलकाता के लिए गुरुमुखी सुपरफास्ट एक्सप्रेस शुरू

अनंत ज्ञान

**राजेश शर्मा, ऊना।** हिमाचल प्रदेश की रेल संपर्क व्यवस्था को बड़ी मजबूती देते हुए अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन से गुरुमुखी सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12325/12326) के विस्तारित फेरे की शुरुआत हो गई है। हमीरपुर सांसद अनुराग ठाकुर ने शनिवार को ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन का सीधा रेल संपर्क कोलकाता से स्थापित हो गया है।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह साप्ताहिक सुपरफास्ट ट्रेन प्रत्येक शनिवार सुबह 6:10 बजे अंब-अंदौरा से रवाना होगी और करीब 31 घंटे 50 मिनट में कोलकाता पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन गुरुवार सुबह 7:40 बजे कोलकाता से चलकर शुक्रवार शाम 4:55 बजे अंब-अंदौरा पहुंचेगी। अपने मार्ग में ट्रेन आसनसोल, पटना, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, वाराणसी, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद और सहारनपुर सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी। इस अवसर पर अनुराग ने कहा कि यह हिमाचल प्रदेश के लिए केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण सौगात है। उन्होंने बताया कि ऊना प्रदेश का एकमात्र जिला है जो पूर्ण रूप से ब्रॉडगेज रेल नेटवर्क से जुड़ा हुआ है। पिछले वर्षों में कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का विस्तार ऊना तक किया गया है, जिससे प्रदेशवासियों और पर्यटकों को लाभ मिला है।



उन्होंने बताया कि अंब-अंदौरा से कोलकाता तक साधारण श्रेणी का किराया 480 रुपए, स्लीपर का 800 रुपए, थर्ड एसी इकोनॉमी का 1915 रुपए, थर्ड एसी का 2025 रुपए और सेकंड एसी का 2880 रुपए निर्धारित किया गया है। टिकट रेलवे स्टेशन के अनारक्षित टिकट काउंटर और भारतीय रेलवे के आधिकारिक मोबाइल ऐप के माध्यम से बुक किए जा सकते हैं।

सांसद ने कहा कि इस रेल सेवा से हिमाचल और पश्चिम बंगाल के बीच संपर्क मजबूत होगा तथा व्यापार, पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में मुंबई के लिए सीधी रेल सेवा शुरू कराने और अंबाला व चंडीगढ़ तक संचालित कुछ ट्रेनों को ऊना तक विस्तारित करने के प्रयास जारी हैं।

कार्यक्रम के दौरान अनुराग ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के अपने नेता भी सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार और अव्यवस्था से घिरी हुई है तथा जनता उसकी नीतियों से निराश है।

# आपदा प्रबंधन की 15 को होगी 10वीं मेगा मॉक ड्रिल




मेगा मॉक ड्रिल की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में उपस्थित अधिकारी।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में 15 जून को आयोजित होने वाली 10वीं मेगा मॉक एक्सरसाइज के माध्यम से आपदा प्रबंधन तंत्र की तैयारियों को परखा जाएगा। इस दौरान बादल फटने, जंगल में आग लगने और भूकंप जैसी आपात परिस्थितियों का अभ्यास कर विभिन्न विभागों की तत्परता, समन्वय और प्रतिक्रिया क्षमता का मूल्यांकन किया जाएगा। मॉक एक्सरसाइज को लेकर शनिवार को आयोजित जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता एसडीएम शिमला शहरी ओशिन शर्मा ने की। उन्होंने बताया कि इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य जिला आपदा प्रबंधन योजनाओं, आपातकालीन प्रतिक्रिया व्यवस्था और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को मजबूत बनाना है। मेगा मॉक एक्सरसाइज दो चरणों में आयोजित होगी। बादल फटने की स्थिति को लेकर रामपुर और सुन्नी में, जबकि जंगल में आग की स्थिति को लेकर तारा देवी क्षेत्र में अभ्यास किया जाएगा। इससे आपदा के समय राहत एवं बचाव कार्यों की प्रभावशीलता का आकलन किया जाएगा।

### ◆ बादल फटने, आग व भूकंप जैसी आपदाओं से निपटने की तैयारियों की होगी परख

### विभागों को तैयारी पूरी करने के निर्देश

**बैठक** में सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में इंसिडेंट रिस्पांस टीम सक्रिय करने, सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने तथा अभ्यास स्थलों का चयन शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही 12 जून को टेबल टॉप एक्सरसाइज भी आयोजित की जाएगी। इसमें एसडीआरएफ, सीआईएसएफ, पुलिस, स्वास्थ्य, लोक निर्माण, शिक्षा और अन्य विभागों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

# जिला परिषद सदस्यों का शपथ ग्रहण मंच बना सियासी रणक्षेत्र

## परिजनों को बाहर भेजने के निर्देश पर भाजपा वर्कर्स और प्रशासन के बीच नोकझोंक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के बचत भवन में शनिवार को जिला परिषद सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह उस समय विवादों के घेरे में आ गया जब कार्यक्रम शुरू होने से पहले सभागार में मौजूद परिजनों और अन्य लोगों को बाहर जाने के निर्देश दिए गए। प्रशासन के इस निर्णय के बाद माहौल अचानक गरमा गया और देखते ही देखते समारोह स्थल राजनीतिक टकराव का केंद्र बन गया। भाजपा समर्थकों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच शुरू हुई बहस कुछ ही देर में तीखे विरोध में बदल गई।

शपथ ग्रहण समारोह के दौरान सभागार के भीतर और बाहर लगातार तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के महत्वपूर्ण आयोजन में लोगों की उपस्थिति पर अनावश्यक रोक लगाई गई, जबकि प्रशासन व्यवस्था बनाए रखने की बात कहता रहा। दोनों पक्षों के बीच बढ़ती तल्खी ने पूरे परिसर का माहौल तनावपूर्ण बना दिया। सुबह करीब 11:40 बजे उपायुक्त अनुपम कश्यप सभागार पहुंचे और नव निर्वाचित जिला परिषद सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। हालांकि शपथ ग्रहण प्रक्रिया शांतिपूर्वक पूरी हो गई, लेकिन बाहर विरोध कर रहे भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं का आक्रोश कम नहीं हुआ। समारोह समाप्त होते ही उपायुक्त कार्यालय परिसर में नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन तेज हो गया। विवाद उस समय और बढ़ गया जब भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उपायुक्त का घेराव कर लिया।

घेराव के दौरान धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई, जिसमें उपायुक्त अनुपम कश्यप संतुलन खोकर गिर पड़े। मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने तत्काल उन्हें संभाला और सुरक्षित कार्यालय तक पहुंचाया। घटना के बाद प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में इस पूरे घटनाक्रम को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया।



शिमला स्थित बचत भवन में जिला परिषद सदस्यों को शपथ दिलाते डीसी अनुपम कश्यप। अनंत ज्ञान

### ◆ गिर पड़े उपायुक्त, संभालने दौड़े अधिकारी-कर्मचारी

### नवनिर्वाचित 25 जिप सदस्यों ने ली शपथ

**शिमला** जिला परिषद के नवनिर्वाचित 25 सदस्यों ने शनिवार को बचत भवन स्थित सभागार में आयोजित समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने सभी सदस्यों को शपथ दिलाते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया। समारोह में जिला प्रशासन के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वार्ड संख्या एक त्यावल ज्यूरी से अनुराधा, झाकड़ी से ममता, नरैण से रॉनी, बगलती से रानु देवी, सीमा रणटाड़ी से सुरेंद्र रेटका, क्वार से मनजीत सिंह, खशधार से धर्मेंद्र सिंह, भलूण से कल्पना देवी, टिक्कर से भरत सिंह कलांटा, सरस्वती नगर से नेहा मेहता, बढ़ाल से मीनाक्षी, कलबोग से रेखा चौहान तथा चडोली से मन्नत तेगवान ने जिला परिषद सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की। इसी क्रम में चंदलोग-नेरूवा से भोपेंद्र, गोरली-मड़ावग से अतुल शर्मा, घोड़ना से सुरेंद्र कुमार, टियाली से नेहा जगटा, क्यार से आशा कंवर, चमियाना से खुश विक्रम सेन, बल्देंया से ओम प्रकाश, बढ़ई से प्रियंका तनवर, हलोग-धामी से अनीता देवी, खटनोल से प्रभा उर्फ शिवानी, कुमारसैन से तारा देवी तथा भुट्टी से संदीप ने भी शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण के साथ ही जिला परिषद की नई टीम ने आगामी पांच वर्षों के लिए विकास और जनसेवा की जिम्मेदारी संभाल ली है।

# शिमला में नाबालिग से छेड़छाड़ और ब्लैकमेल का मामला गर्माया

अनंत ज्ञान

### ◆ गिरफ्तारी में देरी पर भड़का जनाक्रोश, सड़क पर उतरे लोग

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के संजौली क्षेत्र में नाबालिग लड़की से छेड़छाड़, वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने व अभद्र व्यवहार के आरोपों ने शनिवार को पूरे क्षेत्र का माहौल गर्मा दिया। मामले में कार्रवाई में देरी को लेकर स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों ने आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए प्रशासन और पुलिस से शीघ्र न्याय सुनिश्चित करने का आग्रह किया। घटना के सामने आने के बाद क्षेत्र में भारी रोष का वातावरण बना हुआ है। जानकारी के अनुसार पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश के दो युवकों ने उसका वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करने का प्रयास किया। साथ ही उसे एक दुकान पर बुलाकर अनुचित तरीके से छूने और परेशान करने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़िता ने सार्वजनिक रूप से सामने आकर कहा कि उसके साथ अन्याय हुआ है और दोषियों को कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उसके बयान के बाद स्थानीय लोगों का आक्रोश और बढ़ गया। मामले में महिला थाना में प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद निर्धारित समय के भीतर गिरफ्तारी नहीं होने पर देवभूमि संघर्ष समिति सहित कई स्थानीय संगठनों के कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने संजौली बाजार में विरोध जताते हुए आरोपितों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की मांग की। इस दौरान लोगों ने कहा कि महिलाओं और बच्चियों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जा सकती और ऐसे मामलों में कानून का भय दिखाई देना आवश्यक है।

विरोध प्रदर्शन के दौरान पीड़िता ने भी लोगों के बीच अपनी बात रखते हुए कहा कि आरोपियों ने उसके साथ गलत व्यवहार किया और उसका वीडियो बनाकर मानसिक प्रताड़ना दी। उसने प्रशासन और पुलिस से निष्पक्ष जांच तथा दोषियों को कठोर दंड दिलाने की मांग की।

### त्वरित न्याय मिलना जरूरी : विजय शर्मा

**देवभूमि** संघर्ष समिति के संयोजक विजय शर्मा ने कहा कि समिति ने पुलिस प्रशासन को कार्रवाई के लिए पर्याप्त समय दिया था, लेकिन गिरफ्तारी में देरी से लोगों में असंतोष बढ़ा। उन्होंने कहा कि महिलाओं और नाबालिगों से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता और तत्परता सबसे महत्वपूर्ण है। ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई से ही जनता का कानून और व्यवस्था पर विश्वास मजबूत बना रह सकता है। उधर, बढ़ते जनदबाव और विरोध प्रदर्शन के बीच संजौली पुलिस ने आरोपितों को हिरासत में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# ननखड़ी कॉलेज का विलय छात्र विरोधी फैसला : कौल सिंह

अनंत ज्ञान



**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** भाजपा नेता व पूर्व हिमकोफेड चेयरमैन कौल सिंह ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा ननखड़ी डिग्री कॉलेज के विलय के फैसले का तीखा विरोध किया है और सरकार से इसे तत्काल रद्द करने की मांग की है। कौल सिंह ने बताया कि ननखड़ी जैसे पहाड़ी व दुर्गम क्षेत्र में कम छात्र संख्या के आधार पर कॉलेज का बंद या विलय करना अनुचित और छात्रवर्ग-विरोधी है।

उनके अनुसार इस फैसले से लगभग 15 पंचायतों के गरीब और मध्यमवर्गीय छात्रों का भविष्य दांव पर पड़ जाएगा। छात्रों को उच्च शिक्षा के लिये अब कई किलोमीटर दूर जाना पड़ेगा, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ेगा और पढ़ाई बाधित होगी। कौल ने बताया यह फैसला ग्रामीण व पिछड़े क्षेत्रों की शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करेगा और गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षा से वंचित कर देगा। कांग्रेस सरकार छात्रों के शैक्षणिक अधिकार का हनन कर रही है। उन्होंने सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि सरकार अपने इस निर्णय पर तुरंत पुनर्विचार करे और ननखड़ी कॉलेज को यथावत रखा जाए। कौल ने चेतावनी दी कि यदि फैसला वापस नहीं लिया गया तो भाजपा छात्रों के हित में सड़कों पर उतरकर जन आंदोलन करने के लिये बाध्य होगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता संभालते ही कांग्रेस ने रामपुर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व भाजपा सरकार द्वारा खोले गए जनहित के संस्थान और कार्यालय बंद करके जनविरोधी काम किया है, जिसे वे सरकार की चार वर्षों की नाकामी की प्रमुख निशानी बता रहे हैं। कौल सिंह ने स्थानीय लोगों व छात्र संगठनों से अपील की कि वे सरकार पर दबाव बनाकर ननखड़ी कॉलेज को बचाने में योगदान दें, ताकि क्षेत्रीय छात्रों का भविष्य सुरक्षित रहे।

# जिला परिषद शपथ समारोह में हंगामे को लेकर कुशल मूंगटा ने भाजपा पर किया हमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला परिषद शिमला के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान हुए हंगामे के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। जिला परिषद के पूर्व सदस्य कुशल मूंगटा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर भाजपा के दो जिला अध्यक्षों पर तीखा हमला बोला है। अपनी पोस्ट में उन्होंने आरोप लगाया कि जिन लोगों को कभी महिला मंडल का प्रधान बनने का अवसर नहीं मिला, वे आज जिला परिषद सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले व्यवहार में शामिल दिखाई दे रहे हैं। कुशल मूंगटा ने अपने फेसबुक पोस्ट के माध्यम से यह भी दावा किया कि कुछ निर्वाचित सदस्यों को प्रभावित करने का प्रयास किया गया और जिला परिषद की लोकतांत्रिक परंपराओं को कमजोर करने की कोशिश हुई। उन्होंने कहा कि जिला परिषद जैसे महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक मंच की मर्यादा बनाए रखना सभी राजनीतिक दलों और जनप्रतिनिधियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। हालांकि, मूंगटा द्वारा लगाए गए आरोपों पर संबंधित नेताओं की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### ◆ जिला परिषद सदन की गरिमा और लोकतांत्रिक परंपराओं को कमजोर करने का आरोप

# स्प्रिंगडेल स्कूल ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

## स्कूल में विद्यार्थियों के लिए रचनात्मक और मनोरंजक गतिविधियों का किया गया आयोजन

अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** रामपुर उपमंडल के अंतर्गत खनेरी स्थित स्प्रिंगडेल स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्कूल में विद्यार्थियों के लिए रचनात्मक और मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाचार्य मनीष आनंद, उप-प्रधानाचार्य आशा सोफ्टा और शिक्षिका मीनाक्षी कौल ने किया। कक्षा पहली के बच्चों ने ग्रीन थंब में पौधों के महत्व और पौधरोपण का व्यवहारिक अनुभव लिया। कक्षा दूसरी ने लीफ पेंटिंग के माध्यम से पत्तियों से सुंदर कलाकृतियां तैयार कीं, जबकि कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों ने वेस्ट मटेरियल क्राफ्ट कर अनुपयोगी वस्तुओं को पुन: उपयोग में लाने का संदेश दिया। कक्षा चौथी व पांचवीं के छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण पर चित्रकारी कर अपनी रचनात्मकता दिखाई।

मनोरंजन के तहत कक्षा पहली से तीसरी तक के बच्चों के लिए जुम्बा सत्र और फ्रूट ब्रेक आयोजित किए गए, साथ ही कक्षा तीन के लिए हैंड-फ्री गेम व फ्रिज डांस और कक्षा दो के लिए जंप ऑन टेबल व पास द स्माइल जैसे खेल कराए गए, जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलवाया और हर नागरिक से प्रकृति की रक्षा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। स्कूल प्रबंधन ने शिक्षकों व प्रतिभागियों की सराहना की और निरंतर हरित व स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया।



राज महल रामपुर के मैदान में शिक्षिकाएं बच्चों को पर्यावरण संरक्षण वाले जागरूक करती हुईं।

## शिमला में देश की सबसे बड़ी नाट्य एवं नृत्य प्रतियोगिताओं में से एक का आगाज

# अभिनेता रोहिताश गौड़ ने की राज्यपाल से भेंट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रसिद्ध अभिनेता एवं अखिल भारतीय कलाकार संघ के अध्यक्ष रोहिताश गौड़ ने शनिवार को लोक भवन में राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की। उनके साथ संघ की उपाध्यक्ष रेखा गौड़ भी मौजूद रहीं। इस दौरान रोहिताश गौड़ ने राज्यपाल को संघ की गतिविधियों और शिमला में आयोजित हो रही 71वीं वार्षिक अखिल भारतीय नाटक एवं नृत्य प्रतियोगिता की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 6 जून से शुरू हुआ यह प्रतिष्ठित सांस्कृतिक महोत्सव 10 जून तक चलेगा, जिसमें देशभर से हजारों कलाकार भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में 27 नाट्य दलों की प्रस्तुतियों के साथ लगभग 260 नृत्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जो भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराओं और लोक कलाओं की जीवंत झलक प्रस्तुत करेंगे। राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने अखिल भारतीय कलाकार संघ द्वारा कला, संस्कृति, नाटक और नृत्य के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कला और संस्कृति किसी भी राष्ट्र की पहचान और उसकी समृद्ध विरासत की आधारशिला होती हैं। ऐसे आयोजन न केवल युवा कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करते हैं, बल्कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान, सामाजिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता को भी मजबूती देते हैं। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रतियोगिता देश की सांस्कृतिक धरोहर को नई ऊर्जा प्रदान करने के साथ-साथ प्रदर्शन कलाओं के प्रचार-प्रसार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।




राज्यपाल कविंद्र गुप्ता से शिष्टाचार भेंट करते अभिनेता रोहिताश गौड़ एवं रेखा गौड़।

## बगीचे में अफीम की खेती का पर्दाफाश

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला जिले के चौपाल क्षेत्र में पुलिस ने अवैध अफीम की खेती का एक और मामला पकड़ा है। इस संबंध में थाना चौपाल में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 18, 61 और 85 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि चौपाल क्षेत्र के गांव क्यारी (थापल) निवासी लच्छम सिंह अपने सेब के बगीचे में अवैध रूप से अफीम के पौधे उगा रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पटवारी और स्वतंत्र गवाहों को साथ लेकर संबंधित बगीचे का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पुलिस को सेब और लहसुन की फसल के बीच अफीम के 163 पौधे लगे हुए मिले। इसके बाद पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया के तहत 15 पौधों को नमूने के रूप में उखाड़कर सीलबंद किया।

# राष्ट्रमंडल संसदीय संघ सम्मेलन में हिमाचल के 10 विधायक लेंगे भाग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के नेतृत्व में प्रदेश के 10 विधायकों का प्रतिनिधिमंडल 8 से 10 जून तक चंडीगढ़ में आयोजित होने वाले राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र जोन-2 के तीन दिवसीय सम्मेलन में भाग लेगा।

हरियाणा विधानसभा की मेजबानी में आयोजित इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश के साथ पंजाब, हरियाणा, दिल्ली तथा जम्मू-कश्मीर के जनप्रतिनिधि और पीठासीन अधिकारी भी हिस्सा लेंगे। सम्मेलन को लोकतांत्रिक संस्थाओं को सशक्त बनाने और जनप्रतिनिधियों की भूमिका को प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मंच माना जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल में नैना देवी से विधायक रणधीर शर्मा, ज्वालामुखी से संजय रत्न, सुंदरनगर से राकेश जम्वाल, पच्छाद से रीना कश्यप, चंबा से नीरज नैय्यर, शाहपुर से केवल सिंह पठानिया, चिंतपूर्णी से सुदर्शन कुमार बबलू, शिमला शहरी से हरीश जनारथा, देहरा से कमलेश ठाकुर तथा लाहौल-स्पीति से अनुराधा राणा शामिल होंगी।



### ◆ विस अध्यक्ष कुलदीप पठानिया करेंगे नेतृत्व

सम्मेलन का उद्घाटन 8 जून को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। इस अवसर पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन के दौरान 9 जून को आयोजित विशेष सत्र में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 'विकसित भारत-2047 : राष्ट्रीय लक्ष्य की प्राप्ति में जागरूक नागरिकों, समाज और युवा विधायकों की भूमिका' विषय पर अपना संबोधन देंगे।

# पुलिस ने चरस सप्लायर को चिड़गांव से किया गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**शिमला।** पुलिस ने रोहड़ू उपमंडल में पकड़ी गई 509 ग्राम चरस की खेप के सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान महेंद्र सिंह (54) के रूप में हुई है, जो चिड़गांव क्षेत्र के गांव गोकस्वारी का निवासी है। उसे 3 जून को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद तीन दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अब उससे पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि चरस की यह खेप कहां से लाई गई थी और इसमें अन्य कौन-कौन लोग शामिल हो सकते हैं। यह मामला 18 मई का है, जब पुलिस थाना रोहड़ू के डिटेक्शन सेल की टीम गश्त पर थी। इसी दौरान माखीनाला क्षेत्र में पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक वाहन में मादक पदार्थ ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने वाहन को रोककर उसकी तलाशी ली। जांच के दौरान वाहन की डिक्की में छिपाकर रखे गए एक कैरी बैग से 509 ग्राम चरस बरामद की गई। बरामदगी के बाद पुलिस थाना रोहड़ू में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 20, 25 और 29 के तहत मामला दर्ज किया गया।

इस मामले में मौके पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। इनमें लोअर खलीनी, शिमला निवासी 27 वर्षीय जितेंद्र ठाकुर और 25 वर्षीय राजन ठाकुर शामिल हैं। दोनों आरोपियों से पूछताछ और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मामले की आगे जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने चरस की खेप के स्रोत तक पहुंचने के लिए विभिन्न तकनीकी और भौतिक साक्ष्य जुटाए। पुलिस का कहना है कि इसी जांच में महेंद्र सिंह की कथित भूमिका सामने आई। जांच में मिले साक्ष्यों के आधार पर उसे मामले में नामजद करते हुए गिरफ्तार किया गया।

**विकसित भारत** | आर्थिक प्रगति के साथ सामाजिक न्याय व सांस्कृतिक मूल्यों पर भी रहेगा समान बल

# विकसित भारत-2047 देशवासियों का राष्ट्रीय संकल्प: राज्यपाल

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा है कि विकसित भारत-2047 केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सामूहिक राष्ट्रीय मिशन है।

उन्होंने कहा कि जब देश स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब भारत का लक्ष्य केवल आर्थिक रूप से समृद्ध राष्ट्र बनना नहीं होगा, बल्कि ऐसा विकसित देश बनाना होगा जो आत्मनिर्भर, समावेशी, नवाचार आधारित और मानवीय मूल्यों से प्रेरित हो। शिमला में पंचनद शोध संस्थान अध्ययन केंद्र द्वारा आयोजित वार्षिक व्याख्यान भारत-2047 विकसित भारत का संकल्प'' में संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए गांवों, किसानों, युवाओं और महिलाओं की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण होगी। राज्यपाल ने कहा कि भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है।

डिजिटल तकनीक, नवाचार, स्टार्टअप, आधारभूत ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में देश ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि जनधन, आधार और मोबाइल की त्रिस्तरीय व्यवस्था ने शासन प्रणाली को नई दिशा दी है, जबकि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण ने पारदर्शिता बढ़ाने के साथ भ्रष्टाचार और बिचौलियों की भूमिका को सीमित किया है। इससे करोड़ों लोगों का शासन व्यवस्था पर भरोसा मजबूत हुआ है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। जरूरत उन्हें आधुनिक शिक्षा, कौशल विकास और नवाचार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की है। राज्यपाल ने युवाओं से रोजगार तलाशने वाले नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वाले बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का निर्माण केवल नीतियों से नहीं होगा, बल्कि युवाओं की ऊर्जा, ज्ञान, चरित्र और राष्ट्रनिष्ठा से होगा। उन्होंने नवाचार और उद्यमिता को अपनाकर समाज की चुनौतियों के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने राधिका धीमान की पुस्तक पूर्ण पुरुष सिक्खी के सूत्र तथा अमरदीप सिंह की पुस्तक मन बुद्धि का विकास सिक्खी के सूत्र का विमोचन भी किया। इससे पूर्व पंचनद शोध संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. बृज किशोर कुठियाला ने राज्यपाल को सम्मानित किया और विकसित भारत-2047 की अवधारणा पर अपने विचार रखे। साईं इटरनल फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य राज कुमार वर्मा तथा पंचनद शोध संस्थान के राष्ट्रीय सह-निदेशक प्रो. मनु सूद ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।





शिमला में पंचनद शोध संस्थान अध्ययन केंद्र के वार्षिक व्याख्यान का शुभारंभ और कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते राज्यपाल कविंद्र गुप्ता। अनंत ज्ञान

### ◆ राज्यपाल ने दो पुस्तकों का किया विमोचन

## न्यूज ब्रीफ

### रैत-नेरटी-कोहला मार्ग 8 से 30 जून तक रहेगा बंद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। डीसी हेमराज बैरवा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधिसूचना जारी की है कि मरम्मत कार्य के चलते शाहपुर उपमंडल के अन्तर्गत रैत-नेरटी-कोहला मार्ग 8 जून से 30 जून तक यातायात के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा। इस दौरान गाड़ियों की आवाजाही के लिए रैत-कुथार चौक , चुरथा रोड़, पुहर चुरथा तथा हरनेरा बडंज ततवाणी मार्गों का उपयोग किया जा सकता है।

### चामुखा-बंगाणा सड़क 10 से 9 जुलाई तक रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधिसूचना जारी की है कि परागपुर उपमंडल के अंतर्गत चामुखा से बंगाणा रोड के अपग्रेडेशन कार्य के चलते 10 जून से 9 जुलाई तक यह मार्ग हर प्रकार के यातायात के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा। इस दौरान गाड़ियों की आवाजाही के लिए निहारी से खैरन खड्ड रोड, शांतला से रक्कड़ रोड़, शांतला से बुधार रोड़ तथा तुतरू से कलोह मार्गों का उपयोग किया जा सकता है।

### कुलभाष ने किया नई पंचायत टीम का स्वागत



**अनंत ज्ञान, गगल।** ढुग्यारी पंचायत की प्रधान निशा देवी व वार्ड सदस्य वंदना देवी, सपना देवी,और चंचला देवी ने पूर्व जिला परिषद सदस्य कुलभाष चौधरी ने नई पंचायत के प्रतिनिधियों को हार पहनाकर किया स्वागत। कुलभाष चौधरी ने पंचायत के सभी सदस्यों से चर्चा की और आश्वासन दिया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की पंचायत में कोई समस्या होगी तो उसे तुरंत हल करेंगे।

# महाड़ गांव में भूकंप से दो मकान पूरी तरह असुरक्षित

## कई भवनों आई दरारें, एक मकान की दीवार एक फुट खिसकी

अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र की क्यारी पंचायत के महाड़ गांव में शुक्रवार रात आए भूकंप ने तबाही हुई है। आपदा में दो परिवारों के मकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिससे भवनों में गहरी दरारें आ गई हैं। मकानों के असुरक्षित होने के कारण प्रभावित परिवारों और स्थानीय ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। गांव के निवासी जिगरी राम (पुत्र धनी) के चार कमरों वाले पक्के व स्लेटपोश मकान को सबसे गंभीर क्षति पहुंची है। मकान की पिछली दीवार में गहरी दरार आ गई और वह करीब एक फुट पीछे की ओर खिसक गई है। इसके अलावा, छत को सहारा देने वाली लकड़ी की एक कैंची भी टूटकर



नीचे गिर गई। जिगरी राम ने बताया कि उनके परिवार में छह सदस्य हैं और चौड़ी दरारें आने के कारण मकान कभी भी गिर सकता है, जिससे वहां रहना जानलेवा हो चुका है। दूसरी ओर, डुमनू राम (पुत्र परखी राम) के पक्के मकान में भी भूकंप के कारण कई जगहों पर चौड़ी दरारें पड़ गई हैं। इस वजह से उनका भवन भी पूरी तरह असुरक्षित हो गया है और परिवार किसी अनहोनी के साये में जीने को मजबूर है। वहीं, दोनों प्रभावित परिवारों और ग्रामीणों ने प्रशासन से नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा देने की गुहार लगाई है। क्यारी पंचायत की प्रधान मंजू देवी ने प्रभावित मकानों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि नुकसान की रिपोर्ट तैयार कर नियमानुसार राहत प्रदान करने की प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाएगी।

## द्रोणाचार्य कॉलेज की छात्रा शिखा ने बीकॉम में झटका प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** द्रोणाचार्य कॉलेज रैत की मेधावी छात्रा शिखा ने स्नातक वाणिज्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 8.68 सीजीपीए प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है। शिखा की इस शानदार उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि



पूरे कॉलेज परिसर में खुशी और गर्व का माहौल है। वहीं महाविद्यालय प्रबंधक निदेशक जीएस पठानिया, कार्यकारिणी निदेशक बीएस पठानिया प्राचार्य प्रवीण शर्मा ने शिखा को बधाई दी और कहा कि शिखा को बधाई व शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कॉलेज की उत्कृष्ट शिक्षण प्रणाली और प्राध्यापकों के मार्गदर्शन की भी सराहना की, उन्होंने कहा कि कॉलेज प्रबंधन हमेशा ऐसे होनहार बच्चों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

## विशेष बच्चों के सशक्तिकरण में समाज की महत्वपूर्ण भूमिका : अनुराग शर्मा




हार्मनी डे केयर सेंटर में विशेष बच्चों के वार्षिक समारोह आयोजित।

अनंत ज्ञान

◆ **हार्मनी डे केयर सेंटर को 1 लाख देने की घोषणा की**

**ब्यूरो, धर्मशाला।** अप्पर बड़ोल स्थित हार्मनी डे केयर सेंटर में विशेष रूप से सक्षम बच्चों के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों से संवाद कर उनके प्रयासों और उपलब्धियों की सराहना की। सांसद ने कहा कि विशेष बच्चों के सशक्तिकरण में समाज की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि ये बच्चे अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। ऐसे बच्चों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी समाज के प्रत्येक वर्ग की है। उन्होंने हार्मनी डे केयर सेंटर को सांसद निधि से एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। भवन निर्माण संबंधी मांग को मुख्यमंत्री के समक्ष उठाने का आश्वासन दिया।

समारोह में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। प्रभावित होकर सांसद ने बच्चों को 21 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की। अंत में सेंटर प्रबंधन ने उन्हें शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

'अनंत ज्ञान' में खबर प्रकाशित होते ही अस्पताल प्रशासन ने लिया संज्ञान

# टांडा मेडिकल कॉलेज में पार्कों की सफाई शुरू




टांडा मेडिकल कॉलेज के पार्क में घास की कटाई करता कर्मचारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** टांडा मेडिकल कॉलेज में पार्कों की अव्यवस्था को लेकर उठी 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र में प्रकाशित खबर के बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पार्कों की सफाई और सुधार कार्य शुरू कर दिया है।

अस्पताल परिसर के पार्कों में लंबे समय से घास और गंदगी जमा थी, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी हो रही थी। कई स्थानों पर स्थिति इतनी खराब थी कि बैठने की जगह पर आवारा पशु दिखाई देते थे, जिससे लोगों में रोष था। मरीजों सुभाष चंद, मिलाप कुमार, कृष्ण कुमार, कुलभूषण कुमार, प्रदीप कुमार, मुस्कान घई सहित अन्य ने भी कई बार सुधार की मांग की थी। अब प्रशासन द्वारा पार्कों की सफाई और मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है, जिससे मरीजों और तीमारदारों में राहत और संतोष देखा जा रहा है। इस संबंध में मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. विवेक बुनियाल ने कहा कि अस्पताल के सभी पार्कों को व्यवस्थित करने का कार्य जारी है और आने वाले समय में मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए लगातार सुधार किए जाएंगे।

# सीबीएसई स्कूलों में नियुक्ति प्रक्रिया जल्द की जाए शुरू

अनंत ज्ञान

◆ **15 जून से पहले जारी करें लंबित पदोन्नति सूचियां**

**ब्यूरो, धर्मशाला।** 16 जून से डोर टू डोर जनगणना शुरू होने से पहले सीबीएसई स्कूलों के लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया पूर्ण की जाए। इसके अलावा 749 टीजीटी को प्रवक्ता और 600 टीजीटी को हेडमास्टर प्रमोशन की देने के लिए डीपीसी की जाए। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने शिक्षामंत्री, शिक्षा सचिव और स्कूल शिक्षा निदेशक से की है। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कहा कि 749 टीजीटी में डीम्ड रेगुलर शिक्षक सितंबर 2025 से अब तक प्रमोशन को तरस रहे हैं जिनकी डीपीसी के बाद आदेश जारी नहीं हुए हैं।

प्रिंसिपल प्रमोशन के बाद हेडमास्टर के 600 पद रिक्त हैं और विभाग के पास पात्र 600 टीजीटी कैडर को भी प्रमोट करने की प्रक्रिया अधर में है। ऐसे में शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री इस स्थिति का संज्ञान लें और अब इन लंबित पदोन्नति फाइल्स क्लीयर करवाएं। इसी तरह टीजीटी के फीडिंग कैडर भी दो साल से प्रमोशन को तरस रहे हैं। जेबीटी से टीजीटी और सी एन्ड वी से टीजीटी को 2 साल से प्रमोशन नहीं दी गई है जबकि इनका प्रमोशन पैनल 2 माह पहले जारी हुआ था और 15 फरवरी 2026 तक आपत्तियां आमंत्रित की गई थीं मगर आज तक उनको प्रमोशन नहीं दी गई है। आचार संहिता और वरिष्ठता विवाद के कारण इन सूचियों को होल्ड किया गया था मगर अब इनको शीघ्र जारी किया जाना चाहिए। इसमें शिक्षकों की जनगणना ड्यूटी को बाधा नहीं बनाया जा सकता है। हीर ने बताया कि जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 15 के तहत जनगणना कार्य में नियुक्त कर्मचारियों के सेवा हितों का संरक्षण किया गया है।

# धर्मशाला में एसडीएम ने नवनिर्वाचित 17 बीडीसी सदस्यों को दिलाई शपथ

◆ **स्वास्थ्य कारणों के चलते एक सदस्य नहीं पहुंचा**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** डीसी कार्यालय धर्मशाला में शनिवार को विकास खंड धर्मशाला की पंचायत समिति (बीडीसी) के नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान एसडीएम धर्मशाला मोहित रत्न ने पंचायत समिति के 18 में से 17 सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। एक सदस्य स्वास्थ्य कारणों के चलते समारोह में शामिल नहीं हो सके। कार्यक्रम में धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा भी विशेष रूप से मौजूद रहे।



धर्मशाला में शपथ लेते नवनिर्वाचित बीडीसी सदस्य। अनंत ज्ञान

एसडीएम ने बताया कि पंचायती राज अधिनियम की धारा 79 और 80 के तहत पंचायत समिति सदस्यों को शपथ दिलाई गई। साथ ही सभी सदस्यों को उनके अधिकारों और दायित्वों की जानकारी भी दी गई। पंचायत समिति में कुल 18 सदस्य हैं, जिनमें से एक सदस्य स्वास्थ्य संबंधी कारणों से उपस्थित नहीं हो सके। उन्हें बाद में नियमानुसार शपथ दिलाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि अधिकांश सदस्य पहली बार पंचायत समिति में चुने गए हैं तथा कई युवा प्रतिनिधियों का चुना जाना लोकतंत्र के लिए सकारात्मक संकेत है। विधायक सुधीर शर्मा ने सभी नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि पंचायत समिति और जिला परिषद पंचायतीराज व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ियां हैं। वर्तमान में चेयरमैन और वाइस चेयरमैन का चुनाव होना बाकी है और प्रशासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सुधीर शर्मा ने कहा कि 16वें वित्त आयोग के बाद पंचायत समितियों और जिला परिषदों की शक्तियों में और वृद्धि होने की संभावना है। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा अधिसूचना के माध्यम से किए गए कुछ बदलावों का भी उल्लेख किया।

## नैहरनपुखर में बिजली कटौती पर फूटा लोगों का गुस्सा आंदोलन की चेतावनी

**अनंत ज्ञान, गरली।** शनिवार को दिनभर चली बिजली कटौती के बाद नैहरनपुखर क्षेत्र में लोगों का गुस्सा खुलकर सामने आया। महिला मंडल की पदाधिकारी और सदस्य प्रधान नीलम राणा के नेतृत्व में एकजुट हुईं और बिजली विभाग के खिलाफ कड़ा रोष जताया। महिलाओं ने आरोप लगाया कि भीषण गर्मी के बीच लंबे बिजली कट लगाकर आम जनता को परेशान किया जा रहा है। महिलाओं का कहना है कि पूरे दिन बिजली न रहने से घरों में पानी की समस्या पैदा हो गई, जबकि बच्चों, बुजुर्गों और छोटे कारोबारियों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि यदि बिजली लाइनों की मरम्मत और तारों का बदलाव करना था तो यह कार्य सर्दियों के मौसम में भी किया जा सकता था। गर्मियों में घंटों की बिजली कटौती लोगों की मुश्किलें बढ़ा रही है। महिला मंडल प्रधान नीलम राणा ने कहा कि विभाग को जनता की समस्याओं की कोई चिंता नहीं दिख रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि लंबे बिजली कटों का शेड्यूल वापस नहीं लिया गया तो प्रागपुर और देहरा स्थित बिजली विभाग के कार्यालयों का घेराव किया जाएगा। महिलाओं ने मांग की कि मरम्मत कार्य इस तरह किए जाएं जिससे लोगों को कम से कम परेशानी हो। उन्होंने कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्र में बड़ा जनआंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह बिजली विभाग की होगी।

# महाराणा प्रताप इंटरनेशनल स्कूल ने बढ़ाया मदद का हाथ

## 20 वर्षीय पायल के जीवन को बचाने के लिए दिए 51,000 रुपए



अनंत ज्ञान

**नगरोटा बगवां।** समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए महाराणा प्रताप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने एक अत्यंत सराहनीय कदम उठाया है। विद्यालय के एमडी कुलदीप ठाकुर, मैनेजर सुभाष पठानिया और प्रिंसिपल ऐश्वर्या संब्याल के मार्गदर्शन में विद्यालय के सभी शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने सामूहिक रूप से योगदान देकर कांगड़ा (नगरोटा बगवां) की 20 वर्षीय बेटी पायल के जीवन को बचाने के लिए 51,000 रुपए की आर्थिक सहायता राशि दान की है। पायल का लीवर लगभग विफल हो चुका है और उसे जीवित रहने के लिए तत्काल 'लीवर ट्रांसप्लांट' की आवश्यकता है। पायल के पिता राज कुमार, जो कि एक दिहाड़ी मजदूर हैं, अपनी बेटी के इलाज में पूरी जमा-पूंजी पहले ही खर्च कर चुके हैं। पायल के इलाज के लिए कुल 15 लाख रुपए की आवश्यकता है, जिससे परिवार स्वयं को असमर्थ पा रहा था।

इस मानवीय पहल पर विद्यालय के एमडी कुलदीप ठाकुर, मैनेजर सुभाष पठानिया और प्रिंसिपल ऐश्वर्या संब्याल ने संयुक्त रूप से कहा कि शिक्षा के साथ-साथ जरूरतमंदों की सेवा करना विद्यालय का नैतिक कर्तव्य है। स्कूल प्रबंधन ने समाज के अन्य सक्षम लोगों से भी आग्रह किया है कि वे इस संकट की घड़ी में पायल की मदद के लिए आगे आएं।

# अनुशासन और देशभक्ति के मूल्यों को अपनाएं एनसीसी कैडेट्स : कुलबीर



एनसीसी प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर कुलबीर सिंह।

अनंत ज्ञान

◆ **प्रताप वर्ल्ड स्कूल में एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित**

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट में आयोजित एनसीसी संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण करने के लिए एनसीसी ग्रुप मुख्यालय अमृतसर के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर कुलबीर सिंह पहुंचे। शिविर में आर्मी एनुअल ट्रेनिंग कैंप और प्री-नौ सेना कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 350 से अधिक एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे हैं।

दौरे के दौरान ब्रिगेडियर कुलबीर ने प्रशिक्षण, आवास, सुरक्षा और कैडेट्स के कल्याण से जुड़ी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने ड्रिल, शारीरिक प्रशिक्षण, हथियार प्रशिक्षण और नेतृत्व विकास गतिविधियों में भाग ले रहे कैडेट्स का उत्साह और अनुशासन देखकर उनकी सराहना की। उन्होंने विशेष संवाद सत्र में कैडेट्स को संबोधित करते हुए अनुशासन, नेतृत्व, ईमानदारी और देशभक्ति के मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। वहीं, प्रताप वर्ल्ड स्कूल के निदेशक सनी महाजन और प्राचार्या शुभ्रा रानी ने उनके दौरे को प्रेरणादायक बताया। शिविर कमांडेंट कमांडर निशांत ने बताया कि शिविर कैडेट्स के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

## सिविल अस्पताल शाहपुर में हर्निया की सफल सर्जरी



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** सिविल अस्पताल शाहपुर में पहली बार सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न होने से क्षेत्र के लोगों में खुशी और उत्साह का माहौल है। अस्पताल में 65 वर्षीय एक मरीज, जो उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) से पीड़ित था, के बाईं ओर के इनगुइनल हर्निया का सफल ऑपरेशन किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. कविता ठाकुर ने बताया कि यह सर्जरी डॉ. दिव्या चौधरी (एनेस्थेटिस्ट) और डॉ. शल्लभ (सर्जन) की टीम द्वारा सफलतापूर्वक की गई। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन के दौरान अस्पताल के अन्य कर्मचारियों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्टाफ नर्स प्रियंका और आशा के साथ-साथ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी विक्रमजीत ने पूरी प्रक्रिया में सहयोग प्रदान किया। डॉ. कविता ठाकुर के अनुसार ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा और मरीज की स्थिति सामान्य एवं स्थिर है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि अस्पताल के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिससे भविष्य में स्थानीय स्तर पर और अधिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त होगा।



## न्यूज ब्रीफ

### पिकअप से अवैध शराब की 90 पेटी बरामद

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर पुलिस ने अवैध रूप से ले जाई जा रही 90 पेटी शराब की बरामद की है। एचएचओ प्रकाश ठाकुर ने बताया कि सुजानपुर के चौधरी सिद्धू राम चौक पर एक पिकअप गाड़ी जोकि पालमपुर की तरफ जा रही थी को जांच के लिए रोका गया, तो उसमें यह शराब बरामद की गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है तथा जांच जारी है।

### सुजानपुर व डोली में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** विद्युत उपमंडल सुजानपुर के तहत आने वाले क्षेत्रों में रविवार को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। 33 केवी सब-स्टेशन की मरम्मत तथा बिजली लाइनों के समीप पेड़ों की कटाई और छंटाई कार्य के चलते सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। इसके चलते बिजली कटौती सुजानपुर, डोली, भटोल, पलाही, टिक्कर, छौंटा, बड़ाला, बीड़ बगेहड़ा, चमियाना, पटलांदर, रंगड़, थाना धमडियाणा, रियाह, मैहल्लू, टीहरा, नलाही, जिआणा, जोल लम्बरी, आंसला, खेरी सहित आसपास के क्षेत्रों में रहेगी। सहायक अभियंता चंद्रकांत ठाकुर, विद्युत उपमंडल सुजानपुर ने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### सुजानपुर कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया विधिवत शुरू हो गई है। प्राचार्य डॉ. विभा ठाकुर ने बताया कि बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए और बीसीए प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थी 19 जून 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया महाविद्यालय के प्रवेश पोर्टल के माध्यम से पूरी की जाएगी। 13 जून तक विद्यार्थियों को आवेदन पत्र एवं दस्तावेज संबंधित समितियों में जमा करना होगा। 20 जून को शाम 5 बजे पहली मेरिट सूची जारी की जाएगी। चयनित विद्यार्थियों को 21 से 23 जून तक ऑनलाइन शुल्क जमा करना होगा। 12 से 19 जून तक एंटी-रैगिंग काउंसलिंग सत्र आयोजित किए जाएंगे। 28 जून से ओरिएंटेशन कार्यक्रम होगा और इसी दिन से नियमित कक्षाएं शुरू होंगी। द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थी भी 19 जून तक पंजीकरण एवं शुल्क प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

# पूल्ड कॉलोनी में चार दिन से सीवरेज सड़क पर

## चुप्पी साधे बैठा है विभाग; प्रशासनिक और न्यायिक अधिकारी भी इसी कॉलोनी के बाशिंदे, सफाई व्यवस्था फेल

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** शहर की पूल्ड कॉलोनी के बाशिंदे पिछले तीन-चार दिनों से बदबू और गंदगी झेलने पर मजबूर हैं। वजह यह है कि यहां सड़क के ज्यादातर हिस्से पर खुले में बह रही सीवरेज का कब्जा है।

राहगीर तो परेशान हैं ही, सड़क के दोनों तरफ रहने वाले लोग भी बदबू झेल रहे हैं। आते जाते वाहन इस सीवरेज के बीच से होकर जब गुजर रहे हैं तो छींटे दूर तक मार कर निकल रहे हैं। सुबह के समय हालात बेहद खराब दिखते हैं और यही स्थिति शाम के समय हो जाती है। दिन में थोड़ा सा ठहराव इसलिए हो जाता है, क्योंकि लोग अपने घरों से अपनी दिनचर्या के लिए रवाना हो जाते हैं, इसलिए सीवरेज का रिसाव कम हो जाता है, लेकिन बिडंबना यह है कि जल शक्ति विभाग के जिस विंग के पास इसकी देख-रेख का जिम्मा है, उसके कानों पर जूं तक क्यों नहीं रेंग रही। दरअसल में पूल्ड कॉलोनी के जिस इलाके में यह गंदगी फैली है, वहां तमाम लोग परेशान हैं। बगल में ठीक सामने कई प्रशासनिक अधिकारी भी रहते हैं। टाउन प्लानिंग के अधिकारी भी इन्हीं क्वार्टर्स का हिस्सा हैं।

न्यायिक प्रक्रिया से जुड़े हुए अधिकारी भी यहीं हैं। लेकिन तीन-चार दिन बीत जाएं और कोई गौर न हो, तो फिर ऐसा लगता है कि बिल्ली के गले में घंटी कौन बांधेगा, यह कहावत यहां लागू होती है, क्योंकि अधिकारियों के इलाके में ही यदि इसे दुरुस्त करने के लिए कोई नहीं पहुंच रहा, तो फिर बाकी इलाकों का क्या हाल होगा? महज इसी का अंदाजा लगाया जा सकता है। दर असल में यह सीवरेज बारिश के मौसम में एक बार ब्लॉक होती है फिर कई दिनों तक इसका रखाव बेहतर नहीं रहता। नीचे नाले के पास भी सीवरेज के होल भर जाते हैं और वहां से भी ओवरफ्लो सीवरेज हो जाता है।

अब यह बार-बार की बीमारी दुरुस्त कैसे होगी? खुद जल शक्ति विभाग के लोगों को भी पता नहीं है। क्योंकि सीवरेज जब डाली गई थी, ऐसी बुनियादी खामियां इसमें छोड़ दी गई हैं, जो बार-बार परेशान करती हैं। उनका निपटारा विभाग नहीं कर पा रहा। यही वजह है कि आए दिन सीवरेज बंद रहती है। अब बरसात का मौसम शुरू होने वाला है। इस तरह की स्थिति अक्सर देखने को मिलती रहेगी और लोग परेशानी झेलने को मजबूर रहेंगे। जल शक्ति विभाग के एसडीओ राकेश कुमार का कहना है कि इसे जल्दी ही दुरुस्त किया जाएगा। उनके ध्यान में किसी ने बात लाई नहीं।



गंदगी के बीच गुजरने को मजबूर लोग। अनंत ज्ञान



दुकानदार सुरेंद्र कुमार की दुकान के ठीक सामने से बह रही सीवरेज।

### हमीरपुर महाविद्यालय को 5 नए विषय शुरू करने की मिली अनुमति

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नेता जी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में दाखिला लेने वाले छात्रों को 5 नए विषय तीन वर्षीय स्नातक कर सकेंगे। जून से शुरू होने वाले शिक्षा सत्र में यह विषय पढ़ाए जाएंगे, जिसमें छात्र दाखिला ले सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत उच्च शिक्षा विभाग ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस राजकीय कॉलेज हमीरपुर को 27 विषयों शुरू करने की अनुमति दी है। इनमें 17 विषयों में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम के अंतर्गत ऑनर्स और ऑनर रिसर्च के साथ पाठ्यक्रम संचालित करने की अनुमति दी है। कॉलेज प्राचार्य डॉ सतीश सोनी ने जानकारी दी कि महाविद्यालय को चार वर्ष की आनर और रिसर्च के साथ करवाने की 4-6-2026 को स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस स्वीकृति से महाविद्यालय के विद्यार्थियों को चार वर्षीय ऑनर के साथ रिसर्च करने का भी अवसर मिलेगा जिस से विद्यार्थियों को शिक्षा,शोध और नवाचार और रोजगार के क्षेत्र में नए अवसर मिलेंगे।

# नादौन में नेशनल हाईवे पर सड़क हादसा एक महिला की मौत, 10 लोग घायल

## सभी लोग दियोटसिद्ध में माथा टेकने के बाद जा रहे थे ज्वालाजी मंदिर

अनंत ज्ञान

**नादौन।** नादौन में शुक्रवार रात को नेशनल हाईवे पर भूंपल पंचबटी सुकराला नाला के पास एक गंभीर सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई और 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस थाना नादौन की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को सिविल अस्पताल नादौन पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी गंभीर घायलों को मेडिकल कॉलेज टांडा रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब एक परिवार कार (इरिटिगा, नंबर डीएल 8सीबीसी-8542) में बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में माथा टेकने के बाद मां ज्वालाजी मंदिर जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही इनोवा कार (नंबर एचपी-55ए 9132) ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। इनोवा कार 19 वर्षीय चिराग पुत्र विपिन कुमार, लाहड़ कोटलू चला रहा था, जबकि दिल्ली से आ रही कार को 40 वर्षीय विजय कुमार आडवाणी चला रहे थे। दुर्घटना में पद्मा पत्नी विजय कुमार (60 वर्ष) की मृत्यु हुई। घायलों में विजय कुमार आहुजा, विनय कुमार आडवाणी, मानवी, गुल, वान्या, सान्या, सांची, माला, चिराग और अक्षित शर्मा शामिल हैं। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। डीएसपी गौरवजीत सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जांच की जा रही है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।



पंचबटी के पास हुआ दर्दनाक हादसा। अनंत ज्ञान

# डुंगवाड़ और बल्ह-मसंदा जंगल में आग से लाखों की वन संपदा राख

अनंत ज्ञान



**एसके ठाकुर, बड़सर।** उपमंडल बड़सर के तहत सोहारी के समीप डुंगवाड़ और बल्ह-मसंदा क्षेत्रों में जंगलों में आग लगने की दो घटनाएं सामने आई हैं। इन घटनाओं से वन विभाग को लाखों रुपए की वन संपदा का नुकसान हुआ है। आग की वजह से न केवल पेड़-पौधों और वन संपत्ति को क्षति पहुंची है, बल्कि जंगलों में रहने वाले दुर्लभ और कमजोर प्रजाति के जीव-जंतु भी इसकी चपेट में आ गए हैं।

पहली घटना डुंगवाड़ जंगल में हुई, जहां निजी भूमि पर झाड़ियों को जलाने के लिए लगाई गई आग तेज हवाओं के कारण फैलकर जंगल तक पहुंच गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन उपकेंद्र बिझड़ी की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। इस घटना में करीब 25 बीघा वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। स्थानीय निवासी रविंद्र पुरी और प्रदीप कुमार ने भी समय रहते आग पर काबू पाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। दूसरी घटना बल्ह-मसंदा संयुक्त वन परिक्षेत्र के चार नंबर बीट स्थित बागड़ी जंगल में हुई, जहां वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचा है। वन विभाग के अधिकारी दोनों मामलों की जांच कर रहे हैं। विभाग का मानना है कि आग मानवीय लापरवाही के कारण लगी है। अधिकारियों ने लोगों से फायर सीजन के दौरान आग जलाने से बचने और जंगलों की सुरक्षा में सहयोग करने की अपील की है। साथ ही चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# भलेठ विद्यालय को पर्यावरण संरक्षण पर मिला स्कूल लीडरशिप अवॉर्ड

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शिमला के रिज पर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी में हमीरपुर जिले के विद्यालयों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। इस अवसर पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर को पर्यावरण संरक्षण एवं जागरुकता गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान के लिए बेस्ट इको क्लब अवॉर्ड द्वितीय पुरस्कार में 20000 रुपए की राशि से सम्मानित किया गया।

इसी प्रकार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भलेठ को पर्यावरण संरक्षण पर स्कूल लीडरशिप अवॉर्ड में 50000 रुपए की राशि से सम्मानित किया गया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मटाहनी की छात्रा अक्षरा ठाकुर ने सीनियर वर्ग पेंटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 2000 रुपए का पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर की छात्रा कुमारी शुकराना को जूनियर वर्ग स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में 3000 रुपए का पुरस्कार प्रदान किया गया। राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सभी विजेताओं को सम्मानित किया तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने युवाओं से प्रकृति संरक्षण, स्वच्छता और हरित वातावरण के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। विशेष रूप से उन विद्यार्थियों को बधाई देता हूं जिन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा विभाग हमीरपुर कमल किशोर भारती ने विजेता बच्चों को बधाई दी। जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम ने भी बधाई देते हुए कहा कि विजेता बच्चों और इको क्लब प्रभारियों की यह सफलता जिला हमीरपुर के सभी स्कूलों के बच्चों व अध्यापकों को प्रेरणा स्रोत बनेगी।




शिमला में सीएम सुक्खू ने प्रदान किया अवॉर्ड। अनंत ज्ञान

# डीसी ने अधिकारियों से तलब की सभी योजनाओं की रिपोर्ट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डीसी गंधर्वा राठौड़ ने शनिवार को यहां हमीर भवन में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करके इन विभागों से संबंधित सभी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, शिक्षा, जल शक्ति, बिजली बोर्ड, कृषि, बागवानी, ग्रामीण विकास, लोक निर्माण और कई अन्य विभागों की योजनाओं की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि ये सभी योजनाएं प्रत्यक्ष रूप से आम लोगों से जुड़ी हुई हैं। इनके क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। उपायुक्त ने बताया कि सरकार नियमित रूप से इन योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रही है। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की आगामी बैठक में भी इनकी रिपोर्ट तलब की जाएगी। इसलिए, सभी संबंधित अधिकारी इन योजनाओं की रिपोर्ट अपडेट रखें।

# प्रतिभाशाली बच्चों को मिलेगा ऑनलाइन कोचिंग पैकेज: डीसी

## वीनस फाउंडेशन व फिजिक्सवाला के सहयोग से जिला प्रशासन ने की विशेष पहल

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने के लिए जिला प्रशासन ने स्वयंसेवी संस्था वीनस फाउंडेशन और ऑनलाइन कोचिंग संस्थान फिजिक्सवाला के सहयोग से एक विशेष पहल की है।

इस संबंध में शनिवार को यहां बचत भवन में आयोजित शिक्षा एवं ग्रामीण उद्यमिता सम्मेलन 'नवदिशा' में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के साथ संवाद के दौरान उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि जिला प्रशासन ने वीनस फाउंडेशन के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया है, जिसके तहत वीनस फाउंडेशन जिला हमीरपुर के चयनित प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को 11वीं कक्षा से फिजिक्सवाला का ऑनलाइन पैकेज निशुल्क उपलब्ध करवाएगी। डीसी ने कहा कि कड़ी प्रतिस्पर्धा के इस दौर में आजकल ग्रामीण क्षेत्रों के कई प्रतिभाशाली बच्चे सही गाइडेंस एवं कोचिंग के अभाव में जेईई एवं नीट जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छे रैंक हासिल नहीं कर पाते हैं। इसको देखते हुए जिला प्रशासन ने यह पहल की है। वीनस फाउंडेशन और फिजिक्सवाला के अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए उपायुक्त ने ऑनलाइन कोचिंग पैकेज के लिए चयनित विद्यार्थियों से कहा कि वे इस पैकेज का भरपूर लाभ उठाते हुए कड़ी मेहनत करें और जेईई एवं नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करें। इस अवसर पर वीनस फाउंडेशन की प्रमुख एकता चैधरी, टीम की अन्य सदस्यों दिव्या और स्वराल तथा फिजिक्सवाला के शिक्षक अमित कुमार ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कई विद्यार्थियों ने भी अपने विचार साझा किए।दोपहर बाद के सत्र में डीसी ने महिला स्वयं सहायता समूहों की उद्यमियों के साथ संवाद किया। वीनस फाउंडेशन की टीम ने महिला उद्यमियों एवं समूहों के उत्पादों का अवलोकन एवं मूल्यांकन किया। एकता चैधरी और अन्य विशेषज्ञों ने बताया कि वीनस फाउंडेशन इन महिला उद्यमियों के उत्पादों की मार्केटिंग में हरसंभव मदद करेगी।



महिला उद्यमियों के उत्पादों के बेहतर विपणन में मदद करेगी वीनस फाउंडेशन।

# बस्सी-तत्ताहर सड़क पर निर्माणाधीन 3 पुलों की धीमी रफ्तार से ग्रामीण चिंतित

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत बस्सी से तत्ताहर सड़क मार्ग पर निर्माणाधीन तीन पुलों का कार्य धीमी गति से चलने के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। बरसात का मौसम नजदीक होने से लोगों को आशंका है कि यदि समय रहते निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ तो इस मार्ग पर आवाजाही प्रभावित हो सकती है। जानकारी के अनुसार पहला पुल खड्ड बाजार के पास, दूसरा फगलोट में तथा तीसरा पुल डली के समीप बनाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य अपेक्षित गति से नहीं चल रहा है। ऐसे में बरसात शुरू होने पर सड़क संपर्क बाधित होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क कई गांवों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है, जिस पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। पुलों का निर्माण समय पर पूरा न होने की स्थिति में विद्यार्थियों, कर्मचारियों, मरीजों और आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। स्थानीय ग्रामीणों विनय, संतोष, पवन, आशीष, दिनेश कुमार, संजय कुमार, अमन, रीना, सुमना, रचना और ईशा सहित अन्य लोगों ने प्रशासन से निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की है। उनका कहना है कि बरसात से पहले पुलों का कार्य पूरा होना आवश्यक है ताकि क्षेत्र की संपर्क व्यवस्था प्रभावित न हो। इस संबंध में कनिष्ठ अभियंता लोक निर्माण विभाग अनुभाग भरेड़ी प्रवीण कुमार ने बताया कि विभाग निर्माण कार्य पर लगातार नजर बनाए हुए है और तीनों पुलों का निर्माण जल्द पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्य में तेजी लाई जा रही है ताकि बरसात के मौसम से पहले लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके।

# 1.40 ग्राम चिट्टे के साथ 5 तस्करों को किया गिरफ्तार, गाड़ी की सीज

## नादौन पुलिस को तरेटी स्कूल के पास मिली सफलता

अनंत ज्ञान

**सोनल, नादौन।** थाना नादौन की टीम ने तरेटी स्कूल के पास संदिग्ध हालत में बैठे 5 तस्करों को 1.40 ग्राम चिट्टे के साथ दबोच है। पकड़े गए आरोपियों में पंजाब के होशियारपुर और जालंधर के 2 तस्कर भी शामिल हैं।

पुलिस टीम तरेटी क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। हाई स्कूल तरेटी के पास सड़क किनारे 5 लोग संदिग्ध अवस्था में बैठे थे। पुलिस को देखकर उनके हावभाव बदले तो पूछताछ की गई। नशे में होने और टालमटोल करने पर गाड़ी एचपी 12एच-3004 की तलाशी ली तो 1.40 ग्राम चिट्टा बरामद किया। इसके अलावा पर्स से पहचान पत्र, नकदी और जले हुए नोट भी बरामद हुए, जिससे तस्करी की आशंका और पुख्ता हो गई। गाड़ी को भी सीज किया है। एसएचओ इंस्पेक्टर निर्मल सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज करके कुशल कुमार, गांव भूंपल नादौन, अंकित जलाड़ी, नादौन, पंकज कौड़ल, भड़ोली, कांगड़ा अमरजोत, होशियारपुर, पंजाब और तमन्ना, जालंधर, पंजाब को गिरफ्तार करके जांच शुरू कर दी है।



पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार आरोपी।

# 25 साल बाद फिर एक मंच पर जुटे एनआईटी हमीरपुर के पूर्व छात्र, सजी पुरानी यादों की महफिल

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर में वर्ष 1997-2001 के स्नातक बैच (12वें बैच) के पूर्व छात्रों के लिए रजत जयंती पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह विशेष अवसर उनकी स्नातक यात्रा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जिसमें देश और विदेश से बड़ी संख्या में पूर्व छात्र शामिल हुए।

सम्मेलन ने पूर्व छात्रों को अपने शिक्षण संस्थान, सहपाठियों, संकाय सदस्यों और संस्थान समुदाय से पुनः जुड़ने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व छात्रों ने एनआईटी हमीरपुर में बिताए अपने सुनहरे दिनों और यादगार अनुभवों को साझा किया। यह सम्मेलन केवल पुनर्मिलन का अवसर नहीं था, बल्कि संस्थान और उसके पूर्व छात्रों के बीच आजीवन संबंधों, साझा मूल्यों और गौरवशाली विरासत का उत्सव भी बना। वक्ताओं ने कहा कि संस्थान के पूर्व छात्र आज विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं और एनआईटी हमीरपुर का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित कर रहे हैं। 1997-2001 बैच के सदस्य उद्योग, शिक्षा, प्रशासन, उद्यमिता, अनुसंधान और सार्वजनिक सेवा जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। उनकी उपलब्धियां वर्तमान छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। सम्मेलन के दौरान पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए तथा संस्थान के विकास, अनुसंधान गतिविधियों, उद्योग-संस्थान सहयोग और छात्र मार्गदर्शन में योगदान देने की प्रतिबद्धता दोहराई। संस्थान प्रशासन ने पूर्व छात्रों को एनआईटी हमीरपुर का महत्वपूर्ण हितधारक बताते हुए उनके निरंतर सहयोग की सराहना की। रजत जयंती पूर्व छात्र सम्मेलन ने आपसी सहयोग, अपनेपन और संस्थान के प्रति साझा जिम्मेदारी की भावना को और मजबूत किया।

इस अवसर पर संस्थान ने सभी पूर्व छात्रों, विशेष रूप से 2001 स्नातक बैच के सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया।



1997-2001 बैच का रजत जयंती पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित।

# करसोग गांव में आग लगने से पशुशाला जलकर राख



विधायक रणजीत ने दिया हरसंभव मदद करने का आश्वासन।

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** गवारड्डु पंचायत के अंतर्गत करसोग गांव निवासी कमलेश कुमार की पशुशाला में अचानक आग लगने से काफी नुकसान हुआ है। आग लगने से पूरी पशुशाला जलकर राख हो गई, जिससे परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। इस घटना में एक भैंस भी गंभीर रूप से झुलस गई है। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह मौके पर पहुंचे और प्रभावित परिवार से मुलाकात कर घटना का जायजा लिया। विधायक ने संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने तथा पीड़ित परिवार को नियमानुसार हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। विधायक ने प्रभावित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस कठिन समय में वे परिवार के साथ खड़े हैं और सरकार एवं प्रशासन की ओर से हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने प्रशासन से घटना के कारणों की जांच करने तथा प्रभावित परिवार को शीघ्र राहत उपलब्ध करवाने को कहा। साथ ही घायल पशु के उपचार के लिए भी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

# साढ़े चार साल से अधूरा जाहू पशु चिकित्सालय भवन

## बजट आया पर आधा ही बन पाया भवन; दरवाजे-खिड़कियां भी नहीं लग पाई

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**जाहू।** जाहू में निर्माणाधीन पशु चिकित्सालय भवन का कार्य पिछले साढ़े चार वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। भवन पर लाखों रुपए खर्च किए जाने के बावजूद इसका निर्माण पूरा नहीं हो पाया है, जिसके कारण यह आधा-अधूरा भवन धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होता जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में तत्कालीन विधायक कमलेश कुमारी द्वारा पशु चिकित्सालय भवन के निर्माण के लिए बजट का प्रावधान किया गया था। इसके बाद भवन निर्माण कार्य शुरू हुआ और कमरों का निर्माण तथा प्लास्टर का कार्य भी पूरा कर लिया गया, लेकिन इसके बाद निर्माण कार्य बीच में ही रुक गया और भवन आज तक अधूरा पड़ा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भवन में अभी तक खिड़कियां और दरवाजे नहीं लगाए गए हैं। लंबे समय से निर्माण कार्य बंद रहने के कारण भवन की हालत लगातार खराब होती जा रही है। भवन परिसर के चारों ओर झाड़ियां उग आई हैं और रखरखाव के अभाव में सरकारी संपत्ति नुकसान झेल रही है। सूत्रों के अनुसार, निर्माण कार्य अधूरा छोड़कर ठेकेदार काम बंद कर चला गया था, जिसके बाद परियोजना आगे नहीं बढ़ सकी। चार वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भवन का निर्माण पूरा नहीं हो पाया है, जिससे क्षेत्र के पशुपालकों को अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

इस संबंध में विधायक सुरेश कुमार ने बताया कि पशु चिकित्सालय भवन का निर्माण कार्य अधूरा छोड़कर ठेकेदार चला गया था। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण को पूरा करने के लिए नई टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी तथा आवश्यक बजट का प्रावधान किया जाएगा, ताकि पशु चिकित्सालय भवन का निर्माण शीघ्र पूरा कर जनता को समर्पित किया जा सके।



जाहू पशु चिकित्सालय का आधा अधूरा भवन। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### बेसहारा पशु से टकराकर दो स्कूटी सवार घायल

**अनंत ज्ञान, महादेव।** महादेव ग्रामीण क्षेत्र से बैहली गांव से संपर्क करते मार्ग पर एक बेसहारा पशु से स्कूटी सवार के टकरा जाने से चालक सहित स्कूटी पर सवार एक अन्य बालक जो विद्यार्थी बताया जाता है घायल हो गए।स्कूटी चालक जो महादेव मार्ग से बैहली की ओर जा रहा था कि छुपावदार मोड़ पर अचानक बेसहारा पशु आ गया जिससे स्कूटी चालक टकरा गया। मामूली घायलों को सहारा देकर उन्हें गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया।

### श्री शीतला माता का वार्षिक मेला 10 से

**अनंत ज्ञान, महादेव।** निकटवर्ती भौण धार की दैवी शक्ति स्थली भगवती शीतला माता जिसे कालरात्रि के रुप में दूर-दूर तक माना पूजा जाता है का मेला बड़ी धार्मिक श्रद्धा एवं पारंपरिक तरीके से ज्येष्ठ माह के 28 प्रविष्टे को मनाया जाता है।कहा जाता है कि पुराने समय में माता को भैंसें (कटटू)की बलि चढ़ाकर लहू छींट की जाती थी और भैंसे की मृत देह को भौण धार से नीचे गहरे में लुढ़का दिया जाता था।कहा जाता है कि यह बलि प्रथा पूर्व सुकेत रियासत काल में अधिक प्रचलित थी और आगे चलकर बकरे की बलि भी चढ़ाई जाती रही है मुंडियों के ढेर लगे रहते थे जो माननीय न्यायालय के आदेश के बाद अब बंद है। दूर - दूर तक मशहूर शीतला भगवती की जातर में एक मन मिले का मिलन जहां दिखाई देता रहा है वहीं स्मृद्ध सांस्कृतिक परंपरा आज भी देखने को मिल जाती है जिसके लिए तमाम प्रबंधों को लेकर मंदिर कमेटी सदा तत्पर रहती है। श्री शीतला माता मंदिर कमेटी भौण के प्रधान राजकुमार शर्मा, वरिष्ठ उप प्रधान राज चौधरी व महासचिव बाल चंद वालिया ने अपने एक संयुक्त बयान में जानकारी देते हुए बताया कि शीतला माता का वार्षिक मेला 10 जून से लेकर 13 जून तक धार्मिक श्रद्धा एवं हर्षोल्लास से मनाया जाएगा।

### एनसीसी कैडेट्स ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



**अनंत ज्ञान, जंगमबाग।** बीबीएमबी प्रबंधन द्वारा संचालित बीएसएल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुंदर नगर में एनसीसी कैडेट्स ने विश्व पर्यावरण दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य महोदय ने सभी एनसीसी कैडेट्स को विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व के बारे में बताया और यह भी समझाया कि पेड़ों को लगाना और उनको संभालना हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है । स्कूल के एनसीसी अधिकारी अनिल गुलरिया ने भी बच्चों को विश्व पर्यावरण दिवस के बारे में जानकारी दी। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स ने स्कूल परिसर के पार्क में स्कूल की मालिन सपना के सहयोग से पेड़ों के रखरखाव के बारे में जानकारी प्राप्त की। सभी एनसीसी कैडेट्स ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सुंदर-सुंदर पोस्टर बनाए और स्लोगन लिखे। कार्यक्रम में स्कूल के डीपीई खेमराज , पीटीआई रमेश राणा , स्कूल के ड्राइंग मास्टर भूप सिंह एवं प्रवक्ता सुरेश शर्मा उपस्थित रहे। अंत में स्कूल के प्रधानाचार्य मनजीत सिंह नारंग एवं एनसीसी अधिकारी अनिल गुलेरिया ने बच्चों को विश्व पर्यावरण दिवस की बधाई दी और उन्हें रिफ्रेशमेंट वितरित की।

### विद्युत पेंशनर्स की समस्याएं हल करने की मांग

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश विद्युत पेंशनर्स फोरम इकाई सरकाघाट की बैठक वीरवार को इकाई अध्यक्ष मेहर चंद गारला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पेंशनर्स से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा सरकार के समक्ष लंबित मांगों को प्रमुखता से उठाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर हिमाचल प्रदेश सरकार से विद्युत पेंशनर्स की समस्याओं के प्रति सहानुभूतिपूर्वक विचार कर शीघ्र समाधान करने की मांग की गई। पेंशनर्स ने 1 जनवरी 2016 से 31 दिसंबर 2021 तक लंबित वित्तीय लाभों का भुगतान करने की मांग उठाई, जिसमें लीव इनकैशमेंट, ग्रेच्युटी तथा अन्य देय राशि शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 15 प्रतिशत महंगाई भत्ते की बकाया राशि का भुगतान, मेडिकल रिइम्बर्समेंट बिलों का शीघ्र निपटारा तथा 10 वर्ष पूर्ण कर चुके पेंशनर्स को 5 प्रतिशत और 65, 70 तथा 75 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पेंशनर्स को अतिरिक्त लाभ प्रदान करने की मांग भी रखी गई।

### अरुण राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन (आरजीपीआरएस) हिमाचल प्रदेश का राज्य उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर अरुण प्रकाश आर्य ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील पंवार, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार तथा आरजीपीआरएस के प्रदेश अध्यक्ष सचिन मिरूपा का आभार व्यक्त किया है। जारी बयान में उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर विश्वास जताते हुए जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उसके लिए वे सदैव कृतज्ञ रहेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन और पार्टी हित को सर्वोपरि रखते हुए वह अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे। अरुण प्रकाश आर्य ने कहा कि वरिष्ठ नेतृत्व के मार्गदर्शन, सहयोग और स्नेह से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि पंचायत स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने और जनसेवा से जुड़े कार्यों को गति देने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे। आर्य ने कहा कि संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को वह एक अवसर के रूप में देखते हैं और प्रदेश में संगठन की विचारधारा तथा जनकल्याणकारी गतिविधियों को मजबूत करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

### ई-टैक्सी के लिए 16 जून तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला रोजगार अधिकारी, मंडी अरविंद सिंह चौहान ने आज यहां बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा 'राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना-2023' के अंतर्गत युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने तथा हरित एवं स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ई-टैक्सी योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के लिए इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से 16 जून तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत ई-टैक्सी की खरीद पर पात्र लाभार्थियों को वाहन लागत का 50 प्रतिशत तक अनुदान (सब्सिडी) प्रदान किया जाएगा। योजना का उद्देश्य प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को स्थायी स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा हरित हिमाचल के निर्माण में युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करना है। योजना के लिए पात्रता के अनुसार आवेदक हिमाचल प्रदेश का स्थायी निवासी होना चाहिए। उसकी आयु 23 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। उसके पास वैध कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए। आवेदक का हिमाचल प्रदेश के किसी भी रोजगार कार्यालय में कम से कम एक वर्ष से पंजीकृत होना अनिवार्य है तथा उसकी वार्षिक पारिवारिक आय तीन लाख रुपये से कम होनी चाहिए।

# बगस्याड में एलएनटी मशीन से लदा ट्रक खाई में गिरा, चालक की मौत

## कांढी से 200 मीटर आगे हुआ हादसा, सरकाघाट के गैहरा का रहने वाला था संतोष

अनंत ज्ञान

**गोहर।** मंडी जिले के सराज क्षेत्र के बगस्याड के समीप शुक्रवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रक चालक की जान चली गई। बगस्याड़-शिकावरी सड़क पर एलएनटी मशीन लेकर जा रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सैकड़ों फीट गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में ट्रक चालक की मौके पर गंभीर रूप से घायल होने के बाद मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटना शुक्रवार रात करीब 10:45 बजे कांढी गांव के समीप हुई। ट्रक पर भारी-भरकम एलएनटी मशीन लदी हुई थी और वह शिकावरी की ओर जा रहा था। बताया जा रहा है कि सड़क की चौड़ाई कम होने तथा मार्ग की स्थिति खराब होने के कारण ट्रक में सवार दूसरा व्यक्ति वाहन से उतरकर चालक को रास्ता दिखाते हुए पैदल चल रहा था। इसी दौरान कांढी गांव से लगभग 200 मीटर आगे पहुंचते ही ट्रक अचानक संतुलन खो बैठा और गहरी खाई में लुढ़क गया।



एलएनटी मशीन, जिसे ट्रक पर लादकर ले जा रहा था चालक संतोष कुमार।

हादसे के समय ट्रक के पीछे एक कार भी चल रही थी, जिसमें स्थानीय निवासी तारा चंद सवार थे। दुर्घटना होते ही उन्होंने तत्काल कांढी गांव में सूचना देकर मदद बुलाई। सूचना मिलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। कठिन परिस्थितियों के बीच ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर चालक को खाई से बाहर निकाला और उपचार के लिए बगस्याड़ अस्पताल पहुंचाया। हालांकि अस्पताल में चिकित्सकों ने चालक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान संतोष कुमार (38) पुत्र हेम सिंह, निवासी गांव गैहरा, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई।

पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर सड़क की संकीर्णता और वाहन के संतुलन बिगड़ने को हादसे का संभावित कारण माना जा रहा है। इस हादसे के बाद क्षेत्र के लोगों ने बगस्याड़-शिकावरी सड़क की खराब स्थिति और संकीर्ण मार्ग को लेकर चिंता जताई है तथा प्रशासन से सड़क सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। मृतक के निधन से उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

# गणई में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला बागवानी कॉलेज के विद्यार्थी का शव

अनंत ज्ञान

**◆ औद्योगिकी एवं वानिकी कॉलेज थुनाग में कर रहा था पढ़ाई, जांच में जुटी पुलिस**

**सुनील शर्मा, गोहर।** गोहर उपमंडल की ग्राम पंचायत गणई में शुक्रवार सुबह एक छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पहचान देवन ठाकुर (25) पुत्र कुलदीप, निवासी गांव सुंगल, डाकघर सुंगल, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। वह औद्योगिकी एवं वानिकी महाविद्यालय थुनाग (गुड़ाहरी), गोहर का अंतिम वर्ष का छात्र था। जानकारी के अनुसार देवन ठाकुर गत फरवरी माह से गणई स्थित एक निजी मकान में किराये के कमरे में अकेला रह रहा था। शुक्रवार सुबह उसकी माता ने मकान मालिक को फोन कर बताया कि उनका बेटा फोन कॉल का जवाब नहीं दे रहा है तथा कमरे में जाकर उसकी कुशलक्षेम जानने का आग्रह किया। जब मकान मालिक ने कमरे का दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। दरवाजा अंदर से बंद था। बाद में दरवाजे को धक्का देने पर वह खुल गया, जहां देवन ठाकुर कमरे के भीतर मृत अवस्था में पाया गया।

घटना की सूचना तुरंत गोहर पुलिस को दी गई तथा मृतक के परिजनों को भी अवगत कराया गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी।

घटनास्थल पर औद्योगिकी एवं वानिकी महाविद्यालय थुनाग (गुड़ाहरी) के डीन पीएल शर्मा सहित महाविद्यालय के अन्य कर्मचारी भी पहुंचे। पुलिस ने फिलहाल मामले को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत मानते हुए जांच आरंभ कर दी है। मौत के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस अधीक्षक मंडी विनोद कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने से पहले मौत के कारणों को लेकर किसी भी प्रकार की अटकलें लगाना उचित नहीं होगा।

# मुख्यमंत्री का बयान लोकतंत्र व जनमत का अपमान : अमरू

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्य अमरु राम (खिलड़ा वार्ड) और रोशन लाल (डैहर वार्ड) ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा जिला परिषद एवं बीडीसी प्रतिनिधियों को लेकर दिए गए बयान की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि यह बयान न केवल जिला परिषद और बीडीसी सदस्यों, बल्कि उन्हें चुनने वाले लाखों मतदाताओं का भी अपमान है। संयुक्त बयान में दोनों नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है और जनता द्वारा चुना गया प्रत्येक प्रतिनिधि सम्मान का अधिकारी है। जिला परिषद सदस्य हजारों मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं तथा ग्रामीण विकास और स्थानीय समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे प्रतिनिधियों की गरिमा पर सवाल उठाना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री का यह बयान पंचायती राज चुनावों में कांग्रेस को मिली निराशा और हताशा का परिणाम है।



प्रदेश की जनता ने चुनावों में अपना स्पष्ट जनादेश दिया है, जिसका सम्मान किया जाना चाहिए। अमरु राम और रोशन लाल ने कहा कि लोकतंत्र में हार-जीत सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन जनादेश और जनप्रतिनिधियों का सम्मान करना हर राजनीतिक दल का दायित्व है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपने बयान पर पुनर्विचार कर पंचायत प्रतिनिधियों से माफी मांगने की मांग की।

# मंडी के पंचायत समिति सदस्यों ने ली शपथ

## सदर विधायक अनिल शर्मा और द्रंग के विधायक पूर्णचंद ठाकुर विशेष रूप से रहे उपस्थित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** विकास खंड सदर के भ्यूली स्थित सभागार में सदर मंडी में बीडीसी (पंचायत समिति) के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। पीठासीन अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी (ना.) सदर रुपिंदर कौर ने सभी 26 नवनिर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। सदर से विधायक एवं पूर्व मंत्री अनिल शर्मा तथा द्रंग के विधायक पूर्णचंद ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर रुपिंदर कौर ने सभी जनप्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्र के विकास तथा आम जनता की भलाई के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज प्रतिनिधियों की ग्रामीण विकास को गति देने और लोगों की समस्याओं के समाधान में अहम भूमिका रहती है।



कार्यक्रम के दौरान पंचायत समिति सदर मंडी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने सभी सदस्यों को पंचायती राज विभाग की कार्यप्रणाली तथा उनके दायित्वों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान प्रशासन की ओर से सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की कामना की गई।

### बल्ह के 23, धनोटू के 16 बीडीसी सदस्यों को दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, महादेव।** नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों (बीडीसी) को बधाई देने का बेहतर अवसर आया यानी शपथ समारोह का इंतजार कर रहे उत्साहित विकास खंड बल्ह के अंतर्गत आती 47 पंचायतों से संबंधित बीडीसी सदस्यों को शनिवार को शपथ दिलाई गई। विकास खंड बल्ह के खंड विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 बीडीसी सदस्यों को पंचायत समिति हाल में बल्ह की एसडीएम स्मृतिका नेगी ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। वहीं, विकास खंड धनोटू के अंतर्गत नवनिर्वाचित 16 बीडीसी सदस्यों को शनिवार को ग्राम पंचायत महादेव भवन के सभागार में आयोजित समारोह के दौरान पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। एसडीएम स्मृतिका नेगी ने सभी सदस्यों से जनहित में निष्पक्ष एवं जिम्मेदारीपूर्ण ढंग से अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया।

# पांवटा साहिब में पुलिसकर्मी से मारपीट करने वाले दोषियों पर हो कड़ी कार्रवाई

अनंत ज्ञान

**◆ सरकार और पुलिस महानिदेशक से सख्त कदम उठाने की मांग**

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश राज्य पुलिस पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन ने जिला सिरमौर के पांवटा साहिब में वर्दीधारी पुलिस कर्मी के साथ कथित दुर्व्यवहार और मारपीट की घटना पर गहरा रोष जताते हुए इसकी कड़े शब्दों में निंदा की है। एसोसिएशन के राज्य प्रधान चमन लाल भाटिया, वरिष्ठ उपप्रधान रामदेव ठाकुर, वरिष्ठ उपप्रधान मनोज वालिया, कोषाध्यक्ष रविंद्र अवस्थी तथा प्रेस सचिव कृष्ण चंद ठाकुर ने शनिवार को जारी संयुक्त बयान में कहा कि तीन जून को पांवटा साहिब में एक पुलिस कर्मी अपनी स्कूटी पर जा रहा था। इसी दौरान एक कार चालक कथित तौर पर मोबाइल फोन पर बात करते हुए लापरवाही से वाहन चला रहा था। पुलिस कर्मी द्वारा उसे सावधानी से वाहन चलाने की सलाह देने पर चालक ने कथित रूप से उसका रास्ता रोक लिया और बीच सड़क पर अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। बयान के अनुसार आरोपी ने पुलिस कर्मी के साथ हाथापाई की और उसके साथ मारपीट भी की। एसोसिएशन का आरोप है कि मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने स्थिति को शांत करने के बजाय घटना का वीडियो बनाया तथा पुलिस कर्मी के प्रति भी आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। पदाधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक स्थल पर वर्दीधारी पुलिस कर्मी के साथ इस प्रकार का व्यवहार न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि कानून व्यवस्था के प्रति गलत संदेश भी देता है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों के मनोबल को प्रभावित करती हैं और कानून के प्रति सम्मान की भावना को कमजोर करती हैं। एसोसिएशन ने प्रदेश सरकार तथा पुलिस महानिदेशक से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि कानून को हाथ में लेने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो इससे गलत प्रवृत्तियों को बढ़ावा मिल सकता है। एसोसिएशन ने बताया कि इस मामले को लेकर उसका एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपेगा तथा दोषियों के खिलाफ त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की मांग करेगा।

# घोषणा पत्र के जनहित मुद्दों पर शुरू हुई पहल : लेखराम

**अनंत ज्ञान, बैहना।** पंचायत प्रधान पद के पूर्व प्रत्याशी लेखराम गुलशन ने ग्राम पंचायत टिक्कर कलां के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा पंचायत चुनाव के दौरान जनता से किए गए वादों को अमलीजामा पहनाने की दिशा में पहल किए जाने पर खुशी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि उनके 43 सूत्रीय घोषणा पत्र की मद संख्या 30 और 31 में शामिल टिक्कर से बाड़ी-बनग्राम-खारसी तथा टिक्कर से नघरवाड़ी-मलवाणा सड़क की खस्ता हालत को सुधारने का मुद्दा लंबे समय से क्षेत्र की प्रमुख मांग रहा है। उन्होंने संतोष जताया कि ग्राम पंचायत टिक्कर कलां के प्रतिनिधिमंडल ने अधिशाषी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बल्ह मंडल नेरचौक से मुलाकात कर इस जनहित के विषय को प्रमुखता से उठाया है। लेखराम ने कहा कि चुनाव चाहे समाप्त हो चुके हों, लेकिन जनता से जुड़े मुद्दों का समाधान ही किसी भी जनप्रतिनिधि की वास्तविक परीक्षा होती है। उन्होंने नवनिर्वाचित प्रधान सुरेश शर्मा, उपप्रधान पूर्ण चंद यादव तथा सभी वार्ड सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए आग्रह किया कि चुनाव के दौरान स्थानीय लोगों से किए गए वादों को व्यवस्थित रूप से दस्तावेज के रूप में संकलित कर उनकी चरणबद्ध क्रियान्विति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और जनसमस्याओं के समाधान के लिए पंचायत प्रतिनिधियों को मिल-जुलकर कार्य करना चाहिए। गुलशन ने दोहराया कि पंचायत के माध्यम से किए जाने वाले सभी जनहित और विकास कार्यों में उनका पूरा सहयोग रहेगा तथा क्षेत्र के विकास से जुड़े हर सकारात्मक प्रयास का वे समर्थन करते रहेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई पंचायत जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए विकास कार्यों को गति देगी और क्षेत्र की लंबित समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाएगी।

# खलारडू में बुजुर्ग महिला की सतर्कता से बचीं कई जानें

अनंत ज्ञान

**◆ जलकर राख हुआ मकान, 5 परिवार बेघर**

**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की खलारडू पंचायत में शनिवार तड़के एक बुजुर्ग महिला की सतर्कता ने दस लोगों और कई मवेशियों की जान बचा ली। हालांकि इस दौरान आठ कमरों का स्लेटपोश मकान आग की भेंट चढ़ गया और पांच परिवार बेघर हो गए। रात करीब 2:30 बजे मकान की दूसरी मंजिल में सो रही लीला देवी की अचानक आंख खुली। खिड़की से बाहर झांकने पर उन्हें छत से उठती आग की लपटें दिखाई दीं। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए उन्होंने तुरंत अपनी साथी कौशल्या देवी और घर के अन्य सदस्यों को जगाया।

देखते ही देखते पूरा परिवार सुरक्षित बाहर निकल आया। परिवार के लोगों ने घर में बंधे मवेशियों को भी बाहर निकाल लिया। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने के प्रयास शुरू किए गए। टुल्लू पंपों के जरिए पानी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश की गई और आसपास के लोगों को भी सहायता के लिए बुलाया गया, लेकिन तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। मकान में रखा राशन, कपड़े, बिस्तर और अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया।

हादसे में कौशल्या देवी, कमला देवी, लीला देवी, सुभाष कुमार और दीप कुमार सहित पांच परिवार प्रभावित हुए हैं। स्थानीय पंचायत के नवनिर्वाचित प्रधान अशोक गुलेरिया ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया तथा प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता का भरोसा दिया। तहसीलदार मनीष कुमार ने बताया कि राजस्व विभाग ने मौके का निरीक्षण कर लगभग आठ लाख रुपये के नुकसान का आकलन किया है। ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रशासन से प्रभावित परिवारों को शीघ्र उचित मुआवजा और राहत प्रदान करने की मांग की है।

# रविदासी-वाल्मीकि समाज को प्रतिनिधित्व मिले तो मजबूत होगी कांग्रेस : चमन राही

अनंत ज्ञान

**◆ भाजपा को बूथ स्तर तक मजबूत पकड़ का मिला लाभ, कांग्रेस नेतृत्व को आत्ममंथन की जरूरत**

**ब्यूरो, मंडी।** अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने हाल ही में संपन्न पंचायती राज चुनावों के परिणामों का विश्लेषण करते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस को अपेक्षित सफलता नहीं मिलने के पीछे संगठनात्मक कमजोरियां और सामाजिक वर्गों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व न मिलना प्रमुख कारण रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बूथ स्तर तक अपनी मजबूत संगठनात्मक पकड़ और सक्रिय कार्यकर्ता तंत्र के बल पर चुनावों में बढ़त हासिल की। पन्ना प्रमुखों से लेकर मंडल पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं और विधायकों तक सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहे, जिसका लाभ भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को मिला।राही ने कहा कि दूसरी ओर कांग्रेस संगठन चुनावों के दौरान अपेक्षित रूप से सक्रिय नहीं दिखा। कई जिलों में अध्यक्षों की नियुक्ति के बावजूद कार्यकारिणियों का गठन समय पर नहीं हो पाया, जिससे जमीनी स्तर पर समन्वय और संगठनात्मक मजबूती का अभाव रहा। उन्होंने कहा कि मंडी सहित प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में रविदासी समुदाय, वाल्मीकि समाज तथा अन्य दलित वर्गों को उनकी भागीदारी और योगदान के अनुरूप प्रतिनिधित्व नहीं मिला। यदि इन वर्गों को संगठन में सम्मानजनक स्थान और जिम्मेदारियां दी जातीं तो पार्टी को बेहतर परिणाम मिल सकते थे। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से संगठन के पुनर्गठन के दौरान दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्गों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने की मांग की। राही ने कहा कि चंपा ठाकुर के खिलाफ कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा की गई टिप्पणियां दुर्भाग्यपूर्ण हैं। उन्होंने दावा किया कि कई मंत्रियों के निर्वाचन क्षेत्रों में भी कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा। उनके अनुसार यदि चुनावों से पहले कार्यकारिणियों का गठन कर संगठन को मजबूत किया गया होता तो सत्तापक्ष को इतना नुकसान नहीं उठाना पड़ता।

**खेतीबाड़ी** मक्की उत्पादन बढ़ाने के लिए एचपीसीडीपी-2 की नई पहल

# आरंग में किसानों ने सीखी वैज्ञानिक खेती

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (एचपीसीडीपी-II) जायका-ओडीए के अंतर्गत खंड परियोजना प्रबंधक इकाई मंडी द्वारा उपपरियोजना पधर के आरंग क्षेत्र में खाद्यान्न उत्पादकता कार्यक्रम के तहत मक्की की लाइन बुवाई का प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य किसानों को उन्नत एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से परिचित करवाना तथा फसल उत्पादकता में वृद्धि करना है।



कृषि विशेषज्ञ डॉ. पी.एल. शर्मा एवं डॉ. आर.के. शर्मा के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में यह प्रदर्शन किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि लाइन बुवाई पद्धति अपनाने से बीज की उचित मात्रा का उपयोग सुनिश्चित होता है। इसके अलावा पौधों की समान वृद्धि होती है तथा निराई-गुड़ाई, उर्वरक प्रबंधन और सिंचाई कार्य अधिक प्रभावी ढंग से किए जा सकते हैं। इससे उत्पादन लागत में कमी आने के साथ-साथ फसल की उत्पादकता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होती है। प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन के दौरान किसानों को उन्नत किस्मों के चयन, संतुलित उर्वरक उपयोग, खरपतवार नियंत्रण तथा फसल संरक्षण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्रदान की गईं। किसानों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और वैज्ञानिक खेती की तकनीक अपनाने में गहरी रुचि दिखाई।

इस अवसर पर डॉ. राजेश कुमार, खंड परियोजना प्रबंधक मंडी, डॉ. हंसराज, कृषि विकास अधिकारी, जायका परियोजना के अधिकारी एवं कर्मचारी, कृषक विकास संघ के पदाधिकारी, ग्राम पंचायत के प्रधान एवं उपप्रधान सहित क्षेत्र के अनेक किसान उपस्थित रहे।

# बीबीएमबी में दैनिक भोगी अंशकालिक कर्मचारियों को मिलेगा केंद्रीय वेतनमान

**अनंत ज्ञान, महादेव।** भाखड़ा ब्यास कर्मचारी यूनियन (एटक-एआईएफ) तथा कार्यरत कर्मचारियों के लंबे संघर्ष के परिणामस्वरूप भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) ने दैनिक भोगी, अंशकालिक (पार्ट-टाइम) और सीजनल कर्मचारियों पर केंद्रीय वेतनमान लागू करने का निर्णय लिया है। यूनियन लंबे समय से बीबीएमबी प्रबंधन के समक्ष यह मांग उठाती रही थी कि बोर्ड के सभी डेली वेज, पार्ट-टाइम और सीजनल कर्मचारियों को केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन का लाभ दिया जाए। यूनियन के संघर्षों और मुख्य श्रमायुक्त कार्यालय, नई दिल्ली में भाखड़ा ब्यास कर्मचारी यूनियन (एटक-एआईएफ) तथा बोर्ड अधिकारियों के बीच कई महीनों तक चली बैठकों के बाद बीबीएमबी प्रबंधन ने आधिकारिक पत्र जारी कर इस मांग को स्वीकार कर लिया है। इसके तहत अब सभी दैनिक भोगी, अंशकालिक और मौसमी कर्मचारियों पर केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित वेतनमान लागू होगा। यूनियन के उपमहासचिव रूपलाल धीमान तथा शाखा प्रधान मंगनी राम ने कहा कि अब संबंधित कर्मचारियों को केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित बढ़ी हुई मजदूरी और वेतन का लाभ मिलेगा। उन्होंने इसे कर्मचारियों के सामूहिक संघर्ष, एकजुटता और लंबे आंदोलन की ऐतिहासिक जीत बताते हुए कहा कि कर्मचारियों की अन्य लंबित मांगों को लेकर भाखड़ा ब्यास कर्मचारी यूनियन का संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।

वसंत ऋतु निश्चय ही रमणीय है। ग्रीष्म ऋतु भी रमणीय है। वर्षा, शरद, हेमंत और शिशिर भी रमणीय है, अर्थात सब समय उत्तम हैं।

–सामवेद

## संपादकीय

# पर्यावरण पर संकट

विश्व पर्यावरण दिवस पर हर वर्ष बड़े-बड़े संकल्प लिए जाते हैं, वृक्षारोपण अभियान चलाए जाते हैं और पर्यावरण संरक्षण के नारे गूंजते हैं। लेकिन वास्तविकता यह है कि धरातल पर पर्यावरण की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। प्रकृति बार-बार चेतावनी दे रही है, फिर भी मानव समाज विकास की अंधी दौड़ में पर्यावरणीय संतुलन को नजरअंदाज कर रहा है। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) की रिपोर्ट ने जो तस्वीर प्रस्तुत की है, वह बेहद चिंताजनक और भविष्य के लिए गंभीर संकेत देने वाली है। देशभर में जंगलों का लगातार कटान हो रहा है। वन केवल पेड़ों का समूह नहीं होते, बल्कि वे जल, मिट्टी, जैव विविधता और जलवायु संतुलन के आधार स्तंभ हैं। जंगलों के नष्ट होने से भूजल स्तर गिर रहा है, नदियों और जल स्त्रोतों का अस्तित्व संकट में पड़ रहा है तथा पारिस्थितिकी तंत्र असंतुलित होता जा रहा है। इसका सीधा प्रभाव मौसम पर दिखाई दे रहा है। वर्ष 2025 भारत के इतिहास में आठवें सबसे गर्म वर्ष के रूप में दर्ज हुआ। तापमान 1991 से 2020 के औसत से 0.28 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। कभी जनवरी और फरवरी को ठंड के महीने माना जाता था, लेकिन अब ये महीने भी सामान्य से अधिक गर्म रहने लगे हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि ग्लोबल वार्मिंग केवल एक वैज्ञानिक अवधारणा नहीं, बल्कि हमारे दैनिक जीवन की सच्चाई बन चुकी है।

सीएसई की रिपोर्ट के अनुसार, 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 21 में अधिकतम तापमान ने 124 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ा। यही नहीं, 21 राज्यों में 24 घंटे के भीतर हुई सर्वाधिक वर्षा के पुराने रिकॉर्ड भी टूट गए। यह बताता है कि मौसम का स्वभाव तेजी से बदल रहा है। वर्ष 2025 में भारत लगभग 99 प्रतिशत दिनों तक किसी न किसी प्रकार की चरम मौसमी घटना का साक्षी बना। कहीं भीषण गर्मी पड़ी तो कहीं अचानक बाढ़ और बादल फटने की घटनाएं हुईं। इन आपदाओं में 4,421 लोगों की जान चली गई और 1.74 करोड़ हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि प्रभावित हुई। यह केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि हजारों परिवारों की तबाही और करोड़ों लोगों की आजीविका पर पड़े गहरे घाव की कहानी है।

वायु प्रदूषण आज मानवता के सामने सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौती बनकर उभरा है। भारत में हर आठवां नागरिक किसी न किसी रूप में प्रदूषणजनित बीमारी से ग्रस्त है। पिछले एक दशक में पीएम 2.5 प्रदूषण के कारण होने वाली मौतों में 61 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारियां और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं अब कम उम्र में ही लोगों को प्रभावित कर रही हैं। चिंता की बात यह है कि 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं में भी हृदय रोग बढ़ रहे हैं। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में महिलाएं और लड़कियां पुरुषों की तुलना में अधिक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रही हैं।

जल संकट भी तेजी से गहराता जा रहा है। देश के कई हिस्सों में नदियां, झीलें, आर्द्रभूमियां और हिमनद गंभीर क्षति झेल रहे हैं। भूजल का अत्यधिक दोहन भविष्य के लिए बड़ा खतरा बन चुका है। पंजाब, हरियाणा और राजस्थान जैसे राज्यों में जितना भूजल निकाला जा रहा है, उसकी भरपाई प्रकृति नहीं कर पा रही है। परिणामस्वरूप आने वाले वर्षों में जल संकट और गंभीर हो सकता है। जलवायु परिवर्तन का सबसे बड़ा असर किसानों पर पड़ रहा है। असमय वर्षा, ओलावृष्टि और बदलते मौसम चक्र के कारण फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। किसानों की आय प्रभावित हो रही है और खाद्य सुरक्षा पर भी खतरा बढ़ रहा है। यह स्थिति केवल आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक स्थिरता के लिए भी चुनौती है।

पहाड़ी राज्यों में भी जलवायु परिवर्तन के प्रभाव स्पष्ट दिखाई देने लगे हैं। हिमाचल प्रदेश, जिसे कभी शीतल और संतुलित मौसम वाला प्रदेश माना जाता था, अब हीट वेव का सामना कर रहा है। मार्च 2026 की शुरुआत में ही राज्य के कई हिस्सों में असामान्य गर्मी दर्ज की गई। यदि यही प्रवृत्ति जारी रही तो भविष्य में हिमालयी क्षेत्रों का पारिस्थितिक संतुलन गंभीर रूप से प्रभावित होगा। हिमनदों के पिघलने, जल स्त्रोतों के सूखने और प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति बढ़ने का खतरा और अधिक बढ़ जाएगा।

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारतीय टेनिस के गौरव

**महेश भूपति** का जन्म 7 जून 1974 को बैंगलोर (कर्नाटक) में हुआ था। उनका पूरा नाम महेश श्रीनिवास भूपति है। भारतीय टेनिस के इतिहास में उनका नाम सबसे सफल युगल खिलाड़ियों में लिया जाता है। उनके पिता सीजीके भूपति स्वयं टेनिस खिलाड़ी और डेविस कप टीम के सदस्य रहे थे, जिससे महेश को बचपन से ही खेल का अनुकूल वातावरण मिला।



महेश भूपति
जन्म : 7 जून, 1974

महेश भूपति ने अपने करियर में विशेष रूप से लिएंडर पेस के साथ युगल मुकाबलों में अद्भुत सफलता हासिल की। वर्ष 1999 उनके करियर का स्वर्णिम वर्ष साबित हुआ, जब पेस-भूपति की जोड़ी ने फ्रेंच ओपन और विंबलडन चैंपियनशिप के पुरुष युगल खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। यह उपलब्धि हासिल करने वाली वे पहली भारतीय जोड़ी बनी। इसी वर्ष वे विश्व की नंबर एक युगल जोड़ी के रूप में भी स्थापित हुए।

महेश भूपति ने मिश्रित युगल (मिक्स्ड डबल्स) में भी कई ग्रैंड स्लैम खिताब जीते। वर्ष 2006 में उन्होंने मार्टिना हिंगिस के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता। अपने लंबे और सफल करियर में उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का गौरव बढ़ाया।

उनकी उपलब्धियों के सम्मान में भारत सरकार ने उन्हें 1996 में अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया तथा 2001 में लिएंडर पेस के साथ पद्मश्री प्रदान किया। एशियाई खेलों और डेविस कप में भी उन्होंने भारत का सफलतापूर्वक प्रतिनिधित्वकिया। महेश भूपति अपनी पेशेवर प्रतिबद्धता, शांत स्वभाव और उत्कृष्ट खेल कौशल के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने भारतीय टेनिस को विश्व स्तर पर नई पहचान दिलाई और आने वाली पीढ़ियों के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने। भारतीय खेल जगत में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।



कविता

## काश ! तुम रह जाते...

नमिता शर्मा, शिक्षिका

**क्या** होता गर तुम मेरी जगह रह जाते, मैं तुम्हारी जगह चली जाती
शायद तुम वो पीड़ा समझ पाते, वो दर्द तुम समझ पाते
जो दिन-रात मुझे हैं सताते, तुम झेल न पाते या शायद मुझसे बेहतर
संभाल पाते, तुम क्यों चले गए, मैं क्यों न गई
मुझसे ये बच्चे नहीं देखे जाते, हर पल अपने को मजबूत दिखाते
पर अंदर से खुद ही खुद से रहते लड़ते, मुझे बस अपना मजबूत होना
दिखाते, तुम रहते मेरी जगह, देखते फिर अपने मां-बाप का यूं बेगाना हो
जाना, शायद फिर ये तुम्हे और इन्हें भी अपनाते, मैं तो हुई न किसी की
तो क्यों न तुम मुझे भेज पाते और खुद रुक जाते
काश! तुम मेरी जगह होते और मैं तुम्हारी जगह जा पाती
तुम बच्चों के साथ रह जाते, ये तुम्हें अपने साथ पाते और तुम सब
मिलकर मुझे भुलाते, इसी बहाने कुछ तो अच्छा मुझमे भी सब देख पाते
क्या करूं अब कैसे करूं, क्यों नहीं तुम मुझे बतलाते
काश! तुम्हारी जगह तुम मुझे भेज पाते

# विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बेहद जरूरी



डॉ. तारा देवी सेन
वल्लभ कॉलेज, मंडी
विभागाध्यक्ष, वनस्पति शास्त्र

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आज का समय मानव सभ्यता के इतिहास का एक निर्णायक मोड़ है जहां एक ओर विकास की तेज रफ्तार है, तो दूसरी ओर प्रकृति के असंतुलन का बढ़ता खतरा। ऐसे परिदृश्य में, विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन साधना एक कठिन किंतु अनिवार्य दायित्व बन चुका है। वर्ष 2026 के विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए' एक साधारण नारा नहीं, बल्कि समय की पुकार है। यह हमें चेताती भी है और प्रेरित भी करती है कि अभी किए गए हमारे निर्णय ही आने वाले कल की दिशा तय करेंगे, क्योंकि यदि आज हम चूक गए, तो आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी।

**जलवायु परिवर्तन एक सच्चाई :** जलवायु परिवर्तन आज मानव सभ्यता के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। बढ़ता वैश्विक तापमान, अनियमित वर्षा, बाढ़, सूखा और ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना इसके स्पष्ट संकेत हैं। हिमालयी राज्यों में प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती घटनाएं पर्यावरणीय असंतुलन को दर्शाती हैं। इसका प्रमुख कारण प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन और बढ़ता उपभोक्तावाद है। महात्मा गांधी ने कहा था कि प्रकृति हर व्यक्ति की आवश्यकता पूरी कर सकती है, लेकिन किसी के लालच को नहीं। आज हम संरक्षण के बजाय उपभोग को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप स्वच्छ जल, शुद्ध वायु और हरित वन जैसे संसाधन संकट में पड़ गए हैं।

समय की मांग है कि हम संतुलित जीवनशैली अपनाएं, संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करें और पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाएं। यही सुरक्षित और सतत भविष्य का आधार है।

**पारंपरिक ज्ञान :** हमारे पूर्वज प्रकृति के साथ संतुलन और सामंजस्य में जीवन जीते थे। स्थानीय और मौसमी आहार, औषधीय जड़ी-बूटियों तथा जंगली खाद्य पौधों का उपयोग उनकी जीवनशैली का हिस्सा था। सुखाना, किण्वन जैसे पारंपरिक प्रसंस्करण तरीकों से वे प्राकृतिक संसाधनों का सीमित और संतुलित उपयोग करते थे।

आज जलवायु संकट के दौर में यह पारंपरिक ज्ञान अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकता है। देशी और जलवायु सहनशील फसलें जैसे बाजरा, कोदो और कुटकी कम पानी में उगती हैं और पोषण से भरपूर होती हैं। इसके साथ ही मोरिंगा, अश्वगंधा और अन्य औषधीय पौधे भी बदलते मौसम के प्रति अधिक अनुकूल हैं। जैविक खेती और मिश्रित कृषि की ओर बढ़ते कदम न केवल किसानों की आय बढ़ा रहे हैं, बल्कि खाद्य सुरक्षा और पर्यावरण संतुलन को भी मजबूत कर रहे हैं। यह दर्शाता है कि जलवायु संकट का समाधान पारंपरिक ज्ञान में ही निहित है।



**ईको-फ्रेंडली उत्पाद और आजीविका:** पारंपरिक ज्ञान पर आधारित ईको-फ्रेंडली उत्पाद आज पर्यावरण संरक्षण और आजीविका दोनों का मजबूत आधार बन सकते हैं। पत्तल-डोने, जड़ी-बूटी आधारित खाद्य व औषधीय उत्पाद, प्राकृतिक रेशों से बने हस्तशिल्प, ईको-फ्रेंडली आभूषण और घरेलू वस्तुएं न केवल पर्यावरण के अनुकूल हैं, बल्कि स्थानीय समुदायों, विशेषकर महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करते हैं। भारत की देव वन परंपरा संरक्षण का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। इन पवित्र वनों में वृक्षों की कटाई निषिद्ध होती है, जिससे जैव विविधता, जल स्त्रोत और स्थानीय जलवायु संतुलन सुरक्षित रहता है। यह केवल आस्था नहीं, बल्कि एक प्राकृतिक जलवायु शमन प्रणाली भी है।

इसी तरह पारंपरिक जल संरक्षण तकनीकें जैसे कूहल, नौला, धारा और वर्षा जल संचयन प्रणाली प्रकृति के साथ संतुलन का प्रतीक रही हैं। इन व्यवस्थाओं में सामुदायिक भागीदारी भी महत्वपूर्ण थी, जो संसाधनों के सतत उपयोग को सुनिश्चित करती थी।

आज इस बात की बेहद आवश्यकता है कि इन पारंपरिक प्रणालियों को आधुनिक विज्ञान के साथ जोड़कर पुनर्जीवित किया जाए, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सतत विकास और जल सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके।

**समुदाय की भूमिका :** जलवायु परिवर्तन से लड़ाई केवल सरकारों या वैज्ञानिकों की जिम्मेदारी नहीं है। इसमें हर व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है। जब स्थानीय समुदाय, स्वयं सहायता समूह किसान और युवा मिलकर कार्य करते हैं, तब जलवायु परिवर्तन के खिलाफ एक मजबूत आंदोलन खड़ा होता है। वृक्षारोपण और संरक्षण, प्लास्टिक का कम उपयोग, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना, पारंपरिक ज्ञान का संरक्षण, देव वनों का संरक्षण, देशी फसलों का पुनरुत्थान। जब समुदाय मिलकर कार्य करता है, तब छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव ला सकते हैं।

**आज का प्रयास, कल का भविष्य :** 'जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए' का वास्तविक अर्थ है-परंपरा और आधुनिकता के बीच संतुलन स्थापित करना।

यदि हम देव वनों की परंपरा, पारंपरिक ज्ञान और देशी फसलों को अपनाकर आगे बढ़ें, तो हम न केवल जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना कर सकते हैं, बल्कि एक स्वस्थ, समृद्ध और टिकाऊ भविष्य भी सुनिश्चित कर सकते हैं।

अब समय है कि प्रकृति के साथ चलने का, न कि उसके विरुद्ध। अब समय है कि हम केवल सोचें नहीं, बल्कि कार्य करें- प्रकृति के लिए, अपने लिए, और आने वाली पीढ़ियों के लिए।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण : जीवन और भविष्य की अनिवार्य आवश्यकता



वीरेन ठाकुर
भैला, जिला मंडी (हि.प्र.)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

प्राकृतिक जल स्त्रोतों का संरक्षण आज की सबसे महत्वपूर्ण पर्यावरणीय आवश्यकता है, क्योंकि जल की कमी एक गंभीर वैश्विक संकट का रूप ले चुकी है। नदियां, झीलें, तालाब, कुएं, बावड़ियां, झरने और भूजल जैसे प्राकृतिक जल स्त्रोत सदियों से मानव सभ्यता के विकास, कृषि, संस्कृति और जीवन का आधार रहे हैं, लेकिन वर्तमान समय में बढ़ती जनसंख्या, तेज शहरीकरण, औद्योगीकरण और पर्यावरण प्रदूषण के कारण इन स्त्रोतों पर गंभीर दबाव बढ़ गया है। अनेक नदियां प्रदूषित हो चुकी हैं, तालाब सूख रहे हैं और भूजल स्तर लगातार नीचे गिरता जा रहा है।

नदियां जल का सबसे प्रमुख स्त्रोत हैं, जो कृषि, सिंचाई, जल परिवहन और जल विद्युत उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। झीलें जल संग्रहण का प्राकृतिक माध्यम हैं और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में सहायक होती हैं। तालाब ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई और पशुओं के लिए जल उपलब्ध कराते हैं। कुएं और बावड़ियां भारत की प्राचीन जल प्रबंधन प्रणाली का उत्कृष्ट उदाहरण हैं, जिन्होंने सदियों तक जल संकट से बचाव किया।

पर्वतीय क्षेत्रों में झरने स्वच्छ और प्राकृतिक जल का स्त्रोत हैं, जबकि भूजल आज करोड़ों लोगों की पेयजल आवश्यकताओं को पूरा करता है। प्राकृतिक जल स्त्रोत जैव विविधता और पारिस्थितिक संतुलन के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। ये जल चक्र को बनाए रखते हैं, वर्षा प्रणाली को संतुलित करते हैं तथा तापमान और आर्द्रता को नियंत्रित करते हैं। साथ ही, ये वनस्पतियों और जलीय जीवों के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आर्थिक दृष्टि से जल स्त्रोत कृषि, मत्स्य पालन, उद्योग, पर्यटन और जल विद्युत उत्पादन के लिए आधारभूत संसाधन हैं। इसके अलावा गंगा, यमुना, नर्मदा और गोदावरी जैसी नदियों का भारत में धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी अत्यंत गहरा है।



आज जल स्त्रोतों के सामने कई गंभीर चुनौतियां हैं। औद्योगिक अपशिष्ट, घरेलू गंदगी, प्लास्टिक कचरा और रासायनिक पदार्थ जल को प्रदूषित कर रहे हैं। बढ़ती जनसंख्या के कारण जल की मांग तेजी से बढ़ रही है, जिससे प्राकृतिक स्त्रोतों पर अत्यधिक दबाव पड़ रहा है। भूजल का अत्यधिक दोहन, वनों की कटाई, अतिक्रमण और शहरीकरण के कारण प्राकृतिक जल निकाय नष्ट हो रहे हैं। परिणामस्वरूप जल संकट की स्थिति और अधिक गंभीर होती जा रही है।

इन समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी जल संरक्षण उपाय अपनाना आवश्यक है। वर्षा जल संचयन के माध्यम से भूजल पुनर्भरण किया जा सकता है। जल प्रदूषण पर नियंत्रण, वनीकरण, तालाबों और झीलों का पुनर्जीवन, तथा जल का विवेकपूर्ण उपयोग अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रिप सिंचाई और स्प्रिंकलर सिंचाई से जल की बचत संभव है। साथ ही लोगों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी आवश्यक है। भारत में जल संरक्षण की समृद्ध परंपरा रही है। राजस्थान और गुजरात की बावड़ियां, हिमाचल की कूहल प्रणाली तथा ग्रामीण क्षेत्रों के तालाब इस बात के उदाहरण हैं कि हमारे पूर्वज जल के महत्व को भली-भांति समझते थे। आज आवश्यकता है कि इन पारंपरिक प्रणालियों को आधुनिक विज्ञान के साथ जोड़कर पुनर्जीवित किया जाए।

कुल मिलाकर, कहा जा सकता है कि जल ही जीवन है। प्राकृतिक जल स्त्रोतों का संरक्षण केवल पर्यावरणीय आवश्यकता नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की अनिवार्य जिम्मेदारी है। इसलिए हमें जल का संरक्षण करना होगा, क्योंकि वास्तव में 'जल है तो कल है।'

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अकेलेपन की बढ़ती चुनौती और डिजिटल युग में मानवीय संबंधों का संकट



धर्म देवा
गांव धारना, जिला चंबा

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

मानव सभ्यता ने विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है, लेकिन इसके साथ ही एक गंभीर सामाजिक समस्या भी तेजी से उभरकर सामने आई है- अकेलापन। आज का युग डिजिटल क्रांति का युग है, जहां संचार अत्यंत तेज और आसान हो गया है, फिर भी मानवीय संबंधों की गहराई धीरे-धीरे कमजोर होती जा रही है। यह विरोधाभास आधुनिक समाज की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बन गया है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार अकेलापन और सामाजिक अलगाव अब केवल भावनात्मक अवस्था नहीं रहे, बल्कि एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट बन चुके हैं। यह मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ शारीरिक स्वास्थ्य पर भी गहरा प्रभाव डालता है और समय से पहले मृत्यु के जोखिम को भी बढ़ा सकता है। कुछ दशक पहले तक भारतीय समाज में संयुक्त परिवार व्यवस्था, मजबूत पड़ोस और सामुदायिक जीवन सामाजिक सुरक्षा का आधार थे। लोग एक-दूसरे के सुख-दुख में शामिल होते थे और संवाद जीवन का अभिन्न हिस्सा था, परंतु शहरीकरण, रोजगार के लिए पलायन और एकल परिवारों की बढ़ती प्रवृत्ति ने इस सामाजिक ढांचे को कमजोर कर दिया है। आज कई लोग भीड़ में रहते हुए भी स्वयं को अकेला महसूस करते हैं।

डिजिटल युग में सोशल मीडिया और स्मार्टफोन ने संचार को सरल बना दिया है, लेकिन इसके साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि वास्तविक संबंधों की जगह आभासी संबंध ले रहे हैं। लोग दिन का अधिकांश समय मोबाइल स्क्रीन पर बिताते हैं, जिससे परिवार के भीतर संवाद कम हो गया है। एक ही घर में रहते हुए भी लोग आपस में बात करने के बजाय अपने-अपने डिजिटल संसार में व्यस्त रहते हैं। परिणामस्वरूप भावनात्मक दूरी बढ़ती है और अकेलेपन की भावना जन्म लेती है। सोशल मीडिया पर दूसरों के जीवन की आदर्श और आकर्षक छवियाँ देखने से तुलना की प्रवृत्ति बढ़ती है, जिससे कई लोगों में असंतोष, आत्म-संदेह और मानसिक तनाव उत्पन्न होता है। धीरे-धीरे यह स्थिति व्यक्ति को मानसिक रूप से और अधिक अकेला बना देती है।



अध्ययनों के अनुसार अकेलापन अवसाद, चिंता, नींद की कमी, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप और प्रतिरक्षा प्रणाली की कमजोरी जैसी समस्याओं को बढ़ा सकता है। इसलिए यह केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि एक सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी गंभीर चुनौती बन चुका है।

भारत जैसे देश में, जहां पारंपरिक रूप से पारिवारिक और सामाजिक संबंध अत्यंत मजबूत रहे हैं, वहाँ भी यह समस्या तेजी से बढ़ रही है। शहरीकरण, रोजगार के अवसरों के कारण दूर रहना, और एकल परिवारों की संख्या में वृद्धि ने लोगों के बीच प्रत्यक्ष संवाद को कम कर दिया है। विशेष रूप से युवा पीढ़ी और बुजुर्ग इस समस्या से अधिक प्रभावित हो रहे हैं। इस चुनौती का समाधान तकनीक को अस्वीकार करने में नहीं, बल्कि उसके संतुलित और विवेकपूर्ण उपयोग में निहित है। परिवार के साथ नियमित समय बिताना, मित्रों और रिश्तेदारों से प्रत्यक्ष मुलाकात करना, सामुदायिक गतिविधियों में भाग लेना, और डिजिटल माध्यमों पर निर्भरता कम करना आवश्यक है। विद्यालयों और परिवारों को बच्चों में सहानुभूति, संवाद और सामाजिक संबंधों के महत्व को विकसित करने पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

बहरहाल, यह स्पष्ट है कि तकनीक मानव जीवन को सरल और सुविधाजनक बना सकती है, लेकिन वह मानवीय भावनाओं और संबंधों का विकल्प नहीं बन सकती। अकेलेपन की बढ़ती चुनौती हमें यह संदेश देती है कि वास्तविक विकास केवल तकनीकी प्रगति नहीं, बल्कि एक ऐसे समाज का निर्माण भी है जहां हर व्यक्ति स्वयं को जुड़ा हुआ, सुरक्षित और मूल्यवान महसूस करे। यही संतुलित और मानवीय भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पांवटा में कानून-व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द पर गंभीर चिंतन लाजिमी



ठाकुर हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

जिला सिरमौर का प्रमुख धार्मिक एवं औद्योगिक नगर पांवटा साहिब अपनी शांतिप्रिय छवि, धार्मिक आस्था और सामाजिक सौहार्द के लिए जाना जाता है। यह नगर सदियों से विभिन्न समुदायों के लोगों के सह-अस्तित्व और आपसी भाईचारे का प्रतीक रहा है, किंतु हाल के समय में कुछ घटनाओं ने स्थानीय शांति व्यवस्था और सामाजिक संतुलन पर प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए हैं, जिससे आम नागरिकों में चिंता का वातावरण देखा जा रहा है।

स्थानीय स्तर पर सामने आई एक घटना, जिसमें एक निजी औद्योगिक इकाई में कार्यरत बाहरी राज्य के व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक स्थान पर अनुशासनहीनता, अभद्र व्यवहार और पुलिसकर्मी के साथ कथित दुर्व्यवहार की बात सामने आई, ने जनमानस को आक्रोशित किया है। ऐसी घटनाएं केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं होतीं, बल्कि सामाजिक अनुशासन, नागरिक जिम्मेदारी और आपसी विश्वास से भी जुड़ी होती हैं। जब सार्वजनिक स्थान पर इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न होती है, तो यह समाज में सुरक्षा और भरोसे की भावना को प्रभावित करती है। पांवटा साहिब जैसे शांत और धार्मिक नगर में, जहां देश के विभिन्न राज्यों के लोग रोजगार और जीवनयापन के लिए निवास करते हैं, वहां सभी से अपेक्षा की जाती है कि वे स्थानीय कानून, परंपराओं और सामाजिक मर्यादाओं का सम्मान करें। किसी भी स्थिति में कानून से ऊपर कोई व्यक्ति नहीं हो सकता, और यदि कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई आवश्यक है। इससे न केवल न्याय सुनिश्चित होता है, बल्कि समाज में कानून के प्रति विश्वास भी मजबूत होता है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि किसी एक घटना के आधार पर किसी पूरे समूह या समुदाय को दोष देना उचित नहीं होता। ऐसे मामलों में निष्पक्षता और संवैधानिक प्रक्रिया का पालन अत्यंत आवश्यक है। समाज की शांति बनाए रखने के लिए भावनाओं पर नियंत्रण और तथ्य आधारित दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है।



साथ ही, यह भी एक सामाजिक प्रश्न है कि कई बार घटनाओं के समय उपस्थित लोग सक्रिय भूमिका निभाने के बजाय केवल दर्शक बने रहते हैं या वीडियो बनाने में व्यस्त हो जाते हैं। यह प्रवृत्ति सामाजिक जिम्मेदारी की कमी को दर्शाती है। नागरिकों को चाहिए कि वे ऐसी परिस्थितियों में उचित माध्यम से प्रशासन को सूचना दें और शांति बनाए रखने में सहयोग करें। प्रशासन की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसी भी घटना पर त्वरित, निष्पक्ष और पारदर्शी कार्रवाई से समाज में विश्वास बना रहता है। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए यह आवश्यक है कि पुलिस और प्रशासनिक तंत्र समय पर हस्तक्षेप करे और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए।

इसके साथ ही, स्थानीय नागरिक समाज, सामाजिक संगठन, मीडिया और जनप्रतिनिधियों की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है। संवाद, जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से ही दीर्घकालिक समाधान संभव है। सामाजिक तनाव को कम करने के लिए जिम्मेदार और संयमित सार्वजनिक विमर्श आवश्यक है, जिससे अफवाहों और गलतफहमियों को बढ़ावा न मिले। यह भी समझना आवश्यक है कि पांवटा जैसे बहु सांस्कृतिक नगरों में विविधता ही इसकी शक्ति है। विभिन्न राज्यों और संस्कृतियों के लोग यहां मिलकर कार्य करते हैं, जिससे आर्थिक और सामाजिक विकास संभव होता है। इसलिए आवश्यक है कि हम एक-दूसरे के प्रति सम्मान, सहिष्णुता और सहयोग की भावना बनाए रखें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## खूबसूरत अंदाज में निशानेबाज मनु भाकर

**भारतीय** स्टार निशानेबाज मनु भाकर को खेलों के अलावा घूमने का काफी शौक है। प्रतिभाशाली होने के साथ-साथ मनु भाकर अपनी खूबसूरती को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। सोशल मीडिया पर वह कई सालों से एक्टिव हैं और अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। उनकी अदाओं पर लाखों फैंस फिदा हैं।



## स्पोर्ट्स विंडो

## मीनाक्षी-दीपक विश्व मुक्केबाजी कप में भारतीय चुनौती की करेंगे अगुवाई

**एजेंसी, नई दिल्ली।** विश्व नंबर-1 मुक्केबाज़ मीनाक्षी और अनुभवी बॉक्सर दीपक 15 से 21 जून तक चीन के गुइयांग में होने वाले विश्व बॉक्सिंग कप 2026 (स्टेज-2) में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने पुरुष और महिला वर्ग के लिए अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का संतुलित दल घोषित किया है। भारत पिछले चरणों में कई पदक जीतने के बाद इस प्रतियोगिता में उतर रहा है और रैंकिंग में अपनी स्थिति मजबूत करने पर नजर रखेगा। महिला वर्ग में 51 किग्रा भार वर्ग की विश्व नंबर-1 मीनाक्षी टीम की कप्तानी करेंगी। उनके साथ पूनम, प्राची, माही लामा, सनेह, गीतिमोनी जी, सनमाचा सी, नैना और अल्फिया तरन्नुम अकरम खान पठान शामिल हैं। पुरुष वर्ग में दीपक (70 किग्रा) टीम का नेतृत्व करेंगे। उनके साथ ऋषि एस, निखिल, अनमोल, अभिनाश जमवाल, मालसावम्तलुआंगा, जुगनू, हर्ष चौधरी और सावन जी भारतीय चुनौती पेश करेंगे। बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि विश्व बॉक्सिंग कप खिलाड़ियों के लिए शीर्ष अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के खिलाफ अपनी क्षमता साबित करने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने भरोसा जताया कि भारतीय मुक्केबाज विभिन्न भार वर्गों में मजबूत प्रदर्शन जारी रखेंगे। वर्तमान में शीर्ष-10 खिलाड़ियों की संख्या के आधार पर भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है। महिला वर्ग में भारत दूसरे और पुरुष वर्ग में चौथे स्थान पर काबिज है। भारतीय टीम राष्ट्रीय शिविर में तकनीकी कौशल, फिटनेस और रणनीतिक तैयारी पर विशेष फोकस कर रही है। (अनंत ज्ञान)



## फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंचे फैबियो कोबोली



**एजेंसी, नई दिल्ली।** इटली के फैबियो कोबोली ने करियर में पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में जगह बनाई है। फ्रेंच ओपन 2026 के मेंस सिंगल्स सेमीफाइनल से पहले उनके विरोधी माटेओ अर्नाल्डी ने बीमारी के कारण नाम वापस ले लिया, जिससे कोबोली को वॉकओवर मिल गया। 10वें सीड कोबोली का सामना अब रविवार के खिताबी मुकाबले में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। ज्वेरेव ने चेक रिपब्लिक के याकूब मेन्सिका को हराया। इस जीत के साथ उन्होंने करियर में दूसरी बार रोलां गैरो के फाइनल में जगह बनाई। इटली के माटेओ अर्नाल्डी वायरल इन्फेक्शन (पेट की खराबी) के कारण अपने करियर के पहले ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल से हट गए। उन्होंने बताया कि तबीयत अचानक बिगड़ने से वे कोर्ट पर उतरने की स्थिति में नहीं थे। उनके हटने से कोबोली का फाइनल का रास्ता साफ हो गया। (अनंत ज्ञान)

## लॉर्ड्स टेस्ट के दूसरे दिन गिरे 17 विकेट, इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को दिया 254 रनों का टारगेट

**एजेंसी, लंदन।** लॉर्ड्स में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेला जा रहा टेस्ट मैच गेंदबाजों के नाम रहा। पहले दिन 16 विकेट गिरने के बाद दूसरे दिन भी बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आए और दिनभर में 17 विकेट गिरे। इंग्लैंड दूसरी पारी में एक समय मजबूत स्थिति में थी, लेकिन 11 गेंदों में 4 विकेट गंवाकर लड़खड़ा गई। इसके बावजूद टीम ने न्यूजीलैंड के सामने जीत के लिए 254 रनों का लक्ष्य रखा। इससे पहले इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड की पहली पारी 113 रन पर समेटकर 27 रन की बढ़त हासिल की। इसके बाद उसकी दूसरी पारी 226 रन पर सिमट गई, जिससे न्यूजीलैंड को जीत के लिए 254 रन का लक्ष्य मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत भी खराब रही। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक टीम 36 रन पर 3 विकेट गंवा चुकी थी। अब उसे जीत के लिए तीसरे दिन 218 रन और बनाने हैं, जबकि इंग्लैंड को 7 विकेट की जरूरत है। (अनंत ज्ञान)

### तिलक वर्मा उपकप्तान, वैभव सूर्यवंशी को मिली टीम में जगह

# टीम इंडिया की टी-20 टीम का ऐलान, श्रेयस अय्यर बने कप्तान



**एजेंसी, मुम्बई**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने श्रेयस अय्यर को भारतीय टी-20 टीम का नया कप्तान बनाया गया है। साथ युवा आतिशी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी राष्ट्रीय टीम में शामिल किया है। चयनकर्ताओं ने शनिवार को आयरलैंड, इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली आगामी टी-20 सीरीज के साथ एशियाई खेल के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी। श्रेयस अय्यर को टी-20 का नया कप्तान बनाया गया है। तिलक वर्मा उपकप्तान होंगे।

इसके अलावा 15 वर्षीय युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी को पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। उन्हें तीनों टीमों जगह मिली है। टीम में हर्षित राणा की भी वापसी हुई है, जिन्होंने आखिरी बार इस साल फरवरी की शुरुआत में कोई प्रतिस्पर्धी मैच खेला है। सूर्यकुमार यादव को टीम में जगह भी नहीं मिली है।

### आयरलैंड के खिलाफ भारतीय टी-20 टीम

**श्रेयस** अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, ईशान किशन, शिवम दुबे, तिलक वर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव और वैभव सूर्यवंशी।

### इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टी-20 टीम

**श्रेयस** अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), रवि बिश्नोई, अभिषेक शर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद सिराज, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, ईशान किशन, हर्षित राणा, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, शिवम दुबे, वरुण चक्रवर्ती, प्रिंस यादव और वैभव सूर्यवंशी।

### एशियाई गेम्स के लिए भारतीय टीम

**श्रेयस** अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), रवि बिश्नोई, अभिषेक शर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, जसप्रीत बुमराह, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, हर्षित राणा, ईशान किशन, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, शिवम दुबे, वरुण चक्रवर्ती और वैभव सूर्यवंशी।

# ताजिकिस्तान से पहला मैत्री फुटबॉल मैच हारा भारत



**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम को शुक्रवार रात तुर्सुनजोडा के टालको एरिना में खेले गए अंतरराष्ट्रीय मैत्री मुकाबले में ताजिकिस्तान के खिलाफ 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ भारत लगातार तीसरा अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच गंवा बैठा।

मुकाबले की शुरुआत से ही ताजिकिस्तान ने आक्रामक खेल दिखाया और नौवें मिनट में शरीद्दीन बोबोएव ने पेनाल्टी को गोल में बदलकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। भारतीय टीम पहले हाफ में ताजिकिस्तान की संगठित रक्षापंक्ति को भेदने में सफल नहीं हो सकी और मध्यांतर तक 0-1 से पीछे रही।

दूसरे हाफ में भारत ने बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश की, लेकिन ताजिकिस्तान ने खेल पर अपनी पकड़ और मजबूत कर ली। 61वें मिनट में मेखरुबोन करीमोव ने गोल कर बढ़त दोगुनी कर दी। इसके छह मिनट बाद एहसन पंजशानबे ने तीसरा गोल दागकर स्कोर 3-0 कर दिया।

भारत की ओर से मुकाबले के 88वें मिनट में फरुख चौधरी ने शानदार गोल कर अंतर कम किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और टीम हार से नहीं बच सकी। भारतीय टीम इस मुकाबले से पहले लंदन में आयोजित यूनिटी कप में भी दो हार झेल चुकी थी, जहां उसे जमैका से 0-2 और जिम्बाब्वे से 0-1 से पराजय मिली थी। यह मुकाबला भारत की आगामी महाद्वीपीय प्रतियोगिताओं की तैयारियों का हिस्सा था। मुख्य कोच खालिद जमील ने इस मैच का उपयोग टीम संयोजन परखने और खिलाड़ियों को मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अनुभव देने के लिए किया। भारत अब ताजिकिस्तान के खिलाफ दूसरा अंतरराष्ट्रीय मैत्री मुकाबला 9 जून को खेलेगा। (अनंत ज्ञान)

### महिला अंडर-18 एशिया कप

# कोरिया को हराकर भारत ने जीता कांस्य पदक

**एजेंसी, काकामिगाहारा (जापान)**



भारतीय अंडर-18 महिला हॉकी टीम ने शनिवार को तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में कोरिया पर 3-0 की शानदार जीत के साथ महिला अंडर-18 एशिया कप में कांस्य पदक अपने नाम किया। संदीप कुमारी ने (दूसरे), कप्तान स्वीटी कुजूर (16वें) और नौशीन नाज ने (33वें) मिनट में गोल किए और भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पोडियम पर अपनी जगह पक्की की।

सेमीफाइनल में चीन से शूटआउट में मिली करीबी हार के बाद वापसी करने के इरादे से उतरी भारतीय टीम ने शानदार शुरुआत की और शुरुआती दो मिनटों में ही बढ़त बना ली।

संदीप कुमारी दूसरे मिनट में गोलकर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई, जिससे मैच का माहौल भारत के पक्ष में बन गया। भारत ने गेंद पर अपना कब्जा बनाए रखा और अटैकिंग सर्कल में लगातार मौके बनाए। उनकी मेहनत 16वें मिनट में रंग लाई, जब कप्तान स्वीटी कुजूर ने (16वें) मिनट में मैदानी गोल करके भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया और टीम दूसरे क्वार्टर में बेहतर स्थिति में पहुंची। दो गोल की आरामदायक बढ़त के साथ, भारत ने ब्रेक के बाद भी खेल पर नियंत्रण बनाए रखा और 33वें मिनट में अपनी बढ़त को और बढ़ा दिया। टूर्नामेंट की टॉप स्कोरर नौशीन नाज ने (33वें) मिनट में शानदार मैदानी गोल करके अपना नाम स्कोरशीट में दर्ज कराया। इसके साथ ही टूर्नामेंट में उनके गोल की संख्या 12 हो गई और स्कोरिंग चार्ट में उनकी शीर्ष स्थिति और मज़बूत हो गई। पूरे मैच के दौरान भारत का डिफ़ेंस अनुशासित रहा; उन्होंने कोरिया को गोल करने का कोई साफ़ मौका नहीं दिया और साथ ही काउंटर-अटैक से लगातार खतरा पैदा किया। डिफ़ेंस यूनिट ने 'क्लीन शीट' बनाए रखी और भारत ने आसानी से बाकी मैच खेलकर कांस्य पदक अपने नाम किया। शानदार प्रदर्शन और शुरुआती गोल करने के लिए संदीप कुमारी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। (अनंत ज्ञान)

# प्रज्ञानानंद ने नॉर्वे चेस खिताब जीत रचा इतिहास

**एजेंसी, ओस्लो**



भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंद रमेशबाबू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नॉर्वे चेस 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया। अंतिम और 10वें राउंड में उन्होंने जर्मनी के विंसेंट कीमर को क्लासिकल मुकाबले में हराकर इतिहास रच दिया। वह इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं।

आखिरी राउंड से पहले प्रज्ञानानंद, अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो से आधा अंक पीछे थे, लेकिन निर्णायक जीत ने उन्हें सीधे शीर्ष पर पहुंचा दिया। इस जीत से उन्हें तीन अंक मिले और उनके कुल 18 अंक हो गए। वेस्ली सो ने अंतिम राउंड में अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ क्लासिकल मुकाबला ड्रॉ खेला और बाद में आर्मागेडन जीतकर अतिरिक्त अंक हासिल किए, लेकिन वह 17 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। अलीरेजा फिरोजा 15.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। अन्य प्रमुख मुकाबले में विश्व नंबर-1 मैग्नस कार्लसन ने मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश को क्लासिकल गेम में हराकर टूर्नामेंट का समापन जीत के साथ किया।

महिला वर्ग में बिबिसारा असाउबायेवा ने नॉर्वे चेस विमेंस 2026 का खिताब जीता। उन्होंने एक राउंड पहले ही खिताब सुनिश्चित कर लिया था और 16.5 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर रहीं। झू जिनेर 16 अंकों के साथ दूसरे और अन्ना मुजिचुक 15 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। अंतिम राउंड में महिला विश्व चैंपियन जू वेनजुन ने असाउबायेवा को हराकर उनके क्लासिकल मुकाबलों में अपराजेय रहने का सिलसिला समाप्त किया। वहीं झू जिनेर ने हम्पी कोनेरू और अन्ना मुजिचुक ने दिव्या देशमुख को हराकर पोडियम स्थान सुनिश्चित किए। (अनंत ज्ञान)

### टेस्ट मैच: पहले दिन टीम इंडिया का दबदबा

# राहुल-गिल का शतक, भारत ने बनाए 368/3

**एजेंसी न्यू चंडीगढ़**



भारत और अफगानिस्तान के बीच खेले जा रहे एकमात्र टेस्ट के पहले दिन टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्टंप्स तक 3 विकेट पर 368 रन बना लिए। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने सधी हुई शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। जायसवाल 24 रन बनाकर आउट हुए।

इसके बाद राहुल और साई सुदर्शन ने 139 रनों की अहम साझेदारी कर पारी को संभाला। राहुल ने 100 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि सुदर्शन 81 रन बनाकर आउट हुए। मध्यक्रम में कप्तान शुभमन गिल और ऋषभ पंत ने मोर्चा संभाला और अफगान गेंदबाजों को कोई सफलता नहीं लेने दी। दोनों ने चौथे विकेट के लिए नाबाद 121 रन जोड़े। गिल 103 रन बनाकर नाबाद हैं, जबकि पंत 50 रन पर क्रीज पर डटे हुए हैं। अफगानिस्तान की ओर से मोहम्मद सलीम ने दो विकेट लिए। दिन का खेल समाप्त होने तक भारत मजबूत स्थिति में पहुंच चुका है और दूसरे दिन बड़े स्कोर की ओर नजरें होंगी। (अनंत ज्ञान)

## अन्नामलाई की नई पार्टी से 10 घंटे में जुड़े 10 लाख लोग



**एजेंसी, चेन्नई।** तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष के अन्नामलाई की नई पार्टी 'इधु नम्मा इयक्कम' को शुरुआत में ही बड़ा जनसमर्थन मिलने का दावा किया गया है। अन्नामलाई के अनुसार, आंदोलन शुरू होने के 10 घंटे के भीतर 10 लाख से ज्यादा लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। अन्नामलाई ने इसे लोगों का आंदोलन बताते हुए कहा कि यह राज्य के भविष्य को लेकर साझा सोच और मिशन का प्रतीक है। अन्नामलाई ने 2 जून को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। इसकी चिट्ठी शुक्रवार को सामने आई थी।

अन्नामलाई के समर्थन में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष करु नागराजन ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा- मैंने और कई भाजपा नेताओं ने अन्नामलाई का समर्थन करने का फैसला किया है। (अनंत ज्ञान)

# बारामूला में सीआरपीएफ जवान समेत दो हिरासत में

**एजेंसी, बारामुला**

जम्मू-कश्मीर के बारामूला में पुलिस ने कनिस्पोरा क्षेत्र में देर रात नाका चेकिंग के दौरान एक कार को रोककर दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से एक 12-बोर राइफल और 50 कारतूस बरामद किए गए।

पुलिस के अनुसार, कनिस्पोरा-जाहामा क्रॉसिंग पर एसओजी बारामूला और 52 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) की संयुक्त टीम द्वारा चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान जम्मू पंजीकरण संख्या जेके02डीएन-6527 वाली एक बलेनो कार को रोका गया। वाहन में सवार दो व्यक्तियों की पहचान सिकंदर खान (32) पुत्र नजीर अहमद खान निवासी गिंगल उरी तथा वकील अहमद ठाकरी (40) पुत्र नूरदीन ठाकरी निवासी कमलकोट उरी के रूप में हुई।

**◆ हथियार व कारतूस बरामद**

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि वकील अहमद ठाकरी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में जवान के पद पर कार्यरत हैं। वह पहले 218 बटालियन, छत्तीसगढ़ में तैनात थे और हाल ही में उनका स्थानांतरण 237 बटालियन, राजस्थान में हुआ था। हालांकि, उन्होंने अभी तक नई तैनाती पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया था। वहीं, सिकंदर खान स्थानीय निवासी है। पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि दोनों आरोपित पिछले दो दिनों से वाहन लेकर इलाके में घूम रहे थे। चेकिंग के दौरान वाहन और उसमें सवार व्यक्तियों की तलाशी लेने पर एक 12-बोर राइफल और 50 कारतूस बरामद किए गए। (अनंत ज्ञान)

# बंगाल में मदरसों का सर्वे शुरू करने का निर्देश, 5 जुलाई तक मांगी रिपोर्ट

**एजेंसी, कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने प्रदेश के सभी मदरसों का सर्वे शुरू करने का निर्देश दिया है। नवान्न की ओर से सभी जिलाधिकारियों को पांच जुलाई तक जिलावार रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। रिपोर्ट में मदरसों से जुड़ी हर प्रकार की जानकारियां उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह कदम प्रशासनिक कार्यों और मदरसा शिक्षा की बेहतर योजना बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। रिपोर्ट के आधार पर छात्रों के हित में आवश्यक कदम उठाने, मदरसों के रखरखाव और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की योजना बनाई जाएगी।

सरकार का कहना है कि इस सर्वे से यह भी पता लगाया जा सकेगा कि कहीं किसी मदरसे में कोई अनियमितता या अवैध गतिविधि तो नहीं चल रही है। यदि किसी प्रकार की गड़बड़ी सामने आती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

हालांकि, राज्य सरकार ने यह भी आश्वासन दिया है कि इस सर्वे के आधार पर किसी मदरसे को बंद नहीं किया जाएगा और न ही छात्रों को पढ़ाई से वंचित किया जाएगा। मदरसों में वर्तमान की तरह शिक्षण कार्य जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि, कुछ दिन पहले राज्य के मदरसा शिक्षा विभाग ने निर्देश जारी कर सभी मदरसों में कक्षाएं शुरू होने से पहले प्रार्थना सभा के दौरान 'वंदे मातरम्' गाना अनिवार्य किया था। 19 मई को जारी इस निर्देश में कहा गया था कि प्रत्येक दिन विद्यालय की प्रार्थना सभा में 'वंदे मातरम्' का गायन किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## सीबीएसई 12वीं की वेरिफिकेशन व री-इवेल्यूएशन की बढ़ी अंतिम तारीख

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सीबीएसई ने 12वीं बोर्ड परीक्षा की आंसर शीट के वेरिफिकेशन और री-इवेल्यूएशन के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 6 जून से बढ़ाकर 7 जून कर दी है। बोर्ड के मुताबिक, यह फैसला छात्रों को ज्यादा समय देने और पोर्टल पर सामने आई तकनीकी समस्याओं को देखते हुए लिया है।

सीबीएसई ने 2 जून को पोस्ट-रिजल्ट दिक्कतों के लिए ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया था। इसके बाद कई छात्रों ने आंसर शीट देखने और वेरिफिकेशन, री-इवेल्यूएशन के लिए आवेदन करने के दौरान कई दिक्कत आने की शिकायत की थी। दूसरी तरफ बोर्ड ने पोर्टल पर साइबर हमलों के मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। दिल्ली पुलिस ने मामले जांच शुरू कर दी है। बोर्ड के अनुसार, 2 जून से शुरू हुए पोस्ट-रिजल्ट सर्विसेज पोर्टल पर पिछले तीन दिन में लगातार साइबर हमले किए गए, जिन्हें समय रहते रोक दिया गया। (अनंत ज्ञान)

### पुतिन-किम जोंग की नजदीकी से जिनपिंग की चिंता बढ़ी

# उत्तर कोरिया अब सिर्फ चीन के भरोसे नहीं

**एजेंसी, बीजिंग/प्योंगयांग**



चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अगले हफ्ते उत्तर कोरिया के दौरे पर जाएंगे और वहां किम जोंग उन से मुलाकात करेंगे। दोनों देशों के सरकारी मीडिया के मुताबिक यह यात्रा 8 से 9 जून तक होगी। जिनपिंग ने इससे पहले 2019 में प्योंगयांग का दौरा किया था। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब कुछ हफ्ते पहले ही जिनपिंग ने बीजिंग में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मेजबानी की थी। रूस और चीन दोनों ही उत्तर कोरिया की विदेश नीति में बेहद अहम भूमिका निभाते हैं।

कुछ साल पहले तक उत्तर कोरिया पर चीन का दबदबा था, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। यूक्रेन युद्ध के बाद रूस और उत्तर कोरिया की नजदीकी बहुत ज्यादा बढ़ गई हैं, यानी कि अब उत्तर कोरिया सिर्फ चीन के भरोसे नहीं है। चीन, उत्तर कोरिया का सबसे बड़ा आर्थिक और राजनीतिक साझेदार है। उत्तर कोरिया अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम और मानवाधिकार उल्लंघनों के आरोपों के कारण लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का सामना कर रहा है। ऐसे में चीन उसके लिए सबसे अहम सहारा बना हुआ है। चीन और उत्तर कोरिया के बीच करीब 1,400 किलोमीटर लंबी सीमा है। दोनों देशों के बीच रक्षा संधि भी है, जो चीन की किसी भी देश के साथ एकमात्र सैन्य संधि है। इस समझौते के तहत यदि किसी एक देश पर हमला होता है तो दूसरा उसकी मदद करेगा। इस साल इस संधि के 65 साल पूरे हो रहे हैं।

किम जोंग के लिए शी जिनपिंग की यह यात्रा बहुत महत्व रखती है। कोविड महामारी, अंतरराष्ट्रीय अलगाव और फिर यूक्रेन युद्ध में रूस का साथ देने के बाद उत्तर कोरिया खुद को पहले से ज्यादा मजबूत और प्रभावशाली दिखाने की कोशिश कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

# पर्यटन सीजन में बढ़ा कचरा दबाव, मनाली नप की सफाई व्यवस्था हांफी

## सड़क किनारे लगे कूड़े के ढेरों से पर्यटन नगरी की छवि हो रही धूमिल, पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय लोगों के लिए भी परेशानी का सबब बनी दुर्गंध

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में सफाई व्यवस्था को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। शहर के कई क्षेत्रों में कूड़े के ढेर, कचरे के उचित निस्तारण की कमी और बढ़ते पर्यटक दबाव के कारण स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही है। मनाली नगर परिषद की घर-घर से कूड़ा उठाने की योजना हांफती नजर आ रही है। कूड़े के ढेर से उठती दुर्गंध पर्यटकों के साथ-साथ आम नागरिकों के लिए भी परेशानी का सबब बन गई है।

बस अड्डे के पास लगे कूड़े के ढेर के नजदीक से लोग गुजरतें हैं, तो नाक में रुमाल रखकर जाना पड़ता है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ बस अड्डे के आसपास ही कूड़ा है, बल्कि मनाली से ढूंगरी तथा कांचनीकूट से अलेउ तक सड़क के किनारे कूड़े के ढेर मनाली में सफाई व्यवस्था की पोल खोल रहे हैं। पर्यटन सीजन होने से मनाली में कूड़े की मात्र दोगुनी हो गई है। कुछ होटल और रेस्तरां वाले रात के अंधेरे में कूड़ा खुले में फेंक देते हैं।



मनाली से ढूंगरी तथा कांचनीकूट से अलेउ तक सड़क के किनारे कूड़े के ढेर सफाई व्यवस्था की पोल खोल रहे। अनंत ज्ञान

### मनाली होटलियर्स एसोसिएशन ने जताई चिंता

**हाल** ही में मनाली होटलियर्स एसोसिएशन ने भी नगर परिषद के समक्ष शहर की बिगड़ती सफाई व्यवस्था पर चिंता जताई थी। उधर, रंगड़ी स्थित कचरा प्रबंधन स्थल पर पुराने कचरे (लेगेसी वेस्ट) की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। इस मामले पर माननीय उच्च न्यायालय ने भी चिंता व्यक्त की है और कचरा प्रबंधन की व्यवस्था पर सवाल उठाया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि पर्यटन सीजन में बड़ी संख्या में आने वाले पर्यटकों के कारण कूड़े की मात्रा बढ़ जाती है ऐसे में नगर परिषद को प्रभावी कदम उठाने चाहिए। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो मनाली की प्राकृतिक सुंदरता और पर्यटन छवि दोनों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। मनाली नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी करुण भरमोरिया ने कहा कि शहर को साफ-सुथरा रखने का हरसंभव पर्यास किया जा रहा है। पर्यटन सीजन के चलते मनाली में कूड़ा प्रबंधन में थोड़ी समस्या है। कुछ लोग रात के अंधेरे में सड़कों पर कूड़ा फेंक रहे हैं ।

### पर्यटन सीजन में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई : किशन



**पर्यावरणविद** किशन लाल ने कहा कि पर्यटन सीजन में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। जगह जगह कूड़े के ढेर पड़े रहेंगे तो मनाली की छवि खराब होगी और प्रदूषण भी बढ़ेगा । उन्होंने कहा कि कूड़ा कचरा प्रबंधन के लिए हर साल लाखों रुपए खर्च किया जाता है बावजूद इसके सफाई ठीक ढंग से नहीं हो पाती है ।

# विधायक सुधीर ने सीएम सुक्खू से मांगा स्पष्टीकरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने पूर्व सीपीएस एवं कृषि मंत्री प्रोफेसर चौधरी चंद्र कुमार के पुत्र नीरज भारती के सोशल मीडिया अकाउंट बंद होने के मामले पर प्रदेश सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि नीरज भारती का फेसबुक अकाउंट बंद किया गया है, साथ ही हिमाचल हाईकोर्ट के अधिवक्ता विनय शर्मा का भी सोशल मीडिया अकाउंट बंद होने की जानकारी सामने आई है। सुधीर शर्मा ने कहा कि यदि ऐसे कदम उठाए जा रहे हैं तो मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को इस पर सार्वजनिक रूप से स्पष्टीकरण देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी के भीतर ही असंतोष बढ़ रहा है और कई लोग मान रहे हैं कि न तो आम जनता के काम हो रहे हैं और न ही पार्टी के विधायकों के। विधायक ने यह भी कहा कि प्रदेश के संसाधनों का उपयोग कांग्रेस को मजबूत करने में किया जा रहा है, जो चिंता का विषय है और सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

# भुंतर में दोस्त को बचाने के लिए ब्यास नदी में कूदा युवक, मौत

## फोटो लेने के चक्कर में हुआ हादसा, बचावकर्ता युवक नहीं लौट सका किनारे

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** भुंतर के समीप ब्यास नदी में 21 वर्षीय युवक ने अपने साथी की जान बचाने के प्रयास में अपनी जान गंवा दी। जानकारी के अनुसार, पंजाब से कुछ युवक अपने रिश्तेदारों के पास भुंतर घूमने आए हुए थे। शुक्रवार शाम वे ब्यास नदी के किनारे फोटो खिंचवा रहे थे।



इसी दौरान एक युवक का पैर फिसल गया और वह नदी के तेज बहाव में बहने लगा। अपने साथी को संकट में देख स्थानीय युवक सुमित (21) पुत्र रवि निवासी भुंतर बिना देर किए उसे बचाने के लिए नदी में कूद पड़ा। हालांकि, बचाव के दौरान नदी के तेज बहाव और गहराई के कारण सुमित खुद पानी में बह गया। घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए कड़ी मशक्कत के बाद डूब रहे युवक गौरव (17) पुत्र गुरपाल, निवासी लुधियाना (पंजाब) को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। गौरव को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची तथा लापता युवक की तलाश शुरू की गई। शनिवार सुबह सुमित का शव नदी से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। एसपी कुल्लू मदन लाल कौशल ने बताया कि एक युवक को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि सुमित की नदी में डूबने से मौत हो गई। प्रशासन और पुलिस ने पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों से ब्यास तथा पार्वती नदी के किनारों पर सावधानी बरतने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि गर्मियों में पहाड़ों पर बर्फ पिघलने के कारण नदियों का जलस्तर अचानक बढ़ जाता है। ऐसे में नदी किनारे जाने, सेल्फी लेने या पानी के करीब जाने से बचना चाहिए।

# ब्यास किनारे पर्यटकों की लापरवाही बन रही जानलेवा

## स्थानीय लोगों ने उठाई मांग, संवेदनशील जगहों पर पुलिस और होमगार्ड जवानों की बढ़ाई जाए तैनाती

अनंत ज्ञान

**मनानी।** मनाली घूमने आए पर्यटकों की लापरवाही एक बार फिर जानलेवा साबित हो सकती है। ब्यास नदी की तेज और उफनती धारा के बावजूद लोग रायसन, आलू ग्राउंड और वशिष्ठ चौक पर सेल्फी और रील बनाने के चक्कर में नदी के बिल्कुल किनारे तक पहुंच रहे हैं। प्रशासन ने पर्यटकों से विशेष अपील की है कि वे नदी से उचित दूरी बनाकर रखें।

स्थानीय लोगों का कहना है कि ब्यास नदी दूर से देखने में जितनी शांत और मनमोहक लगती है, उतनी ही अंदर से खतरनाक है। पहाड़ों से बर्फ पिघलकर आने वाले बर्फीले पानी का बहाव इतना तेज होता है कि कुछ ही सेकंड में व्यक्ति बह सकता है। ठंडे पानी में कुछ मिनट रहने पर शरीर सुन्न पड़ जाता है और संतुलन पूरी तरह बिगड़ जाता है। रायसन से मनाली तक जगह-जगह पर्यटकों को नदी की चट्टानों पर खड़े होकर फोटो खींचते और वीडियो बनाते देखा जा रहा है। हाल ही में भुंतर में ब्यास नदी के बहाव में आने से एक व्यक्ति की मौत भी हो चुकी हैद्य ब्यास नदी के किनारे खेलना प्रशासन ने इसे 'जान से खेलना' करार देते हुए कहा है कि ऐसी लापरवाही से हादसों का खतरा बढ़ जाता है। इस से पहले भी कई पर्यटक ब्यास की तेज बहती लहरों में अपनी जान गंवा चुके हैं।


चट्टानों पर खड़े होकर फोटो खींचना बना गंभीर सुरक्षा चुनौती। अनंत ज्ञान

### प्रशासन का पर्यटकों से आग्रह, ब्यास के किनारे न जाएं

**प्रशासन** ने पर्यटकों से आग्रह किया है कि वे ब्यास नदी के समीप न जाएं और केवल सुरक्षित दूरी से ही इसकी सुंदरता और ठंडक का आनंद उठाएं। बच्चों और बुजुर्गों को नदी किनारे ले जाने पर विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। साथ ही शराब पीकर नदी के पास जाने पर भी सख्त मनाही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और पुलिस से आग्रह किया है कि होम गार्ड और पुलिस की टीमें संवेदनशील स्थानों पर तेनात किए जाएं। प्रशासन ने कई जगह पर ब्यास नदी के किनारे न जाने के बोर्ड भी लगाए हुए हैं, मगर पर्यटक जान जोखिम में डाल कर अभी भी ब्यास नदी में अठखेलिया करते नजर आ रहे हैं।

# वंदना चड्ढा बनीं डलहौजी नगर परिषद की अध्यक्ष

## रीना जरियाल को मिली उपाध्यक्ष की कुर्सी, शपथ ग्रहण समारोह में आशा कुमारी भी रही मौजूद

अनंत ज्ञान

**अजीत सिंह, डलहौजी।** डलहौजी नगर परिषद में चल रहा सियासी घमासान खत्म हो गया। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव में चड्ढा खेमे ने 5 साल बाद जोरदार वापसी की है। वंदना चड्ढा को सर्वसम्मति से नगर परिषद डलहौजी का नया अध्यक्ष चुना गया, जबकि रीना जरियाल उपाध्यक्ष बनीं। नतीजे आते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और शहर में ढोल-नगाड़े बजने लगे।

नगर परिषद के चुनाव में लंबे समय से चल रही खींचतान का अंत वंदना चड्ढा की जीत के साथ हुआ। 5 साल बाद चड्ढा खेमे की परिषद में वापसी को बड़ी सियासी जीत माना जा रहा है। जीत के बाद वंदना चड्ढा ने पूरे डलहौजी नगरवासियों का आभार जताया और कहा कि 'ये कुर्सी नहीं, जिम्मेदारी है। डलहौजी के विकास के लिए दिन-रात एक कर दूंगी।


अध्यक्ष पद के चुनाव में चड्ढा खेमे ने 5 साल बाद जोरदार वापसी की। अनंत ज्ञान

### आशा कुमारी बोलीं- 'जनता ने दिया करारा जवाब'

**शपथ** ग्रहण के मौके पर पूर्व शिक्षा मंत्री आशा कुमारी भी विशेष रूप से मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि 'ये सिर्फ वंदना चड्ढा की नहीं, डलहौजी के हर उस नागरिक की जीत है जो विकास चाहता है। जनता ने बता दिया कि अफवाहों से नहीं, काम से सरकार बनती है।' इस अवसर पर जीते हुए उम्मीदवार तिलक राज, प्रवीण कुमार, वंदना कुमारी के साथ मनोज चड्ढा, अनिल मेहता, परमजीत सिंह, अजय ठाकुर, विक्रम जरियाल, हरप्रीत मोनू सहित शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने नई अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को फूल मालाएं पहनाकर बधाई दी।

### वंदना का वादा, 'सड़क, सफाई सीवरेज पर होगा पहला काम'

**नवनिर्वाचित** अध्यक्ष वंदना चड्ढा ने कहा कि उनकी प्राथमिकता डलहौजी की टूटी सड़कें, सफाई व्यवस्था और सीवरेज सिस्टम को दुरुस्त करना होगा। 'पर्यटन नगरी की शान तभी बचेगी जब बुनियादी सुविधाएं मजबूत होंगी। हर वार्ड में जाकर लोगों की समस्या सुनूंगी।' वहीं, नई उपाध्यक्ष रीना जरियाल ने कहा कि परिषद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और महिला स्वयं सहायता समूहों को मजबूत करने पर काम होगा। 'डलहौजी की बेटियां अब फैसले लेंगी। डलहौजी नगर परिषद का सियासी घमासान खत्म। वंदना चड्ढा अध्यक्ष, रीना जरियाल उपाध्यक्ष चुनी गईं। 5 साल बाद चड्डा खेमे की वापसी। पूर्व शिक्षा मंत्री रहीं मौजूद। वंदना चड्डा ने विकास का किया वादा। समर्थकों में जश्न।

# पंचकर्म और पैरा सर्जिकल प्रोसिजर्स पर फोकस: डॉ. इंदु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** आयुष विभाग में सेवाओं को बेहतर से बेहतरीन बनाने पर काम किया जा रहा है, जिसके तहत जहां पंचकर्म और पैरा सर्जिकल प्रोसिजर्स पर फोकस किया जा रहा है, क्योंकि पैरा सर्जिकल प्रोसिजर जल्द राहत देने वाला ट्रीटमेंट है। यही नहीं आयुष डाक्टर मरीजों को योग के बारे में सही जानकारी दें, इसके लिए विभाग के योग गाइडस को भी अपडेट किया जा रहा है। आयुष विभाग की धर्मशाला स्थित उपनिदेशक डॉ. इंदु शर्मा ने, जिनके अधीन जिला कांगड़ा, चंबा, हमीरपुर व ऊना आते हैं, ने बताया कि पंचकर्म और पैरा सर्जिकल प्रोसिजर्स जैसे कपिंग थेरेपी, अग्नि मोक्षण थेरेपी को गांव स्तर तक पहुंचाया गया है। इस संबंध में डाक्टर्स के साथ विचार विमर्श किया जा रहा है, जिससे कि उन्हें उक्त सेवाएं ग्रामीण स्तर पर मरीजों को देने के लिए उचित उपकरण उपलब्ध हों। यही नहीं इस बात पर भी ध्यान दिया जा रहा है ग्रामीण स्तर के आयुष संस्थानों में कार्यरत डाक्टर्स इन प्रोजिजर्स को ज्यादा से ज्यादा करें, जिससे कि ग्रामीण मरीजों को इन सुविधाओं का व्यापक लाभ मिल सके। पैरा सर्जिकल प्रोसिजर इमरजेंसी की तरह और जल्द राहत देने वाला ट्रीटमेंट है, जिसके चलते इस पर अधिक कार्य किया जा रहा है। डा. इंदु शर्मा ने बताया कि इसके अलावा योग गाइड को भी अपडेट किया जा रहा है। कौन सा योगासन करने की सलाह मरीज को देनी है, कितनी बार व कितने समय के लिए करना है, यह सब बातें डाक्टर्स मरीजों को सही ढंग से बता सकें और योग गाइड को अपडेट करें, इस पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।



# डिजिटल मार्केटिंग और जीईएम पोर्टल से जुड़कर बढ़ाएं कारोबार

अनंत ज्ञान

◆ **उद्योग विभाग ने उद्यमियों के लिए सलासी में कार्यशाला आयोजित**

**हमीरपुर।** लघु उद्यमियों को डिजिटल मार्केटिंग के प्रति जागरुक करने के लिए उद्योग विभाग ने शनिवार को सलासी स्थित जिला पंचायत संसाधन केंद्र में एक कार्यशाला आयोजित की। 'डिजिटल मार्केटिंग एवं डिजिटल साक्षरता' तथा 'गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल' विषयों पर आयोजित इस कार्यशाला की अध्यक्षता उद्योग विभाग विस्तार निरीक्षक (ईआई) प्रवेश कुमार ने की।

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्रवेश कुमार ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य स्थानीय उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों, ग्रामीण उद्यमों तथा अन्य हितधारकों को डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग एवं सरकारी खरीद प्रणाली से जोड़ने के लिए जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि सभी उद्यमियों को इन आधुनिक माध्यमों का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए। कार्यशाला के दौरान रैम्प प्रोजेक्ट के वरिष्ठ प्रबंधक अश्वनी शर्मा, विनय कुमार, नवीन शर्मा और अन्य अधिकारियों ने भी प्रतिभागियों को डिजिटल मार्केटिंग के विभिन्न पहलुओं, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के उपयोग, ऑनलाइन ब्रांड निर्माण, ग्राहक पहुंच बढ़ाने तथा डिजिटल माध्यमों के जरिए व्यवसाय विस्तार की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। साथ ही जीईएम पोर्टल पर पंजीकरण प्रक्रिया, उत्पाद सूचीकरण, सरकारी विभागों को वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति तथा उपलब्ध व्यावसायिक अवसरों पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में छोटे उद्यमियों एवं ग्रामीण उत्पादकों के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स और सरकारी ई-मार्केटप्लेस ने नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। डिजिटल तकनीकों को अपनाकर स्थानीय उत्पादों को व्यापक बाजार तक पहुंचाया जा सकता है तथा स्वरोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा दिया जा सकता है। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने भी विभिन्न विषयों पर अपने प्रश्न रखे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा विस्तारपूर्वक समाधान किया गया। प्रतिभागियों ने कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की आवश्यकता व्यक्त की।

# पुस्तकें सच्ची मित्र, नियमित अध्ययन से होता सर्वांगीण विकास: सुरजीत


डीएवी पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोनल, नादौन।** डीएवी पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों में पठन-पाठन की रुचि विकसित करने और उनके ज्ञानवर्धन के उद्देश्य से एक दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक पुस्तक मेले का भ्रमण किया और विभिन्न विषयों से संबंधित पुस्तकों का अवलोकन किया।

मेले में साहित्य, विज्ञान, सामान्य ज्ञान, प्रेरणादायक जीवनियां, कहानियां और बाल साहित्य की अनेक आकर्षक पुस्तकें प्रदर्शित की गईं। विद्यार्थियों ने अपनी रुचि के अनुसार पुस्तकों का चयन किया और ज्ञानवर्धक सामग्री के प्रति विशेष उत्साह दिखाया। पुस्तक मेले ने छात्रों में पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुस्तकें मनुष्य की सच्ची मित्र होती हैं। उन्होंने कहा कि नियमित अध्ययन से न केवल ज्ञान में वृद्धि होती है, बल्कि व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास भी संभव होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे पुस्तकों को अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाएं। इस आयोजन से छात्रों में अध्ययन के प्रति नई ऊर्जा और रुचि देखने को मिली।

# कांग्रेस सरकार को जनता की नहीं, सत्ता के सुख की चिंता: अनुराग

## जिप और बीडीसी चुनावों के बाद भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधियों का जमावड़ा, विजयी प्रत्याशी सांसद से मिले

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान सरकार जनता की अपेक्षाओं और समस्याओं से कट चुकी है तथा उसका पूरा ध्यान केवल सत्ता का आनंद लेने तक सीमित दिखाई देता है।

उन्होंने कहा कि सरकार की कार्यप्रणाली को लेकर विपक्ष ही नहीं, बल्कि कांग्रेस के अपने नेता भी सवाल उठा रहे हैं, जो सरकार की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करता है। शनिवार को हमीरपुर स्थित परिधि गृह में 'नॉऊ फॉर क्लाइमेट' अभियान के अंतर्गत आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे अनुराग ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि प्रदेश कांग्रेस के एक वरिष्ठ पदाधिकारी द्वारा अटैचियों को लेकर दिया गया बयान बेहद गंभीर है। उन्होंने कहा कि यदि इस प्रकार के आरोप लगाए जा रहे हैं तो सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि इन अटैचियों का स्रोत क्या है और इनके पीछे कौन लोग हैं। पर्यावरण संरक्षण के विषय पर बोलते हुए सांसद ने कहा कि जलवायु परिवर्तन आज पूरी दुनिया के सामने बड़ी चुनौती बनकर खड़ा है।


सांसद अनुराग से मिलते नवर्निवाचित जिप व बीडीसी सदस्य। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना, समुद्री जलस्तर में वृद्धि तथा मानसून के स्वरूप में बदलाव इसके स्पष्ट संकेत हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाना समय की आवश्यकता है। अनुराग ठाकुर ने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आग्रह किया।उन्होंने कहा कि प्रकृति की रक्षा के लिए प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। वहीं, जिला परिषद एवं बीडीसी चुनावों के पश्चात शनिवार को हमीरपुर में भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं का जमावड़ा देखने को मिला। तीन दिवसीय प्रवास पर पहुंचे अनुराग से बड़ी संख्या में नव-निर्वाचित जिला परिषद सदस्य, बीडीसी प्रतिनिधि तथा भाजपा समर्थित विजयी उम्मीदवारों ने मुलाकात की। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों की बड़ी उपस्थिति ने इसे विशेष राजनीतिक महत्व प्रदान किया। इस दौरान जिला परिषद और बीडीसी चुनावों में विजयी भाजपा समर्थित प्रतिनिधियों ने अनुराग ठाकुर से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। सांसद ने सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को जीत की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनता ने जिन अपेक्षाओं के साथ उन्हें चुना है, उन पर खरा उतरना अब उनकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों से विकास कार्यों को प्राथमिकता देने तथा आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा के अनेक वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मंगरोली गांव के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद अनुराग से की भेंट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बणी पंचायत के मंगरोली गांव की शिव मंदिर समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने समिति अध्यक्ष सुरेश बन्याल की अगुवाई में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर से शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ नागरिक हरिचंद बन्याल, सरबण सिंह बन्याल, रणबीर सिंह बन्याल, रघुवीर सिंह बन्याल, ढुनी चंद, करतार चंद तथा सरबजीत सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। भेंट के दौरान मंदिर समिति के वरिष्ठतम सदस्य 96 वर्षीय हरिचंद बन्याल ने अनुराग के साथ प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल के मुख्यमंत्री कार्यकाल से जुड़ी अनेक स्मृतियां और आत्मीय प्रसंग साझा किए। उन्होंने उस दौर के विकास कार्यों तथा जनता से जुड़े अनुभवों का भी उल्लेख किया। प्रतिनिधिमंडल ने अनुराग ठाकुर को मंगरोली स्थित प्राचीन शिव मंदिर में पधारने का सादर निमंत्रण दिया। इस अवसर पर सदस्यों ने कहा कि अनुराग से यह उनकी पहली औपचारिक मुलाकात थी, लेकिन जिस आत्मीयता, विनम्रता और सम्मान के साथ उन्होंने सभी का स्वागत किया, उससे वे अत्यंत प्रभावित हुए। मंदिर समिति के सदस्यों ने क्षेत्र और मंदिर से जुड़ी विभिन्न आवश्यकताओं एवं मांगों को भी सांसद के समक्ष रखा। अनुराग ठाकुर ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और संबंधित विषयों में यथासंभव सहयोग एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया।

# सोलन शहर में 4 से 5 दिन बाद की जा रही पेयजल आपूर्ति

## वार्ड क्षेत्र की कॉलोनी में मांग अनुसार नहीं मिल रहा पानी, लोग टैंकर का पानी खरीदने को मजबूर

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान , सोलन**

गर्मी बढ़ते ही शहर में पेयजल संकट गहराने लगा है। कारण है कि जल शक्ति विभाग की गिरी और अश्विनी उठाऊ पेयजल योजनाओं से मांग अनुसार पानी नहीं मिल रहा है। इससे नगर निगम सोलन को शहरवासियों की प्यास बुझाना मुश्किल हो गया है।

ऐसे में पानी की राशनिंग की जा रही है। हालात ऐसे हैं कि शहर के वार्ड क्षेत्रों में तीन से चार दिन बाद पानी की आपूर्ति हो रही है। लोगों को अब टैंकर का पानी खरीद कर गुजारा करना पड़ रहा है। इससे उपभोक्ताओं की मांग पूरा करना मुश्किल हो चुका है। शहर के अधिकतर वार्डो में ऐसे ही हालात है। जहां कुछ दिन पहले तक एक दिन छोड़कर पानी की सप्लाई की जा रही वहीं सप्ताह में एक दिन ही लोगों को पानी मिल रहा है। इससे लोगों में नगर निगम के प्रति रोष पनप रहा है। आरोप है कि चार से पांच दिन बाद मिल रही पानी की सप्लाई के बावजूद गुजारा नहीं हो रहा है। प्रेशर नहीं होने से टंकियों में पानी नहीं पहुंच रहा है।



सोलन में टैंकर से पानी लिफ्ट करते हुए। अनंत ज्ञान

**दिनों दिन बढ़ रही समस्या :** गर्मियां बढ़ते ही सोलन शहर में दिनोंदिन पेयजल संकट गहराने लगा है। नगर निगम की मानें तो जल शक्ति विभाग से मांग अनुसार पानी नहीं मिल रहा है। ऐसे में स्थानीय लोगों को अभी से पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि शहर की प्यास बुझाने वाले गिरी पेयजल योजना का पानी इन दिनों कुमारहट्टी और धर्मपुर भी भेजा जा रहा है। साथ ही राधा स्वामी सत्संग समागम के लिए भी जलशक्ति विभाग पानी दे रहा है। ऐसे में शहरवासियों को मांग अनुसार पानी नहीं मिल रहा है। यदि स्थिति ऐसी ही रही तो गर्मियां बढ़ते ही पानी की लिए हाहाकार मच जाएगी।

**वार्ड क्षेत्रों में नहीं बने स्टोरेज टैंक :** निगम ने शहर में पेयजल की आपूर्ति को बेहतर बनाने और उपभोक्ताओं को एक समान मात्रा में पेयजल की आपूर्ति करने के उद्देश्य से वार्ड क्षेत्रों में वाटर टैंकों का निर्माण निर्णय तो लिया पर इसके लिए जमीन ही उपलब्ध नहीं हो रही है। वार्ड क्षेत्रों में नगर निगम की जमीन तो है लेकिन वाटर टैंक के निर्माण के लिए फिजीब्लिटी नहीं बन पा रही है। इसके चलते वाटर टैंकों के निर्माण की योजना सिरे चढ़ती नजर नहीं आ रही है। यदि कहीं जमीन उपलब्ध है भी लोग सुरक्षा की दृष्टि से लोग इसका विरोध कर रहे हैं। शहर के वार्ड क्षेत्रों में सरकारी जमीन भी उपलब्ध है लेकिन इसकी निशानदेही का पता नहीं होने के चलते नगर निगम जोखिम नहीं लेना चाहती। दूरवर्ती क्षेत्रों में नहीं पहुंचता प्रेशर मुख्य टैंकों में पानी की मात्रा कम होने की स्थिति में शहर के दूरवर्ती क्षेत्रों में पानी का प्रेशर नहीं पहुंच पाता। इसके चलते लोगों की घरों में लगी टैंकियों में पानी नहीं पहुंच पाता। सलोगड़ा, खुंडीधार, चंबाघाट, हाउसिंग कॉलोनी, कथेड़ और शामति क्षेत्रों में यह समस्या अधिक है। प्रेशर की कमी के चलते लोगों को मांगानुसार पानी नहीं मिलता, जिससे उन्हें प्राकृतिक स्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता है। इसी को देखते हुए वार्ड क्षेत्रों में वाटर स्टोर टैंक निर्माण की योजना है। समस्या यह है कि वार्ड क्षेत्र में इसके लिए जमीन ही नहीं मिल रही है।निगम सरकारी जमीन पर भी टैंक बनाने को तैयार है लेकिन जमीन की डिमार्केशन नहीं होने से यह संभव नहीं हो रहा है।

जीआईएस से भी शहर में खाली जमीन की तलाश की जा रही है।नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए नई जल वितरण योजना पर कार्य किया जा रहा है और उच्च स्तरीय टैंकों के निर्माण के लिए वैकल्पिक भूमि की तलाश जारी है। अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही क्षेत्रीय स्तर पर जल आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त कर उपभोक्ताओं को नियमित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करवाने के प्रयास किए जाएंगे।

# शिक्षित समाज ही विकास की असली पहचान : संजय अवस्थी

अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, अर्की ।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक छात्र तक गुणात्मक शिक्षा पहुंचाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। संजय अवस्थी अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बसंतपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के स्थापना दिवस समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। विधायक ने इससे पूर्व लगभग 5.40 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले पुस्तकालय भवन एवं सभागार भवन का शिलान्यास किया।

संजय अवस्थी ने कहा कि शिक्षा विकसित समाज का आधार है। समग्र विकास सुनिश्चित बनाने और विकास के लाभ जन-जन तक पहुंचाने में शिक्षित एवं परिश्रमी समाज महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक छात्र को गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध करवाना प्रदेश सरकार का उत्तरदायित्व है। वर्तमान प्रदेश सरकार ने गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। इनके सकारात्मक परिणाम अब दृष्टिगोचर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की सोच है कि वहीं समाज आगे बढ़ता है जो समाज शिक्षित होता है। समाज के कमज़ोर वर्गों के मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए डॉ. वाई.एस.परमार विद्यार्थी ऋण योजना आरम्भ की गई। इस योजना के तहत एक प्रतिशत ब्याज दर पर 20 लाख रुपए तक शिक्षा ऋण उच्च शिक्षा के लिए उपलब्ध करवाया जा रहा है। यह योजना मेधावी छात्रों को उच्चतम स्तर तक पहुंचने का अवसर प्रदान करती है। विधायक ने युवाओं का आह्वान किया कि नशे से दूर रहें और अपने साथियों को भी नशे से दूर रखें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नशे जैसी सामाजिक बुराई की रोकथाम के लिए पूर्ण रूप से सजग है और सभी स्तरों पर कार्य किया जा रहा है।



दंगल में पहलवानों से संवाद करते विधायक संजय अवस्थी अनंत ज्ञान

उन्होंने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधियों को सभी के साथ समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने आशा जताई कि नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधि समय का सदुपयोग करते हुए क्षेत्र की भलाई के कार्य करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### मैदान के रखरखाव और ध्वनि प्रदूषण पर कुंजना सिंह का प्रशासन पर निशाना

**अनंत ज्ञान, नाहन ।** कांग्रेस नेत्री कुंजना सिंह ने नाहन के ऐतिहासिक चौगान मैदान के इस्तेमाल को लेकर सवाल उठाए हैं उन्होंने आरोप लगाया है कि मैदान के रखरखाव पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे इस मैदान का अस्तित्व खतरे में है।

कुंजना सिंह ने कहा कि ऐतिहासिक चौगान मैदान का एक अपना विशेष महत्व है मगर यह मैदान प्रशासन की अनदेखी का शिकार हो रहा है उन्होंने कहा कि पहले मेले में सिर्फ चुनिंदा आयोजन होते थे मगर अब अनेको प्रकार के आयोजन यहां पर किए जा रहे हैं जिससे यह मैदान अपना महत्व खो रहा है और इसकी हालत दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है।उन्होंने ये भी कहा कि बार-बार हो रहे आयोजन से यहां ध्वनि प्रदूषण भी हो रहा है जिससे लोगों को अक्सर परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि रात को ध्वनि प्रदूषण पर इन मेलों में प्रशासन का कोई नियंत्रण नहीं है जिस का उदाहरण तब मिला जब गत रात्रि दूरभाष पर नाहन के उपमंडल दंडाधिकारी से बात हुई। उन्होंने बताया कि उन से मेला लगाने की स्वीकृति नहीं ली गई है। कांग्रेस नेत्री ने बताया कि जब उन से आग्रह किया गया कि पुलिस को कहकर ध्वनि प्रदूषण बंद कराया जाए तो उन का जवाब था कि पुलिस उनका कहना नहीं मानती जो बहुत ही हैरान करने वाला था ।

### सुक्खू सरकार पर लगाए गए आरोपों का नवीन ने किया समर्थन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़ ।** प्रदेश सरकार में सबसे वरिष्ठ मंत्री के पुत्र, पूर्व सीपीएस एवं कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज भारती द्वारा सरकार की कार्यशैली पर उठाए गए सवालों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है।पच्छाद भाजपा मंडल के पूर्व प्रवक्ता नवीन शर्मा ने जारी बयान में कहा कि नीरज भारती द्वारा लगाए जा रहे आरोप इतने गंभीर हैं कि अब विपक्ष या जनता को कुछ कहने की आवश्यकता ही नहीं रह गई। उन्होंने कहा कि नीरज भारती ने स्वयं भाजपा द्वारा पिछले तीन वर्षों से सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार पर प्रदेश को गंभीर संकट में डालने के आरोपों की पुष्टि कर दी है। नवीन शर्मा ने कहा कि नीरज भारती न केवल कांग्रेस के सबसे वरिष्ठ मंत्री के पुत्र हैं, बल्कि पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं, ऐसे में उन्हें संगठन और सरकार के आंतरिक मामलों की पूरी जानकारी है। उन्होंने अब उन मुद्दों को सार्वजनिक कर दिया है, जो लंबे समय से दबे हुए थे। उनका कहना है कि आज सुखु सरकार से केवल नीरज भारती ही नहीं, बल्कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता निराश और हताश है। नवीन शर्मा ने आगे कहा कि पंचायती राज और नगर निगम चुनावों के 'सेमीफाइनल' में कांग्रेस पहले ही हार का सामना कर चुकी है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में कांग्रेस की विदाई केवल पाँच वर्षों के लिए नहीं, बल्कि केंद्र की तर्ज पर लंबे समय के लिए तय हो चुकी है।

### सर्च ऑपरेशन के बाद रेणुका झील से मिला युवक का शव

**अनंत ज्ञान, नाहन ।** रेणुका झील में 4 जून को डूबे 21 वर्षीय युवक सुमित पुत्र मुंशी राम निवासी ददाहू का शव बरामद कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार सुमित नहाने के लिए रेणुका झील गया था, इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना के बाद से ही प्रशासन और रेस्क्यू टीम उसकी तलाश में जुटी हुई थी। एसडीएम नाहन राजीव संख्यान ने बताया कि युवक के डूबने की सूचना मिलने के बाद रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया था। तलाश के लिए सेना के प्रशिक्षित गोताखोरों की मदद भी ली गई, जिन्होंने कई दिनों तक झील में सर्च ऑपरेशन चलाया। लगातार प्रयासों के बाद आज युवक का शव झील से बरामद कर लिया गया।

उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है, जिसके बाद आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर परिजनों को सौंप दिया जाएगा। इस दुखद घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि झील और अन्य जलाशयों में नहाते समय पूरी सावधानी बरतें ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### शूलिनी विश्वविद्यालय में पर्यावरण दिवस पर छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, सोलन ।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में, शूलिनी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज एंड बिजनेस (एसआईएलबी) ने पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने और छात्रों को प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एक कहानी सुनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया।

एसआईएलबी की निदेशक डॉ. शालिनी शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण, स्थिरता और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के महत्व पर रचनात्मक रूप से अपने विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता के विजेता इस प्रकार हैं:

प्रथम स्थानः सांवरी, चौथे सेमेस्टर, एम.एससी. बायोटेक्नोलॉजी

द्वितीय स्थानः नेहा पिट्टन, चौथे सेमेस्टर, एम.एससी. माइक्रोबायोलॉजी

तृतीय स्थानः प्राची, चौथे सेमेस्टर, एम.एससी. माइक्रोबायोलॉजी

डॉ. शालिनी शर्मा ने विजेताओं को सम्मानित किया और सभी प्रतिभागियों को उनकी सक्रिय भागीदारी और ज्ञानवर्धक प्रस्तुतियों के लिए बधाई दी। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सार्थक पर्यावरणीय परिवर्तन व्यक्तिगत स्तर से शुरू होता है। उन्होंने छात्रों को अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण के अनुकूल आदतें अपनाने और हरित एवं अधिक टिकाऊ भविष्य के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा, 'पर्यावरण संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जीवन शैली है। हमारे पर्यावरण की रक्षा और पोषण में प्रत्येक व्यक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है। लगातार किए गए छोटे-छोटे प्रयास महत्वपूर्ण सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

# कांस्टेबल से हाथापाई का आरोपी 2 दिन के रिमांड पर

अनंत ज्ञान

**नाहन।** अदालत ने आज पांवटा ब्लॉक के गोंदपुर क्षेत्र में गुरुवार को दिनदिहाड़े बीच सड़क में ड्यूटी पर जा रहे छटी आई आर बटालियन धौलाकुआं के एक जवान के साथ हाथापाई करने वाले आरोपी फरमान को 2 दिन के पुलिस रिमांड में रखने के आदेश दिए हैं। पांवटा में बीते दिन दबोचे इस आरोपी को पुलिस ने आज अदालत में पेश किया था। जिले के एएसपी योगेश रोल्टा ने बताया कि पुलिस डिमांड के दौरान आरोपी से कड़ी पूछताछ करेगी। आरोपी निवासी पांवटा साहिब को कल अदालत में पेश करेगी।

रोल्टा ने बताया कि वीडियो में एक कार सवार व्यक्ति द्वारा पुलिस कांटेबल के साथ हाथापाई, गाली गलौच कर रहा था। जब मामले में जांच की तो सबन्धित पुलिसकर्मी 6हृद्ध आईआरबी बटालियन धौला कुआं में पोस्टेड पाया गया ।



उन्होंने बताया कि संबंधित पुलिसकर्मी द्वारा बताया गया कि जब वह गोंदपुर की ओर से आ रहा था तो यहां एक कार सवार मोबाइल फोन सुनते हुए तेज रफ्तार कार दौड़ा रहा था जिसे रोका गया और नियमों के तहत वाहन चलाने को कहा गया ।

लेकिन संबंधित कार सवार ने पुलिसकर्मी के साथ अभद्र व्यवहार और गाली गलौच करना शुरू कर दिया। जिसकी एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई।

# दाड़लाघाट में फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण जारी, फील्ड कार्य पर जोर

अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट पंचायत सभागार में चार्ज ऑफिसर एवं नायब तहसीलदार प्रेमलाल की अध्यक्षता में चल रहे फील्ड ट्रेनरों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन भी प्रशिक्षण सत्र जारी रहा। कार्यक्रम में लगभग 50 सुपरवाइजरों एवं इन्यूमरेटरों (गणनाकारों) ने भाग लिया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन फील्ड ट्रेनर विजय चंदेल और हेमराज द्वारा किया गया।

दूसरे दिन प्रतिभागियों को घर-घर जाकर किए जाने वाले सर्वेक्षण कार्य की प्रक्रिया, डेटा संग्रहण की विधि तथा सर्वेक्षण के दौरान अपनाई जाने वाली आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को सर्वेक्षण के दौरान आम लोगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने, सटीक एवं पारदर्शी जानकारी एकत्रित करने तथा फील्ड में आने वाली संभावित चुनौतियों से निपटने के संबंध में व्यावहारिक और तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। चार्ज ऑफिसर एवं नायब तहसीलदार प्रेमलाल ने कहा कि किसी भी सर्वेक्षण की सफलता प्रशिक्षित एवं जिम्मेदार मानव संसाधन पर निर्भर करती है। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को गंभीरता से आत्मसात कर आगामी कार्यों को दक्षता और जिम्मेदारी के साथ पूरा करने का आह्वान किया।



# सोलन में मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता शिविर का आयोजन

अनंत ज्ञान

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सोलन द्वारा आज यहां विश्व मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीसीसी समन्वयक राधा चौहान ने की। राधा चौहान ने कहा कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया है, जिसके प्रति जागरूकता और स्वच्छता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म के दौरान स्वच्छ एवं सुरक्षित सैनिटरी पैड, टैम्पोन या साफ एवं सूखे कपड़े का उपयोग करना चाहिए तथा सैनिटरी पैड को प्रत्येक 4 से 6 घंटे के अंतराल पर बदलना चाहिए। उन्होंने हाथों की स्वच्छता, व्यक्तिगत साफ-सफाई तथा उपयोग किए गए पैड के सुरक्षित निस्तारण के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म को लेकर समाज में व्याप्त भ्रांतियों और संकोच को दूर करने की आवश्यकता है ताकि महिलाएं और किशोरियां बिना किसी झिझक के अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर चर्चा कर सकें तथा आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने सभी महिलाओं एवं किशोरियों से मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता अपनाने तथा अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आग्रह किया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को मासिक धर्म स्वच्छता से संबंधित विभिन्न सावधानियों, संतुलित आहार, एनीमिया की रोकथाम तथा प्रजनन स्वास्थ्य के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई।



# राजगढ़ में घायल बाघ की दस्तक, वन विभाग अलर्ट

अनंत ज्ञान

**सोलन राजगढ़।**

नगर पंचायत राजगढ़ के वार्ड नंबर-7 में शुक्रवार सुबह एक घायल बाघ मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सुबह के समय जब स्थानीय लोग अपने दैनिक कार्यों के लिए घरों से बाहर निकले, तो उन्होंने सड़क किनारे एक बड़े वन्यजीव को घायल अवस्था में पड़ा देखा। नजदीक जाकर देखने पर पता चला कि वह बाघ है। यह खबर देखते ही देखते पूरे इलाके में फैल गई और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि घायल होने के कारण बाघ शांत अवस्था में पड़ा रहा और उसने किसी भी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया।

स्थानीय निवासियों के अनुसार बाघ काफी कमजोर और घायल दिखाई दे रहा था। उसकी हालत देखकर लोगों ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे तथा स्थिति का जायजा लिया। वन विभाग ने आसपास के क्षेत्र को सुरक्षित करने के लिए लोगों को बाघ से दूर रहने की सलाह दी। रेंज ऑफिसर दिनेश शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि बाघ की पिछली दोनों टांगें काम नहीं कर रही हैं। इसी कारण वह चल-फिर नहीं पा रहा है और सड़क किनारे पड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि उसकी टांगों को किस प्रकार की चोट लगी है। संभावना है कि वह किसी सड़क दुर्घटना, पहाड़ी क्षेत्र में गिरने, किसी जंगली संघर्ष या अन्य गंभीर हादसे का शिकार हुआ हो सकता है। विशेषज्ञों की जांच के बाद ही वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही वन विभाग ने तत्काल उच्च अधिकारियों और शिमला स्थित वन्यजीव विभाग को सूचित किया।



पिछली टांगों से चलने में असमर्थ घायल बाघ। अनंत ज्ञान

सूचना मिलते ही वन्यजीव विशेषज्ञों की एक विशेष टीम राजगढ़ के लिए रवाना कर दी गई। टीम के पहुंचने के बाद बाघ को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू किया जाएगा और आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यदि उसकी स्थिति गंभीर पाई जाती है, तो उसे उपचार के लिए शिमला के वन्यजीव बचाव केंद्र या अन्य उपयुक्त स्थान पर ले जाया जा सकता है।

# राजगढ़ में पंचायत समिति सदस्यों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली

अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, राजगढ़ ।** विकासखंड राजगढ़ के अंतर्गत विभिन्न वार्डो से निर्वाचित होकर आए 15 नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों को शुक्रवार को ब्लॉक कार्यालय राजगढ़ के सभागार में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर ने सभी सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा उन्हें जनहित और क्षेत्र के विकास के लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करने का आह्वान किया।

शपथ ग्रहण करने वालों में वार्ड नंबर-1 कोटी पधोग से सुदर्श कुमार, वार्ड नंबर-2 शाया सनोरा से रंजू बाला, वार्ड नंबर-3 नेहरटी बघोट से सरिता देवी, वार्ड नंबर-4 हाब्बन से नीलम, वार्ड नंबर-5 दाहन से निखिल, वार्ड नंबर-6 बोहल टालिया से विवेक, वार्ड नंबर-7 दिदग से राजेश, वार्ड नंबर-8 भूईरा से सुखी देवी, वार्ड नंबर-9 काथली भरण से सुनील कुमार, वार्ड नंबर-10 टिक्कर से भूपेंद्र, वार्ड नंबर-11 कारगाणु से पुष्पा देवी, वार्ड नंबर-12 शिलांजी से सीमा देवी, वार्ड नंबर-13 राणाघाट से निशा देवी, वार्ड नंबर-14 कडोली दोची से रमा देवी तथा वार्ड नंबर-15 देवठी मझगांव से दिनेश कुमार शामिल रहे।



शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित सदस्य अनंत ज्ञान

समारोह के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति एवं स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण के बाद नवनिर्वाचित सदस्यों ने क्षेत्र के समग्र विकास, जनसमस्याओं के समाधान और पंचायत स्तर पर बेहतर कार्य करने का संकल्प लिया ।शपथ ग्रहण समारोह के उपरांत नव निर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों ने क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देने का संकल्प दोहराया। सदस्यों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल तथा स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाने तथा जनभागीदारी के माध्यम से विकास कार्यों को गति देने का विश्वास भी व्यक्त किया।

# पंचायती राज संस्थाओं का अपमान कर रही सरकार : रावत

अनंत ज्ञान

**नाहन।** सिरमौर भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह ने जारी बयान में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के उस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्ति की है जिसमें उन्होंने जिला परिषद सदस्य एवं पंचायत समिति सदस्य की वैल्यू सिर्फ एक दिन की होती है। रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कांग्रेस पार्टी की शर्मनाक हार को देखते हुए यह भूल गए हैं कि पंचायत के विकास का रास्ता भी जिला परिषद एवं पंचायत समिति से गुजरता है। रावत ने बताया कि पंचायत प्रधान जिला परिषद सदस्य एवं पंचायत समिति सदस्य तीनों मिलकर पंचायत का विकास करते हैं। रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने यह बयान बौखलाहट में दिया है क्योंकि प्रदेश की जनता ने पंचायती राज चुनाव में प्रदेश की कांग्रेस सरकार को वोट की चोट से करारा तमाचा मारा है। रावत ने बताया कि जनप्रतिनिधि का अपमान करना मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के लिए महंगा पड़ेगा इसका खामियाजा कांग्रेस पार्टी को अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में भी भुगतना पड़ेगा विधानसभा चुनाव में भी भाजपा इसी प्रकार जीत का परचम लहराएगी।भाजपा प्रवक्ता प्रताप सिंह ने आगे कहा कि कांग्रेस सरकार लगातार जमीनी हकीकत से दूर होती जा रही है और जनभावनाओं की अनदेखी कर रही है।



उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं लोकतंत्र की सबसे मजबूत कड़ी हैं और इन्हीं के माध्यम से गांवों में विकास कार्य गति पकड़ते हैं।

### राजगढ़ में मानसून से पहले आपदा प्रबंधन की तैयारियां तेज

**अनंत ज्ञान, राजगढ़ ।** आगामी मानसून सीजन को देखते हुए राजगढ़ उपमंडल प्रशासन ने आपदा प्रबंधन की तैयारियों को लेकर सभी विभागों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम राजकुमार ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों की तैयारियों की समीक्षा की गई तथा संभावित प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में लोक निर्माण, जल शक्ति, विद्युत, स्वास्थ्य, पुलिस, वन तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

एसडीएम ने कहा कि मानसून के दौरान भारी बारिश, भूस्खलन, सड़क अवरोध, बिजली आपूर्ति बाधित होने और पेयजल संकट जैसी परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। ऐसे में सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी।

# कोटला नुम्हाल में महिला मंडल की बैठक का आयोजन

अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट पंचायत के कोटला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में महिला मंडल कोटला नुम्हाल की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुमारी कृष्णा ने की। बैठक में सर्वप्रथम पिछली बैठक की कार्यवाही पढ़कर सुनाई गई, जिसे उपस्थित महिलाओं ने सुना और सर्वसम्मति से उसकी पुष्टि की। पिछली बैठक में महिला मंडल के चुनाव करवाने का निर्णय लिया गया था। इसी क्रम में इस बैठक के दौरान महिला मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।



चुनाव प्रक्रिया आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा कार्यकर्ता की देखरेख में संपन्न हुई। सर्वसम्मति से गीता देवी को महिला मंडल का प्रधान, जयवंती गौतम को उपप्रधान, रजनी गौतम को सचिव, निशा गौतम को सह सचिव तथा रीता देवी को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कार्यकारिणी गठन संबंधी प्रस्ताव की एक प्रति विकास खंड कार्यालय कुनिहार तथा दूसरी प्रति संबंधित बैंक में जमा करवाई जाएगी। बैठक में हेमलता, नीलम गौतम, सीता गौतम, मीना देवी, रीमा, जयवंती गौतम, रजनी गौतम, गीता देवी, आशा गौतम, निशा गौतम, मंजू देवी, अनीता गौतम सहित अन्य महिलाओं ने भाग लिया।

### भाजपा ने शुरू किया व्यापक वृक्षारोपण अभियान

**नाहन।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने विश्व पर्यावरण दिवस पर कहा कि पर्यावरण संरक्षण मानव अस्तित्व से जुड़ा संकल्प है और इसके लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत भाजपा हिमाचल में पौधारोपण अभियान चला रही है, जिसमें 8000 बूथों पर 25-25 पौधे लगाकर लगभग दो लाख पौधे रोपने का लक्ष्य रखा गया है।

जुलाई में बड़े स्तर पर वृक्षारोपण अभियान भी चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेशभर में जनजागरण अभियान, स्वच्छता कार्यक्रम और मीडिया संवाद आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा 12 जून को शिमला में कार्यक्रमों में शामिल होंगे। डॉ. बिंदल ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि शिक्षण संस्थानों को बंद करना युवाओं के साथ अन्याय है और कांग्रेस सरकार विकास विरोधी नीतियों पर काम कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### आज बंगाणा के कई क्षेत्रों में लगेगा पावर कट

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत विद्युत उपमंडल बंगाणा द्वारा सूचना जारी कर बताया गया है कि 7 जून को बंगाणा पेट्रोल पंप के समीप वन विभाग द्वारा पेड़ों की कटाई का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। कार्य को सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए वहां से गुजरने वाली 11 केवी थानाकलां फीडर की विद्युत आपूर्ति प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक बंद रहेगी। विद्युत विभाग के अनुसार इस दौरान 11 केवी थानाकलां फीडर के अंतर्गत आने वाले हिमुडा कॉलोनी, मिनी सचिवालय, अपर नायली, मुच्छाली, घड़ोह, सिरख, डुमखर, नलवाड़ी, सलोह तथा कथा फैक्ट्री क्षेत्र में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। इसके अतिरिक्त बंगाणा फीडर पर स्थित 11/0.4 केवी, 250 केवीए टेलीफोन एक्सचेंज ट्रांसफार्मर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र, सेंट्रल बैंक बंगाणा से लेकर आइसक्रीम फैक्ट्री तथा ठंडी खुई तक के उपभोक्ताओं को भी निर्धारित अवधि के दौरान बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि पेड़ों की कटाई का कार्य सायं 5 बजे तक पूरा नहीं हो पाता है तो विद्युत आपूर्ति बहाल करने में अतिरिक्त समय लग सकता है। वहीं मौसम खराब होने अथवा अन्य अपरिहार्य कारणों से निर्धारित तिथि पर कार्य नहीं हो पाने की स्थिति में इसे अगले दिन या किसी अन्य उपयुक्त तिथि पर किया जा सकता है। विद्युत उपमंडल बंगाणा के सहायक अभियंता (एसडीओ) जोगिंदर सिंह कौशल ने प्रभावित क्षेत्र के उपभोक्ताओं से सहयोग और धैर्य बनाए रखने की अपील की है।

### गुरुद्वारा शहीदां सिंहा में लगाई छबील



**अनंत ज्ञान ऊना।** भारी गर्मी के चलते ऊना के गुरुद्वारा शहीदां सिंहा में छबील लगाकर लोगों को मीठा पान पिलाते सेवक।

### बाबा उमाकांत ने दिया नशा मुक्ति का संदेश

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** हिमाचल प्रदेश के चिंतपूर्णी में मोईन समनोली बाईपास रोड स्थित ग्रीन वैली रिसॉर्ट में एक भव्य आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उज्जैन से पधारे प्रख्यात संत बाबा उमाकांत जी ने मुख्य अतिथि एवं आध्यात्मिक मार्गदर्शक के रूप में श्रद्धालुओं को संबोधित किया।



सत्संग के दौरान बाबा उमाकांत जी महाराज ने मानवता के कल्याण, नैतिक मूल्यों और समाज सुधार पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से सभी प्रकार के व्यसनों और नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए पूर्णतः नशामुक्त जीवन अपनाने का संकल्प दिलवाया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए हानिकारक है तथा आध्यात्मिक उन्नति के लिए संयमित जीवन आवश्यक है। बाबा जी ने श्रद्धालुओं को जीवन को सफल, सार्थक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए प्रभु दर्शन की दीक्षा अर्थात 'नामदान' तथा गुरु मंत्र भी प्रदान किया। सत्संग में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त किया और बाबा जी के संदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर आयोजकों ने दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं, सेवादारों तथा सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आध्यात्मिक कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच और सद्भावना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# अंब नगर पंचायत के पार्षदों ने ली पद व गोपनीयता की शपथ

## वार्ड-3 के पार्षद गौरव शर्मा ने उठाया बरसाती पानी की निकासी का मुद्दा

अनंत ज्ञान

**अंब।** नगर पंचायत अंब के नवनिर्वाचित पार्षदों को शनिवार को आयोजित एक समारोह में एसडीएम अंब ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नगर पंचायत कार्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी निर्वाचित पार्षदों ने भाग लिया। समारोह में प्रशासनिक अधिकारियों, नगर पंचायत कर्मचारियों तथा क्षेत्र के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। शपथ ग्रहण के दौरान एसडीएम अंब ने पार्षदों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और जनहित को सर्वोपरि रखते हुए करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के विकास तथा स्थानीय समस्याओं के समाधान में पार्षदों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जनता ने जिन अपेक्षाओं और विश्वास के साथ उन्हें चुना है, उन पर खरा उतरना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है।



एसडीएम पारस अग्रवाल नगर पंचायत अंब के पार्षदों के साथ सामूहिक चित्र में।

शपथ ग्रहण प्रक्रिया पूरी होने के तुरंत बाद वार्ड नंबर-3 के पार्षद गौरव शर्मा ने क्षेत्र में बरसाती पानी की निकासी की समस्या का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के कई हिस्सों में बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति बन जाती है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई स्थानों पर नालियों की समुचित व्यवस्था नहीं है तथा मौजूदा निकासी तंत्र भी पर्याप्त नहीं है, जिसके कारण बरसाती पानी सड़कों और रिहायशी इलाकों में जमा हो जाता है।

गौरव शर्मा ने प्रशासन और नगर पंचायत से इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रभावी योजना तैयार करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मानसून का मौसम निकट है, इसलिए समय रहते आवश्यक कदम उठाना बेहद जरूरी है, ताकि लोगों को जलभराव और उससे जुड़ी अन्य समस्याओं से राहत मिल सके।

अन्य पार्षदों ने भी नगर क्षेत्र से संबंधित विकास कार्यों और जनसुविधाओं के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की तथा नगर पंचायत के समग्र विकास के लिए मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए इस समारोह के अंत में सभी पार्षदों ने नगर पंचायत क्षेत्र के विकास, स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और जनसमस्याओं के समाधान के लिए समन्वित प्रयास करने का संकल्प लिया।

# हरवाल में दुकान के ताले तोड़ नकदी एवं सामान ले उड़े चोर

अनंत ज्ञान

- जांच केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस
- क्षेत्रवासियों ने सुरक्षा व्यवस्था पर उठाए सवाल

**गगरेट।** थाना अंब के अंतर्गत आने वाले गांव हरवाल में चोरों ने एक बार फिर कानून-व्यवस्था को चुनौती देते हुए एक करियाना दुकान में सेंध लगाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान के ताले तोड़कर अंदर घुसे और नकदी सहित जरूरी सामान लेकर फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है, जबकि स्थानीय लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जताई है। दुकान मालिक पूरन चंद ने बताया कि वह रोजाना की तरह रात को दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। शनिवार सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि दुकान के सभी ताले टूटे हुए थे। अंदर जाकर जांच करने पर पता चला कि नकदी और कुछ सामान गायब है। इसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा अज्ञात चोरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में चोरी की बढ़ती घटनाएं सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही हैं। उनका मानना है कि यदि रात्रि गश्त को और प्रभावी बनाया जाए तो ऐसी घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है।

ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि चोरी की इस वारदात में शामिल आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही रात के समय सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाया जाए, ताकि क्षेत्र के लोग स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने का दावा किया है।

## भरवाई में बिजली कर्मियों ने लगाया वार्षिक भंडारा

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** विद्युत अनुभाग उपमंडल भरवाई के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से शनिवार को वार्षिक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यह धार्मिक आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना से हुई, जिसके पश्चात श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण का क्रम आरंभ किया गया। भंडारे में चिंतपूर्णी क्षेत्र के स्थानीय निवासियों के साथ-साथ आसपास के गांवों और दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान विद्युत उपमंडल भरवाई के अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वयं व्यवस्था संभालते हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया तथा आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। भंडारे के दौरान धार्मिक एवं सामाजिक सौहार्द का माहौल देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग के इस सामूहिक एवं सामाजिक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में भाईचारे और आपसी सद्भाव को मजबूत करने का कार्य करते हैं। आयोजकों ने भंडारे को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, कर्मचारियों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया।

# आदि धर्म मंडल भारत का 11 और 12 जून को मनाया जाएगा 100वां स्थापना दिवस

अनंत ज्ञान

**टाहलीवाल।** ऑल इंडिया आदि धर्म मिशन द्वारा आदि धर्म मंडल भारत के 100वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं को निमंत्रण देने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को बाथड़ी क्षेत्र से सटे खुरालगढ़ साहिब के प्रधान संत सुरिंद्र दास महाराज संतोषगढ़ स्थित ऐतिहासिक गुरु रविदास मंदिर पहुंचे और वहां गुरु रविदास सभा से जुड़े सदस्यों को स्थापना दिवस समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

चरणछोह गंगा खुरालगढ़ साहिब के प्रधान संत सुरिंद्र दास महाराज ने बताया कि आदि धर्म मंडल भारत का 100वां स्थापना दिवस 11 और 12 जून को ऐतिहासिक श्री गुरु रविदास चरणछोह गंगा अमृतकुण्ड खुरालगढ़ साहिब में देश-विदेश की



- संत समाज ने शुरू किया निमंत्रण अभियान
- खुरालगढ़ साहिब में होगा भव्य आयोजन

आदि धर्म संगत के सहयोग से मनाया जाएगा। यह आयोजन आदि धर्म भारत की चेयरमैन कमलेश घेड़ा तथा ऑल इंडिया आदि धर्म मिशन के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है।

हिमाचल प्रदेश की संगत भी इस ऐतिहासिक आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग ले। इसी उद्देश्य से विभिन्न गुरु रविदास सभाओं, आंबेडकर नामलेवा संगठनों और सामाजिक संस्थाओं को निमंत्रण पत्र वितरित किए जा रहे हैं। संत सुरिंद्र दास महाराज ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। समारोह के दौरान ऑल इंडिया आदि धर्म मंडल भारत के संस्थापक बाबू मंगू राम मुंगोवालिया तथा ऑल इंडिया आदि धर्म मिशन के संस्थापक बंता राम घेड़ा के समाज सुधार और संगठन निर्माण में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान को भी श्रद्धापूर्वक याद किया जाएगा।

## सनातन धर्म मानवता, प्रेम व सद्भाव का धर्म: रमेश दास

**अनंत ज्ञान घनारी।** श्री पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर घनारी स्थित श्री सिद्ध बाबा मौनी धाम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम दिवस पर भक्ति, आध्यात्म और सनातन चेतना का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास स्वामी देवकीनंदन दास महाराज ने सुदामा चरित्र का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि आज का मनुष्य भौतिक सुख-सुविधाओं की दौड़ में ईश्वर से दूर होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुदामा चरित्र हमें सच्चे प्रेम, समर्पण और भक्ति का संदेश देता है। भगवान श्रीकृष्ण ने अपने आचरण से यह सिद्ध किया कि भक्त के प्रेम के सामने संसार का समस्त वैभव और संपत्ति भी तुच्छ है। विश्राम दिवस के अवसर पर दातारपुर से पधारे महंत रमेश दास ने अपने ओजस्वी प्रवचनों के माध्यम से धर्म जागरण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यदि सनातन समाज को अपनी संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक मूल्यों की रक्षा करनी है तो समाज को जाति, क्षेत्र और व्यक्तिगत स्वार्थों से ऊपर उठकर एकजुट होना होगा। महंत रमेश दास ने कहा कि संगठित समाज ही धर्म और संस्कृति की रक्षा करने में सक्षम होता है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म विश्व को मानवता, प्रेम और सद्भाव का मार्ग दिखाने वाला सबसे प्राचीन और महान धर्म है।

# कांग्रेस खो चुकी जनाधार, जनता के बीच हिसाब दे सरकार: रणधीर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं नयना देवी से विधायक रणधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेताओं के हालिया बयानों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं का सम्मान करने के बजाय राजनीतिक नजरिये से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पंचायत राज संस्थाओं के चुनावों में कांग्रेस अपनी हार और घटते जनाधार से बौखलाई हुई है। कांग्रेस नेताओं के जीत के दावे तथ्यहीन हैं और जनता ने सरकार की नीतियों के प्रति अपना असंतोष स्पष्ट रूप से जाहिर किया है।



पत्रकारों को संबोधित करते हुए विधायक रणधीर शर्मा।

रणधीर शर्मा ने मंत्री जगत सिंह नेगी द्वारा 'जय श्री राम' के उद्घोष पर जताई गई आपत्ति को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह कांग्रेस की राम विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों लोगों की आस्था के प्रतीक हैं और 'जय श्री राम' सनातन संस्कृति का सम्मान है।

भाजपा नेता ने मंत्री विक्रमादित्य सिंह द्वारा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल पर की गई टिप्पणी की भी निंदा करते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं को राजनीतिक मर्यादा बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा कि यदि पार्टी को अपनी लोकप्रियता पर भरोसा है तो विधानसभा चुनाव घोषित कराए। भाजपा जहां भी चाहेगी, वहां से डॉ. राजीव बिंदल को चुनाव मैदान में उतारेगी और जनता उन्हें विजयी बनाएगी।

रणधीर शर्मा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार विकास, रोजगार और जनकल्याण के मोर्चे पर विफल रही है। इसी वजह से कांग्रेस नेता वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए बयानबाजी कर रहे हैं, लेकिन जनता सब देख रही है और समय आने पर जवाब देगी। पत्रकार वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल और मीडिया प्रभारी सोनल शर्मा भी मौजूद रहे।

### कॉलेजों में स्टाफ कटौती और विषय बंद करना युवाओं के भविष्य से खिलवाड़

**बिलासपुर।** भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं नयना देवी विधायक रणधीर शर्मा ने प्रदेश सरकार पर भाजपा विधायकों के क्षेत्रों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार शिक्षा संस्थानों को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि 2 जून को जारी आदेशों के तहत राजकीय महाविद्यालय नैना देवी में कॉमर्स संकाय बंद कर दिया गया है, जबकि जुखाला महाविद्यालय में साइंस और कॉमर्स दोनों संकाय समाप्त कर दिए गए हैं। इसके अलावा झंडूता महाविद्यालय में भी कॉमर्स विषय बंद किया गया है। इससे सैकड़ों विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होगी और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए अन्य क्षेत्रों का रुख करना पड़ेगा। रणधीर शर्मा ने आरोप लगाया कि सरकार राजनीतिक दुर्भावना के तहत भाजपा विधायकों के क्षेत्रों में संस्थानों को कमजोर कर रही है, जबकि कांग्रेस विधायकों के क्षेत्रों में ऐसी कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने सरकार से इन आदेशों को तुरंत वापस लेने और नैना देवी, जुखाला तथा झंडूता महाविद्यालयों में पूर्व व्यवस्था बहाल करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि निर्णय वापस न लेने पर भाजपा विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आंदोलन करेगी।

# एम्स बिलासपुर में 'रोगी सहभागी' पहल का शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बिलासपुर में मरीजों के प्रति संवेदनशीलता, सहयोग और मानवीय सेवा को बढ़ावा देने के लिए 'रोगी सहभागी' नामक नई पहल शुरू की गई है। इस पहल का उद्देश्य अस्पताल में भर्ती मरीजों, विशेषकर अकेले और असहाय मरीजों को बेहतर सहायता उपलब्ध कराना है। यह मानवीय पहल कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) दिलजीत सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश कुमार वर्मा तथा नर्सिंग अधीक्षक किरण मिश्रा के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत अस्पताल के विभिन्न वार्डों में मरीजों के परिजनों और सहायकों के लिए जागरूकता सत्र आयोजित किए गए।



इन सत्रों में नर्सिंग अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को कार्यक्रम के उद्देश्य, आवश्यकता और सामाजिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अस्पताल में कई मरीज वृद्धावस्था, सामाजिक परिस्थितियों या अन्य कारणों से अकेले रहते हैं, जिसके कारण उन्हें जांच, नमूना संग्रह और विभिन्न विभागों तक पहुंचने में कठिनाई होती है। ऐसी परिस्थितियों में 'रोगी सहभागी' पहल के माध्यम से स्वेच्छुक परिजन और नागरिक मरीजों की सहायता कर सकते हैं। वे अपनी सुविधा अनुसार मरीजों को जांच कक्षों तक ले जाने, नमूने पहुंचाने और आवश्यक सहयोग प्रदान करने जैसे कार्यों में भागीदारी कर सकते हैं। अस्पताल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह कार्यक्रम पूरी तरह सेवा और मानवता की भावना पर आधारित है तथा इसमें किसी भी प्रकार का आर्थिक लेन-देन या पारिश्रमिक शामिल नहीं है। अधिकारियों ने कहा कि इसका उद्देश्य अस्पताल को अधिक संवेदनशील और सहयोगपूर्ण बनाना है, ताकि कोई भी मरीज स्वयं को अकेला या असहाय महसूस न करे।

## एनसीसी शिविर में आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** एक एचपी नेवल यूनिट एनसीसी द्वारा शिवा इंटरनेशनल स्कूल घुमारवीं में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के आठवें दिन कैडेट्स को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, सीपीआर और अग्नि सुरक्षा का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। 14वीं बटालियन एनडीआरएफ सलापड़ की टीम ने भूकंप, बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाओं से बचाव के उपाय बताए। कैम्प कमांडिंग ऑफिसर कमांडर सज्जन कुमार ने कहा कि इस प्रकार का प्रशिक्षण कैडेट्स को आपात परिस्थितियों में समाज की सहायता करने के लिए सक्षम बनाता है।

## स्वारघाट में डिजिटल उद्यमिता पर हुई कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** उद्योग विभाग द्वारा रैम्प कार्यक्रम के तहत एकदिवसीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें एमएसएमई, स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय उद्यमियों को डिजिटल व्यवसाय, ऑनलाइन मार्केटिंग, डिजिटल भुगतान और जीईएम पोर्टल की जानकारी दी गई। जिला उद्योग केंद्र बिलासपुर के महाप्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि डिजिटल तकनीक के माध्यम से स्थानीय उद्यमियों को राष्ट्रीय बाजार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यशाला के दौरान कई प्रतिभागियों का जीईएम पोर्टल पर पंजीकरण भी कराया गया।

# राज्य पात्रता परीक्षा-2026 के लिए बिलासपुर में कड़े प्रबंध

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग, शिमला द्वारा रविवार 7 जून को आयोजित की जा रही राज्य पात्रता परीक्षा -2026 के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों के आसपास भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के अंतर्गत निषेधात्मक आदेश लागू किए हैं।



- परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 163 लागू

एडिशनल मजिस्ट्रेट बिलासपुर ओम कांत ठाकुर ने बताया कि परीक्षा के लिए जिला के सदर उपमंडल में 6 तथा घुमारवीं उपमंडल में 3 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। सदर क्षेत्र के केंद्रों में 1670 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे, जबकि घुमारवीं के केंद्रों में 505 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इस प्रकार जिले में कुल 2175 अभ्यर्थी राज्य पात्रता परीक्षा में भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि परीक्षा दो सत्रों में आयोजित होगी। पहला प्रश्नपत्र सुबह 11 बजे से 12 बजे तक तथा दूसरा प्रश्नपत्र दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। अभ्यर्थियों से निर्धारित समय से पहले परीक्षा केंद्रों में पहुंचने का आग्रह किया गया है। विलंब से पहुंचने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। ठाकुर ने कहा कि अभ्यर्थियों को अपने साथ प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) तथा वैध फोटो पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लाना होगा। परीक्षा केंद्रों के भीतर मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट अथवा अन्य प्रतिबंधित सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं होगी। जिला प्रशासन ने परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा परीक्षा की गोपनीयता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए हैं।

# साहित्यकार सुरेंद्र मिन्हास कहलूरी की पुस्तक 'जणेत' का विमोचन



पुस्तक का विमोचन करते हुए जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल व अन्य। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** भाषा एवं संस्कृति विभाग बिलासपुर द्वारा बहुउद्देश्यीय सांस्कृतिक परिसर में साहित्यकार/कलाकार से मिलिए कार्यक्रम के अंतर्गत कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल ने की तथा संचालन गायत्री शर्मा ने किया। युवा साहित्यकारों प्रविंद्र शर्मा और प्रीति शर्मा मधु को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर साहित्यकार सुरेंद्र मिन्हास कहलूरी द्वारा लिखित पुस्तक 'जणेत' का विमोचन जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल तथा उपस्थित साहित्यकारों द्वारा किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि स्थानीय भाषा, लोक संस्कृति और जनजीवन से जुड़े साहित्य का संरक्षण समय की आवश्यकता है तथा ऐसी कृतियां क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

द्वितीय सत्र में आयोजित कवि सम्मेलन में पर्यावरण संरक्षण विषय प्रमुख रूप से केंद्र में रहा। रवींद्र कुमार शर्मा ने अपनी पहाड़ी रचना में कहा कि मानवता खतरे में पड़ी है, यह सबको है समझाना, प्रकृति से खिलवाड़ नहीं करना, पर्यावरण है बचाना। जीत राम सुमन ने 'मैं पर्यावरण हूं' कविता के माध्यम से प्रदूषित होती हवा और जल स्रोतों पर चिंता व्यक्त की। इंद्र सिंह चंदेल ने 'प्रभु ने किया है देखो प्रकृति का श्रृंगार, हमको दिया है प्रकृति का अमूल्य उपहार' पंक्तियों के माध्यम से प्रकृति के महत्व को रेखांकित किया। अरुण डोगरा रीतू ने अपनी कविता में कहा कि एक पेड़ गिरा था कल मगर जंगल रोया था, कुल्हाड़ी की धार पर केवल तना नहीं, एक घोंसला भी खोया था।' सुशील पुंडीर ने विश्व पर्यावरण दिवस पर औपचारिकताओं पर व्यंग्य करते हुए श्रोताओं को सोचने पर मजबूर किया। इसके अतिरिक्त अनेक साहित्यकारों ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। नीलम चंदेल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

# कॉलेजों में विषय और पद खत्म करने का फैसला छात्र हितों के खिलाफ : जम्वाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन के नाम पर प्रदेश के विभिन्न डिग्री कॉलेजों में स्वीकृत विषयों और पदों को समाप्त किए जाने के प्रस्ताव का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार पहले ही हजारों संस्थान बंद कर चुकी है और अब कॉलेजों में साइंस, कॉमर्स तथा गणित जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी कैंची चलाई जा रही है।

जम्वाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य शिक्षा के अवसरों का विस्तार करना है, न कि उन्हें सीमित करना। ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं, पर इस निर्णय का प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी कॉलेज में छात्र संख्या कम है तो उसे मजबूत किया जाना चाहिए, न कि विषय और पद समाप्त किए जाने चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार ने यदि कॉलेजों में स्वीकृत विषयों और पदों को यथावत नहीं रखा तो भाजपा इस मुद्दे पर आंदोलन शुरू करेगी।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बरमाना में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरमाना में विश्व पर्यावरण दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए ग्रीन-डे, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर निर्माण, स्लोगन लेखन तथा जागरूकता रैली जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, जल संरक्षण और स्वच्छता का संदेश दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपिका शर्मा ने विद्यार्थियों को विश्व पर्यावरण दिवस 2026 की थीम 'क्लाइमेट एक्शन फॉर ए बेटर टुमारो' की जानकारी देते हुए जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

## पेंशनर्स वेलफेयर एसो. की त्रैमासिक बैठक 10 को

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला बिलासपुर की त्रैमासिक बैठक 10 जून को जगन पैलेस में आयोजित होगी। एसोसिएशन के प्रधान जगदीश दिनेश ने बताया कि बैठक में पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं, संगठन की गतिविधियों तथा आगामी जेसीसी बैठक में संगठन की भूमिका पर चर्चा की जाएगी। सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है।

## ग्रामीण संस्कृति को बढ़ावा देने में कुश्तियों की अहम भूमिका : अनमोल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के बैरी में तिलक राज शर्मा द्वारा आयोजित भव्य छिंज प्रतियोगिता में दूर-दराज से आए पहलवानों ने दमखम दिखाया। छोटी माली में ध्वाल के धीरज ने सोलन के प्रदीप को हराकर जीत दर्ज की, जबकि बड़ी माली में सुराहड़ के सिद्धार्थ ने बागा के सोनू को पराजित किया। विजेताओं और उपविजेताओं को नकद पुरस्कार व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इंजीनियर अनमोल शर्मा ने कहा कि कुश्तियां हमारी पारंपरिक धरोहर हैं, जो ग्रामीण संस्कृति को सहेजने के साथ युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित कर नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। आयोजन स्थल पर मेले जैसा माहौल रहा और लोगों ने विभिन्न व्यंजनों का आनंद लिया।

# डीसी मुकेश ने नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्यों को दिलाई शपथ

## जिला परिषद सदस्यों को बधाई, बोले- ईमानदारी के साथ कार्य करना जनप्रतिनिधियों का दायित्व

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** जिले के सभी 18 नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्यों को उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बचत भवन चंबा के सभागार में संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा की शपथ दिलवाई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने भाग लिया और औपचारिक रूप से अपने पद की जिम्मेदारी संभाली।

उपायुक्त ने सभी जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों का मुख्य दायित्व अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों को ईमानदारी से पूरा करना और सरकारी धन का सही उपयोग सुनिश्चित करना है। इसके अलावा सभी जनप्रतिनिधियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सरकार व प्रशासन द्वारा नशे के खिलाफ किए जा रहे प्रयासों में भी विशेष सहयोग करना होगा ताकि विकास के साथ-साथ एक स्वस्थ व सशक्त तथा नशा मुक्त समाज की परिकल्पना को साकार किया जा सके। उपायुक्त ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से जनगणना संबंधी कार्यों में भी हर संभव सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ और युवा सदस्यों ने अपने विचार साझा किए तथा क्षेत्रीय विकास और चुनौतियों पर चर्चा की। जिला के 18 सदस्यों में 11 पुरुष और 7 महिलाएं शामिल हैं। सबसे युवा सदस्य 25 वर्षीय सुनील दत्त शर्मा (भरमौर वार्ड) हैं, जबकि सबसे कम उम्र की महिला सदस्य 28 वर्षीय रजनी देवी (तीसा क्षेत्र) और दिव्या ज्योति वर्मा (भटियात) हैं। वहीं 75 वर्षीय लीला देवी सबसे वरिष्ठ सदस्य हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त अमित मेहरा, जिला पंचायत अधिकारी महेश ठाकुर सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जिला परिषद सदस्य व अन्य। अनंत ज्ञान

## लिल्हकोठी कॉलेज भवन का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने की मांग

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय डिग्री कॉलेज लिल्हकोठी के विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों ने उपायुक्त चंबा को मांग पत्र सौंपकर कॉलेज भवन निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 में स्थापित यह महाविद्यालय क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्रदान कर रहा है, लेकिन स्थापना के लगभग एक दशक बाद भी इसका भवन अधूरा है। अधूरे भवन के कारण विद्यार्थियों को पुस्तकालय, प्रयोगशाला और अन्य शैक्षणिक सुविधाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। क्षेत्रवासियों ने कहा कि लंबे समय से अधूरा भवन विद्यार्थियों और अभिभावकों में निराशा का कारण बन रहा है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि इसे प्राथमिकता के आधार पर देखा जाए और संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

# जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से विकास कार्यों को मिलेगी नई दिशा: विकास शर्मा

## विकास खंड भरमौर के नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों ने ली शपथ

अनंत ज्ञान



उपमंडल अधिकारी विकास शर्मा ने दिलाई शपथ। अनंत ज्ञान

**भरमौर।** विकास खंड के नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। उपमंडल अधिकारी (ना.) एवं निर्वाचन अधिकारी विकास शर्मा ने सभी निर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के दौरान सदस्यों ने संविधान के प्रति निष्ठा बनाए रखते हुए निष्पक्षता, पारदर्शिता और जनहित को सर्वोपरि रखकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। समारोह में उपस्थित सभी सदस्यों को निर्वाचन अधिकारी ने बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

विकास शर्मा ने कहा कि पंचायत समिति ग्रामीण विकास की धुरी है और क्षेत्र में विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने में इसकी अहम भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी और सकारात्मक सोच से विकास कार्यों को नई दिशा मिलेगी तथा आम लोगों की समस्याओं का बेहतर समाधान हो सकेगा। उन्होंने नवनिर्वाचित सदस्यों से सरकारी योजनाओं और उपलब्ध संसाधनों का पारदर्शी एवं न्यायसंगत उपयोग सुनिश्चित करने का आग्रह किया। साथ ही कहा कि विकास कार्यों में समाज के गरीब, जरूरतमंद और वंचित वर्गों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र लोगों तक पहुंच सके। एसडीएम ने शिक्षा क्षेत्र को विशेष महत्व देते हुए विद्यालयों के सुदृढ़ीकरण, बेहतर शैक्षणिक माहौल और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि पंचायत समिति के सदस्य आपसी समन्वय, जवाबदेही और जनहित की भावना से कार्य करते हुए क्षेत्र के विकास को नई गति दें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी नवनिर्वाचित सदस्य जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे और पंचायत समिति को विकास, सुशासन तथा जनकल्याण का प्रभावी मंच बनाएंगे।

# चंबा वेलफेयर एसोसिएशन ने जनहित मुद्दों पर सरकार और प्रशासन को घेरा

## कचरा प्रबंधन, जल-सीवरेज बिल और गृहकर वृद्धि पर जताई कड़ी नाराजगी

अनंत ज्ञान

**चंबा।** चंबा वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक होटल इरावती में संगठन के प्रधान ओम प्रकाश गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में क्षेत्र से जुड़े विभिन्न जनहित के मुद्दों पर गंभीर चर्चा की गई और प्रशासन व संबंधित विभागों से उनके शीघ्र समाधान की मांग की गई। बैठक में सबसे प्रमुख रूप से कचरा प्रबंधन और स्वच्छता व्यवस्था का विषय उठाया गया।

संगठन के सदस्यों ने कहा कि नगर परिषद और पंचायत क्षेत्रों में बढ़ता कचरा एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रशासन के साथ-साथ आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। संगठन ने कचरे के पृथक्करण को बढ़ावा देने, जन-जागरूकता अभियान चलाने तथा कूड़ा निस्तारण संयंत्र के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित करने की मांग की। इसके अलावा, जल शक्ति विभाग द्वारा पिछले कई महीनों से जल एवं सीवरेज बिलों की भुगतान प्रक्रिया बंद किए जाने पर भी सदस्यों ने कड़ा रोष व्यक्त किया। उनका कहना था कि इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को कई बार अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन जनता को अब तक कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। इससे लोगों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है और भविष्य में एकमुश्त बिल वसूली की आशंका बढ़ रही है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि विभाग शीघ्र स्थिति स्पष्ट नहीं करता तो यह मामला प्रदेश सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। बैठक में नगर परिषद चंबा द्वारा लागू गृहकर वृद्धि पर भी पुनर्विचार की मांग की गई।



ओम प्रकाश गोस्वामी की अध्यक्षता में हुई बैठक। अनंत ज्ञान

# खुंदेल पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी के समक्ष रखी सड़क, पुलियों और कचरा प्रबंधन की समस्या



समस्याओं को लेकर डीसी से मिलता खुंदेल पंचायत का प्रतिनिधिमंडल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** भरमौर उपमंडल की खुंदेल पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को उपायुक्त चंबा से मुलाकात कर क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। पंचायत प्रधान लतीफ के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने जर्जर सड़क, क्षतिग्रस्त पुलियों और कचरा प्रबंधन की गंभीर समस्या पर तुरंत कार्रवाई की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि ध्यारा क्षेत्र को जोड़ने वाला लगभग 13 किलोमीटर लंबा मार्ग लंबे समय से खराब स्थिति में है। पिछले वर्ष भारी बारिश के दौरान कई पुलियां बह गई थीं, जिनका पुनर्निर्माण अभी तक नहीं हुआ है। इस कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों, बुजुर्गों और बच्चों की आवाजाही सबसे अधिक प्रभावित हो रही है, जबकि आपात स्थिति में हालात और भी गंभीर हो जाते हैं। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि विकास के दावों के बावजूद ग्रामीण आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। उन्होंने सड़क और पुलियों के पुनर्निर्माण कार्य को प्राथमिकता देने की मांग की। इसके साथ ही एनएचपीसी द्वारा क्षेत्र में कचरा फेंके जाने का मुद्दा भी उठाया गया, जिससे पर्यावरण को नुकसान और पशुधन की हानि हो रही है। प्रतिनिधिमंडल ने कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण और डंपिंग साइट विकसित करने की मांग की। उपायुक्त ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने का आश्वासन दिया।

# खजियार के 'जंगलों' में फेंका जा रहा प्लास्टिक और कचरा

अनंत ज्ञान

**देशराज कश्यप, धरवाला।** पर्यटन स्थल खजियार जिसे मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से भी जाना जाता है घने-घने देवदार के पेड़ व मैदान के बीच स्थित प्राकृतिक झील जिसकी सुंदरता का हर कोई कायल है पर्यटन सीजन के चलते अक्सर वीकेंड पर काफी भीड़ यहां जुटती है जिससे पर्यटन व्यवसाय से जुड़े कारोबारियों जैसे घोड़ा खच्चर, रोलिंग वॉल, मिकी माउस, पैराग्लाइडिंग, फोटोग्राफर, रेहड़ी धारक, ढाबा संचालक, गेस्ट हाउस वह होटल व्यवसाय से जुड़े कारोबारियों की अच्छी आय इस बार देखने को मिल रही है।

गौरतलब है कि खजियार के 90% लोगों के मुख्य आय का साधन पर्यटन कारोबार से ही जुड़ा हुआ है वहीं महज खजियार झील से चंद मीटर की दूरी पर स्थित सार्वजनिक शौचालय के इर्द-गिर्द वह जंगलों तथा नालियों में कचरे के ढेर वह प्लास्टिक जो इस प्राकृतिक स्वर्ग की सुंदरता पर बहुत बड़ा ग्रहण लगा रहे हैं। भारी संख्या में पहुंचने वाले पर्यटक तथा पिकनिक मनाने वाले लोग खाली प्लास्टिक की बोतलें चिप्स बिस्कुट के रैपर व अन्य कचरा खुले में फेंक देते हैं न सिर्फ पर्यटक बल्कि स्थानीय लोग भी भारी मात्रा में कचरा खुले में फेंक रहे हैं जिसे पास लगती नालियों व जंगलों में भारी मात्रा में साफ देखा जा सकता है।



एक ओर जहां इको टूरिज्म के नाम पर भारी शुल्क वसूला जाता है वहीं जमीनी स्तर पर साफ सफाई और कचरा प्रबंधन के नाम पर नियमों का उल्लंघन धडल्ले से हो रहा है। पर्यटकों व पिकनिक मनाने आए लोगों को खुद अपने कचरे को अपने साथ ले जाने की आदत डालनी होगी। वहीं प्रशासन को नियमित साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी वह खुले में कचरा फैलाने या फेंकने बालों पर भारी जुर्माना लगाना चाहिए ताकि विश्व विख्यात पर्यटन स्थल खजियार की खूबसूरती को कचरा रूपी ग्रहण से बचाया जा सके।

# आरएसपीएल ग्रुप के 50 साल पूरे, 'घड़ी डिटर्जेंट' बना 32% घरों की पहली पसंद

अनंत ज्ञान

**लुधियाना/अमृतसर।** भारत के अग्रणी एफएमसीजी समूहों में शामिल आरएसपीएल ग्रुप ने अपनी स्थापना के 50 गौरवशाली वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया। यह केवल एक कंपनी की स्वर्णिम यात्रा नहीं, बल्कि उस भारत की कहानी भी है जिसने पिछले पांच दशकों में आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और नवीनता के बल पर विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। पिछले 50 वर्षों में आरएसपीएल ने सदैव 'भारत में बना, भारतीयों के लिए बना' के अपने मूल विचार को केंद्र में रखा है। यही भावना उसे देश के करोड़ों परिवारों से जोड़ती है।

देशभर में स्थापित 24 से अधिक विनिर्माण इकाइयों के माध्यम से समूह ने घरेलू उत्पादन को सशक्त बनाया और भारतीय उद्योग की सामर्थ्य को नई पहचान दिलाई है। आरएसपीएल ग्रुप के डायरेक्टर श्री मनोज ज्ञानचंदानी ने कहा: '50 वर्षों की इस प्रेरणादायक यात्रा में आरएसपीएल ने एक उत्पाद से शुरुआत कर एक बहुआयामी उपभोक्ता समूह के रूप में अपनी पहचान बनाई है। जैसे-जैसे हम लाइफस्टाइल और फूड श्रेणियों में अपनी उपस्थिति मजबूत कर रहे हैं, हमारा उद्देश्य बेहतर गुणवत्ता, नवीनता और उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों के अनुरूप उत्पाद उपलब्ध कराना है। यह उपलब्धि हमें भारत और वैश्विक बाजारों में आने वाले कल के लिए और अधिक मजबूत बनने की प्रेरणा देती है।'

इस ऐतिहासिक अवसर पर आरएसपीएल ग्रुप ने अपनी प्रेरणादायक यात्रा पर आधारित एक विशेष शॉर्ट फिल्म का भी विमोचन किया। प्रसिद्ध अभिनेता एवं फिल्म निर्माता रजत कपूर की आवाज में प्रस्तुत यह फिल्म उन मूल्यों, संघर्षों, विश्वास और परिवर्तन की कहानी को जीवंत करती है, जिन्होंने आरएसपीएल को एक छोटे से प्रयास से भारतीय विश्वास का प्रतीक समूह बनने तक की यात्रा में मार्गदर्शन दिया। यह अवसर इसलिए भी विशेष है क्योंकि आरएसपीएल के प्रमुख और लोकप्रिय ब्रांड घड़ी डिटर्जेंट ने भी अपने 50 वर्ष पूरे किए हैं। इसकी शुरुआत उत्तर प्रदेश के कानपुर में मुरलीधर ज्ञानचंदानी और बिमल कुमार ज्ञानचंदानी ने एक साधारण लेकिन बड़े सपने के साथ की थी। आज घड़ी डिटर्जेंट देश के करोड़ों परिवारों का भरोसेमंद साथी बन चुका है और लगभग 32 प्रतिशत भारतीय घरों तक इसकी पहुंच है।

# बैलेंस ऑफ पेमेंट्स गैप भरने की तैयारी में आरबीआई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़/लुधियाना।** आरबीआई और सरकार ने आज रुपए पर दबाव कम करने के लिए इंडियन एसेट्स में कैपिटल फ्लो बढ़ाने की दिशा में मिलकर कोशिश की। ये उपाय शॉर्ट-टर्म फिक्स के साथ-साथ G-secs में एफपीआई इन्वेस्टमेंट पर टैक्सेशन में बदलाव जैसे बड़े स्ट्रक्चरल रिफॉर्म्स का मिक्स थे। इनके मिले-जुले असर से बैलेंस ऑफ पेमेंट्स में 40-50 बिलियन के गैप को भरने में मदद मिल सकती है, जिसका हमने FY27 के लिए अनुमान लगाया था। हमें लगता है कि आने वाले महीनों में रुपए में बढ़त की संभावना है क्योंकि इन उपायों की वजह से असल फ्लो धीरे-धीरे आने लगेंगे। पॉलिसी अनाउंसमेंट ग्रोथ और इन्फ्लेशन के असेसमेंट में भी खास थी। सेंट्रल बैंक ने सप्लाई चेन में रुकावट और कीमतों के दबाव में बढ़ोतरी के कारण ग्रोथ के लिए डाउनसाइड रिस्क को पहचाना। साथ ही, FY27 के लिए इन्फ्लेशन फोरकास्ट में 50bps की बढ़ोतरी और 5.1 प्रतिशत को देखते हुए पॉलिसी को थोड़ा सख्त माना जा सकता है। इससे अक्तूबर पॉलिसी से रेट हाइक साइकिल शुरू होने की संभावना बढ़ जाती है। हमारा अनुमान है कि FY27 में कुल 50bps रेट में बढ़ोतरी होगी।

# नेस्ले इंडिया ने पर्यावरण दिवस पर दोहराई प्लास्टिक न्यूट्रलिटी की प्रतिबद्धता

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, शिमला।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नेस्ले इंडिया ने जिम्मेदार पैकेजिंग और प्लास्टिक कचरा प्रबंधन को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। कंपनी ने कहा कि वह चक्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और समुदाय आधारित अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देने पर लगातार काम कर रही है।



नेस्ले इंडिया के कॉर्पोरेट अफेयर्स, सस्टेनेबिलिटी और सीएसआर प्रमुख कुंवर हिम्मत सिंह ने कहा कि प्लास्टिक कचरे की समस्या के समाधान के लिए डिजाइन से लेकर संग्रहण तक हर स्तर पर प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी अब तक की प्रगति पर गर्व करती है, लेकिन अभी और काम किया जाना बाकी है।

कंपनी ने बताया कि वह बाजार में लाई गई प्लास्टिक पैकेजिंग के बराबर संग्रहण और प्रसंस्करण कर रही है और वित्त वर्ष 2025-26 में करीब 25,000 मीट्रिक टन प्लास्टिक का जिम्मेदारीपूर्वक प्रबंधन किया गया। नेस्ले इंडिया 2020 से प्लास्टिक-न्यूट्रल बनी हुई है। नेस्ले ने बताया कि वह पैकेजिंग में कम प्लास्टिक और अधिक पुनर्चक्रित सामग्री के उपयोग पर भी जोर दे रही है, जिससे नए प्लास्टिक पर निर्भरता कम हो रही है। कंपनी की 'प्रोजेक्ट हिल्दारी' पहल के तहत शिमला और थियोग सहित 10 पर्यटन स्थलों पर कचरा प्रबंधन को मजबूत किया जा रहा है। इस परियोजना के जरिए 1,30,000 से अधिक घरों तक पहुंचकर कचरा पृथक्करण को बढ़ावा दिया गया है और हजारों टन कचरे को लैंडफिल में जाने से रोका गया है।

# कृति सेनन वोग आईवियर की नई ब्रांड एंबेसडर बनीं

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** वोग आईवियर ने अभिनेत्री कृति सेनन को अपना नया महिला ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। इस घोषणा के साथ ब्रांड ने अपना नया कैंपेन 'Vogue Eyewear Journeys' भी लॉन्च किया है, जो आत्म-खोज और व्यक्तिगत स्टाइल की थीम पर आधारित है।

इस कैंपेन में कृति सेनन लंबे समय से ब्रांड से जुड़े अभिनेता शाहिद कपूर के साथ नजर आएंगी। ब्रांड का उद्देश्य नई पीढ़ी की सोच, आत्मविश्वास और व्यक्तिगत पहचान को फैशन के जरिए दर्शाना है। कृति सेनन ने कहा कि वोग आईवियर उनके व्यक्तिगत स्टाइल और बहुमुखी व्यक्तित्व को दर्शाता है। उन्होंने इस कैंपेन को आत्म-खोज की यात्रा को खूबसूरती से पेश करने वाला बताया। वहीं, शाहिद कपूर ने कहा कि कृति के जुड़ने से कैंपेन में नई ऊर्जा आई है और यह अभियान ब्रांड की विकसित होती सोच को दर्शाता है। 'Vogue Eyewear Journeys' कैंपेन में फैशन को आत्म-अभिव्यक्ति और बदलते व्यक्तित्व के रूप में दिखाया गया है, जिसमें 'When you meet you, you find you' जैसी थीम को प्रमुखता दी गई है। कैंपेन का फोकस आईवियर को एक जरूरी फैशन एक्सेसरी के रूप में प्रस्तुत करना है।

# मोहाली गोशाला का मंत्री मुंडियां ने किया दौरा, सुविधाओं की सराहना



अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** पंजाब के कैबिनेट मंत्री सरदार हरदीप सिंह मुंडियां ने गोसेवा आयोग के वाइस चेयरमैन कीमती भगत और पार्षद डॉ. सन्नी आहलूवालिया के साथ फेज-1 स्थित गो अस्पताल एवं गोशाला का दौरा किया।

दौरे के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने गौवंश की देखभाल, उपचार सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था और सेवा कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने गौ सेवा को एक महान पुण्य कार्य बताते हुए समाज से इसमें सहयोग बढ़ाने की अपील की। इस अवसर पर गो पूजन, गो आरती और तुला दान भी किया गया। साथ ही गोवंश को हरा चारा, भूसा, फल और विशेष पौष्टिक आहार खिलाया गया। गोशाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुधीर कुमार गोयल ने बताया कि अब तक 1485 गौवंश को रेस्क्यू कर उपचार के लिए लाया जा चुका है, जबकि वर्तमान में 215 गौवंश का उपचार जारी है। उन्होंने पंजाब का पहला 24×7 मल्टी-स्पेशलिटी गो अस्पताल और विशाल गोशाला के लिए भूमि उपलब्ध कराने की मांग रखी, जिस पर नेताओं ने सरकार स्तर पर सहयोग का आश्वासन दिया।

# जींद में 3867 किलो अवैध पटाखा बरामद 3 आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, जींद।** सीआईए सफीदों पुलिस ने असंध-सफीदों रोड पर गांव रोहड बस अड्डे के पास एक पिकअप और ट्रक से भारी मात्रा में अवैध पटाखे और विस्फोटक सामग्री बरामद की है। बरामद सामग्री का कुल वजन 3867 किलोग्राम बताया गया है। पुलिस ने मौके से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान जसबीर उर्फ महीपाल और नीरज के रूप में हुई है। सभी आरोपी हरियाणा के कैथल और करनाल जिलों के रहने वाले हैं।

पुलिस के अनुसार, दोनों वाहनों में 595 गत्ते की पेटियां भरी हुई थीं, जिनमें पटाखे और विस्फोटक सामग्री पाई गई। जांच के दौरान आरोपियों के पास कोई वैध लाइसेंस या दस्तावेज नहीं मिला। सीआईए प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में यह बरामदगी हुई। पुलिस ने सामान और वाहनों को कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पर्यटकों ने लगाए 100 से अधिक पौधे, 2,500 से ज्यादा लोगों ने ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर छत्तबीड़ चिड़ियाघर में एक अनूठा आयोजन किया गया। इस बार पौधरोपण अभियान में अधिकारियों के बजाय आम पर्यटकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पंजाब तथा अन्य राज्यों से आए पर्यटकों ने चिड़ियाघर परिसर में 100 से अधिक पौधे लगाए और अपनी सामान्य यात्रा को पर्यावरण संरक्षण के एक सार्थक अभियान में बदल दिया। पौधरोपण कार्यक्रम के उपरांत सामूहिक पर्यावरण शपथ समारोह आयोजित किया गया, जिसमें 2,500 से अधिक आगंतुकों ने प्रकृति के संरक्षण, संवर्धन और पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।



इस पहल का नेतृत्व फील्ड डायरेक्टर नलिन यादव तथा शिक्षा एवं लोक संपर्क अधिकारी हरपाल सिंह ने किया। संरक्षण गतिविधियों में आम जनता की प्रत्यक्ष भागीदारी सुनिश्चित करने के उनके प्रयासों की आगंतुकों ने व्यापक सराहना की। फील्ड डायरेक्टर नलिन यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं हो सकता। जब कोई व्यक्ति अपने हाथों से एक पौधा लगाता है, तो उसके साथ उसका आजीवन भावनात्मक संबंध बन जाता है। यही भावना प्रकृति संरक्षण की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी चिड़ियाघर की हरित पहलों में जनभागीदारी को नियमित रूप से शामिल किया जाएगा, ताकि यह संदेश और अधिक प्रभावी ढंग से प्रसारित हो सके कि पर्यावरण संरक्षण की शुरुआत प्रत्येक नागरिक से होती है।

# आईएचसीएल ने 'पथ्या' के तहत हरित हॉस्पिटैलिटी पर दोहराई प्रतिबद्धता

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** इंडियन होटल्स कंपनी (आईएचसीएल) ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अपने ईएसजी+ फ्रेमवर्क, 'पथ्या' के तहत जिम्मेदारी के साथ हॉस्पिटैलिटी को बढ़ावा देने के अपने संकल्प को फिर से दोहराया है। कंपनी ने सकारात्मक बदलाव लाने के मकसद से 'पथ्या' की शुरुआत की है, जिनमें स्वच्छ ऊर्जा का इस्तेमाल, पानी का सही प्रबंधन, कचरे को री-सायकल करके इस्तेमाल में लाने, कचरा कम करने, पर्यावरण के अनुकूल वाहनों का इस्तेमाल करने और पर्यावरण सुरक्षा के तय मानकों को पूरा करने जैसे आईएचसीएल की कई पहलों को एक साथ जोड़ा गया है।

आईएचसीएल में ह्यूमन रिसोर्स के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, गौरव पोखरियाल ने कहा कि इन दिनों संसाधनों के कुशल तरीके से इस्तेमाल कर अधिक ध्यान दिया जाने लगा है, और पर्यावरण सुरक्षा पर लगातार जोर दिए जाने की वजह से हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में भी कामकाज के तरीके में बदलाव आया है। यह इंडस्ट्री धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है, और ऐसे में हमें भी जागरूक पर्यटकों की उम्मीदों पर खरा उतारते हुए पर्यावरण की देखरेख के साथ-साथ अपने बिजनेस को बेहतर बनाने का मौका मिल रहा है। पथ्या के जरिए आईएचसीएल का नजरिया इसी सोच को दिखाता है, जिसमें रोजमर्रा के कामकाज के तरीकों को उन पहलों से जोड़ा गया है जो हमारे समाज और पर्यावरण की भलाई में मदद करते हैं, जिनका हम हिस्सा हैं।

आईएचसीएल अपने पर्यावरण पर पड़ने वाले असर को कम करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है, और अब इसकी 41 फीसदी बिजली नवीकरणीय संसाधनों से आती है। कंपनी ने 171 स्थानों पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 386 चार्जिंग स्टेशन लगाए हैं, खुद के 108 ऑर्गेनिक वेस्ट कंपोस्टिंग प्लांट चालू किए हैं, और एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक को कम करने के लिए पानी के 85 बॉटलिंग प्लांट चला रही है। इसके अलावा, कंपनी के होटलों से निकलने वाले 54 फीसदी गंदे पानी को री-सायकल करके दोबारा इस्तेमाल में लाया जा रहा है।

# समग्र शिक्षा की निशुल्क कोचिंग से सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने रचा इतिहास

## 32 विद्यार्थियों ने जेईई मुख्य परीक्षा और 6 ने जेईई उन्नत परीक्षा में हासिल की सफलता, 'सुपर-100' योजना से आगे बढ़ने का मिला अवसर

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में समग्र शिक्षा की नि:शुल्क प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग योजना 'सुपर-100' ने एक बार फिर अपनी उपयोगिता सिद्ध की है। सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मुख्य में 32 तथा जेईई उन्नत में 6 सफलताएं अर्जित की हैं। यह उपलब्धि उन विद्यार्थियों के लिए विशेष महत्व रखती है, जिनके सामने संसाधनों और आर्थिक सीमाओं के कारण उच्च स्तरीय कोचिंग प्राप्त करना कठिन होता है।

जानकारी के अनुसार समग्र शिक्षा द्वारा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 'सुपर-100' कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों का चयन राज्यस्तरीय परीक्षा के माध्यम से किया जाता है। वर्ष 2025 में आयोजित चयन परीक्षा में प्रदेश के 850 सरकारी विद्यालयों के 5,193 विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिनमें से 200 विद्यार्थियों का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को नि:शुल्क ऑनलाइन कक्षाएं, अध्ययन सामग्री, नियमित परीक्षण, मार्गदर्शन सत्र तथा आवासीय प्रशिक्षण शिविरों की सुविधा उपलब्ध करवाई गई।

जेईई मुख्य परीक्षा में सफल 32 विद्यार्थियों में 23 छात्र और 9 छात्राएं शामिल हैं। जिला मंडी के 6 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर प्रदेश में अग्रणी स्थान हासिल किया, जबकि चंबा और सोलन के 5-5, हमीरपुर और कांगड़ा के 4-4, बिलासपुर और शिमला के 3-3, सिरमौर के 2 तथा कुल्लू और ऊना के 1-1 विद्यार्थी सफल रहे। इन परिणामों ने यह साबित किया है कि उचित मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।




'सुपर-100' योजना के अंतर्गत निशुल्क कोचिंग प्राप्त कर जेईई मुख्य एवं जेईई उन्नत परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले मेधावी विद्यार्थी।

### यह सरकारी विद्यालयों की गुणवत्ता व छात्रों की प्रतिभा का प्रमाण : डॉ. राजेश

**समग्र** शिक्षा निदेशक डॉ. राजेश शर्मा ने सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि सरकारी विद्यालयों में प्रदान की जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शिक्षकों की मेहनत तथा विद्यार्थियों की प्रतिभा और लगन का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद सरकारी विद्यालयों के छात्र राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, जो पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेगी। वहीं राज्य समन्वयक सोनिया शर्मा ने बताया कि वर्ष 2021 से अब तक सुपर-100 कार्यक्रम के माध्यम से 76 विद्यार्थी जेईई परीक्षा में सफलता प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के लिए विशेष मार्गदर्शन, अध्ययन सामग्री और विशेषज्ञ शिक्षकों का सहयोग प्रदान करती है।

# सीएम ने जनप्रतिनिधियों-मतदाताओं का किया अपमान : डॉ. राजीव बिंदल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा जिला परिषद और बीडीसी प्रतिनिधियों को लेकर की गई टिप्पणी की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि यह बयान प्रदेश के हजारों निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और उन्हें चुनने वाले लाखों मतदाताओं का सीधा अपमान है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता द्वारा चुना गया प्रत्येक प्रतिनिधि सम्मान का अधिकारी होता है और उसके महत्व को कमतर आंकना संविधान की भावना के विपरीत है। डॉ. बिंदल ने कहा कि जिला परिषद, बीडीसी और पंचायत प्रतिनिधि गांवों और स्थानीय स्तर पर जनता की आवाज बनकर विकास कार्यों को आगे बढ़ाते हैं। ऐसे प्रतिनिधियों की भूमिका को एक दिन की अहमियत तक सीमित बताना न केवल जनमत का अनादर है बल्कि लोकतंत्र की जड़ों पर भी प्रहार है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के बयान से कांग्रेस की वह मानसिकता उजागर हुई है जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों को पर्याप्त सम्मान नहीं दिया जाता। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए पंचायतीराज और स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस को जनता ने स्पष्ट रूप से नकार दिया है। नगर निगमों, नगर परिषदों, जिला परिषदों और पंचायतों में मिले जनादेश ने यह साबित कर दिया है कि प्रदेश की जनता सरकार की नीतियों से संतुष्ट नहीं है। भाजपा अध्यक्ष ने दावा किया कि चुनावी पराजय से उपजी हताशा और बौखलाहट के कारण कांग्रेस नेतृत्व इस प्रकार की टिप्पणियां कर रहा है। डॉ. बिंदल ने आरोप लगाया कि चुनावों में मिली हार के बाद कांग्रेस सरकार जनता से राजनीतिक प्रतिशोध लेने की मानसिकता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में स्कूलों और महाविद्यालयों को बंद करने के निर्णय इसी सोच को दर्शाते हैं। विशेषकर सिरमौर सहित कई क्षेत्रों में शिक्षण संस्थानों पर ताले लगाने के फैसले जनता के हितों के खिलाफ हैं और इससे विद्यार्थियों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से अपने बयान पर तत्काल सार्वजनिक माफी मांगने को कहा। उन्होंने कहा कि जनता सब कुछ देख रही है और समय आने पर लोकतांत्रिक तरीके से इसका जवाब भी देगी।



◆ कहा- जनता लोकतांत्रिक तरीके से देगी जवाब

# नीरज के आरोपों से पार्टी की छवि को पहुंचा नुकसान : प्रो. चंद्र कुमार


## पार्टी मंच पर उठानी चाहिए थी नाराजगी, सोशल मीडिया पर टिप्पणी अनुचित

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। प्रदेश के कृषि मंत्री प्रो. चन्द्र कुमार ने पूर्व विधायक नीरज भारती द्वारा कांग्रेस पार्टी की कार्यप्रणाली पर लगाए गए आरोपों का खंडन करते हुए कहा है कि कांग्रेस विचारों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देने वाली पार्टी है, लेकिन सार्वजनिक मंचों और सोशल मीडिया पर इस प्रकार की टिप्पणियां करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि नीरज भारती को किसी प्रकार की नाराजगी थी तो उन्हें इसे पार्टी अध्यक्ष और संगठन के समक्ष रखना चाहिए था। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार पद पर रहते हुए आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति करने से पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचा है और इससे उनका राजनीतिक कद भी प्रभावित हुआ है।

प्रो. चन्द्र कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने सिद्धांतों और मूल्यों के लिए जानी जाती है तथा वर्तमान प्रदेश सरकार अपनी प्रतिबद्धताओं को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए किसानों के हित में अनेक फैसले लिए गए हैं। किसान आयोग के गठन का निर्णय भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे प्रदेश के किसानों को सीधे लाभ मिलेगा।

कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ओपीएस बहाली, इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना और राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना जैसी कई जनहितैषी योजनाओं के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई शुरू की गई है, जबकि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं। इसके अलावा 156 सीबीएसई विद्यालय भी खोले गए हैं।



◆ इस हरकत से नीरज का राजनीतिक कद भी प्रभावित

### स्वास्थ्य और गरीब कल्याण पर फोकस

**प्रो.** चंद्र कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रदेश में पहली बार रोबोटिक सर्जरी, पैट स्कैन, थ्री टेस्ला एमआरआई और आधुनिक सीटी स्कैन जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। उन्होंने बताया कि 'अपना परिवार-सुखी परिवार' योजना के तहत अति गरीब परिवारों को प्रतिमाह 300 यूनिट नि:शुल्क बिजली देने का निर्णय लिया गया है, जिससे लगभग एक लाख परिवार लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी नीतियों और परिवर्तनकारी पहलों के सकारात्मक परिणाम अब धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं और प्रदेश की जनता सरकार की नीतियों पर लगातार विश्वास जता रही है।

# विमल नेगी प्रकरण में सीबीआई खुलासों से उठे सवाल : संजीव




भाजपा बैठक को संबोधित करते प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी की दीपकमल चक्कर स्थित एक महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल ने विमल नेगी प्रकरण को लेकर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियों द्वारा अदालत में प्रस्तुत तथ्यों और हालिया खुलासों ने प्रदेश की प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। फर्जी कंप्लीशन सर्टिफिकेट जारी करने, दस्तावेजों में कथित हेरफेर और नियमों को दरकिनार कर फैसले लेने जैसे आरोप बेहद चिंताजनक हैं तथा इनकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। कटवाल ने कहा कि यदि किसी परियोजना की वास्तविक स्थिति और आधिकारिक अभिलेखों में अंतर होने के बावजूद प्रमाणपत्र जारी किए गए, अधिकारियों पर दबाव बनाया गया और आपत्तियां दर्ज करने वालों को निर्णय प्रक्रिया से अलग किया गया, तो यह सुशासन और प्रशासनिक जवाबदेही के लिए गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता जानना चाहती है कि आखिर किन लोगों के संरक्षण में यह पूरा घटनाक्रम चलता रहा और इतने गंभीर आरोपों के बावजूद समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

### दोषियों को बचाने में लगी प्रदेश सरकार

**भाजपा** प्रदेश महामंत्री ने कहा कि विमल नेगी प्रकरण केवल एक व्यक्ति से जुड़ा मामला नहीं, बल्कि पारदर्शिता, जवाबदेही और संस्थागत प्रक्रियाओं की विश्वसनीयता से जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार और राजनीतिक संरक्षण से जुड़े सवाल लगातार उठ रहे हैं। भाजपा इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई और सच्चाई को जनता के सामने लाने की मांग करती है। बैठक में विधायक बलबीर वर्मा, पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्रैपलिंग में कविता को रजत, मयंक को कांस्य पदक

## वियतनाम के दानांग में आयोजित यूडब्ल्यूडब्ल्यू एशियाई ग्रैपलिंग चैंपियनशिप

अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** वियतनाम के दानांग में आयोजित यूडब्ल्यूडब्ल्यू एशियाई ग्रैपलिंग चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए पदक जीते हैं। जिला मंडी के मौवीसेरी की रहने वाली कविता चौहान ने रजत पदक, जबकि जिला शिमला की तहसील सुन्नी के डोमेहर निवासी मयंक पाल ने कांस्य पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से प्रदेश में खुशी की लहर है। भारतीय ग्रैपलिंग संघ के चेयरमैन एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने कविता चौहान और मयंक पाल को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है कि प्रदेश के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए पदक जीत रहे हैं और देश का मान बढ़ा रहे हैं।एमेच्योर ग्रैपलिंग संघ हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष एवं बल्ह निवासी संजय कुमार तथा उपाध्यक्ष नील कमल ने भी दोनों खिलाड़ियों को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। संघ के महासचिव एवं एशियाई पदक विजेता पहलवान जितेंद्र चौहान ने भारतीय ग्रैपलिंग संघ के अध्यक्ष ओम प्रकाश नरवाल, महासचिव सुबोध कुमार यादव, कोषाध्यक्ष बलविंदर सिंह तथा भारतीय ग्रैपलिंग के पितामह शिव कुमार पांचाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और विश्वास के कारण खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला, जिसका परिणाम आज अंतरराष्ट्रीय मंच पर पदकों के रूप में सामने आया है।




# बंगाणा में 24 जून से शुरू होगा 3 दिवसीय पिपलू मेला

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमंडल बंगाणा में आयोजित होने वाला तीन दिवसीय जिला स्तरीय पिपलू मेला इस वर्ष 24 से 26 जून तक श्रद्धा, संस्कृति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। मेले के सफल आयोजन को लेकर कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने शनिवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों, मेला समिति के पदाधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मेले के आयोजन से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं, समितियों की जिम्मेदारियों तथा आवश्यक प्रबंधों पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक ने अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। विधायक विवेक शर्मा ने बताया कि 24 जून को पारंपरिक फेरी एवं झंडा रस्म के साथ पिपलू मेले का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। क्षेत्र की लोक परंपराओं और धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और लोगों की संभावित भागीदारी को देखते हुए प्रशासन को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पिपलू मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान, धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक विरासत का प्रतीक है। इसके सफल आयोजन में प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों की सहभागिता महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# नवनिर्वाचित प्रधान-उपप्रधान 15 को लेंगे शपथ

## 27 जून को होगी पहली बैठक, अगस्त माह में मिलेगा 35 दिनों का मानदेय

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के हालिया चुनावों के बाद अब गांवों की नई हुकूमत औपचारिक रूप से कामकाज संभालने जा रही है। चुनावी सरगर्मियों और सियासी मुकाबलों के बाद अब विकास, जवाबदेही और जनसेवा का नया दौर शुरू होने वाला है। प्रदेश की हजारों पंचायतों में जनता के भरोसे से चुने गए प्रतिनिधि अपने अरमानों, इरादों और ख्वाबों को हकीकत का रूप देने के लिए तैयार हैं। सरकार ने नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के शपथ ग्रहण और पहली बैठकों का कार्यक्रम तय कर दिया है, जिससे ग्रामीण विकास की नई दास्तान लिखने का रास्ता साफ हो गया है। जानकारी के अनुसार राज्य सरकार के निर्णय के अनुसार 15 जून को राज्य के 3,754 प्रधानों और 3,754 उपप्रधानों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। इस बार शपथ ग्रहण की प्रक्रिया में भी बदलाव किया गया है। पूर्व वर्षों की तरह मुख्यमंत्री द्वारा मंडल स्तर पर शपथ दिलाने के बजाय अब जिला स्तर पर मंत्रियों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही पंचायत समिति और जिला परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों की पहली आधिकारिक बैठक 27 जून को आयोजित होगी।

यही वह दिन होगा जब नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों का कार्यकाल व्यवहारिक रूप से सक्रिय माना जाएगा और मानदेय का अधिकार भी प्रभावी हो जाएगा। सरकार अगस्त में 35 दिनों का मानदेय एकमुश्त जारी करेगी। जिला परिषद सदस्यों की बैठकें जिला मुख्यालयों पर, पंचायत समिति सदस्यों की बैठकें विकासखंड मुख्यालयों पर तथा प्रधानों और उपप्रधानों की बैठकें संबंधित ग्राम पंचायतों में आयोजित की जाएंगी। इससे पंचायत प्रशासन को नई दिशा देने और विकास योजनाओं को गति प्रदान करने की प्रक्रिया तेज होगी।

जिला परिषद अध्यक्ष सबसे अधिक लाभान्वित होंगे। उन्हें प्रतिमाह 25 हजार रुपये, उपाध्यक्ष को 19 हजार रुपये तथा जिला परिषद सदस्य को 8,300 रुपये मानदेय मिलेगा। पंचायत समिति अध्यक्ष को 12 हजार रुपये, उपाध्यक्ष को 9 हजार रुपये और सदस्य को 7,500 रुपये प्रतिमाह प्रदान किए जाएंगे। वहीं ग्राम पंचायत प्रधान को 7,500 रुपये तथा उपप्रधान को 5,100 रुपये मासिक मानदेय मिलेगा। पंचायत सदस्यों को प्रत्येक बैठक में भाग लेने पर 1,050 रुपये बैठक भत्ता दिया जाएगा।

# मोदी सरकार कर रही मिड-डे मील वर्करों का शोषण : सीटू

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन की बैठकें संधोल और मण्डप में आयोजित की गईं, जिनमें सीटू के जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह, यूनियन प्रधान राणो देवी, चिंत राम, सत्या देवी, रजनी देवी सहित अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठकों में 22 जून को शिमला में आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय रैली और हड़ताल की तैयारियों पर चर्चा की गई। भूपेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि मिड-डे मील वर्करों को वर्ष के 12 महीनों के बजाय केवल 10 माह का ही मानदेय दिया जा रहा है। इस संबंध में यूनियन ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में दो बार याचिका दायर की थी, जिसमें वर्करों के पक्ष में फैसला आया, लेकिन सरकार इस मामले को सर्वोच्च न्यायालय में ले गई है। उन्होंने कहा कि यूनियन भी अब सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष मजबूती से रखेगी। उन्होंने बताया कि वर्करों को आकस्मिक अथवा बीमारी की स्थिति में अवकाश की सुविधा नहीं मिलती। कई बार मजबूरी में छुट्टी लेने पर उन्हें अपने स्थान पर निजी खर्च पर दूसरे व्यक्ति की व्यवस्था करनी पड़ती है। यूनियन ने प्रत्येक माह वेतन पर्ची उपलब्ध करवाने की भी मांग उठाई, ताकि कर्मचारियों को यह जानकारी मिल सके कि उन्हें केंद्र और राज्य सरकार से कितना भुगतान प्राप्त हो रहा है। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले 15 वर्षों में मिड-डे मील वर्करों के मानदेय में कोई वृद्धि नहीं की है। वहीं विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर कर्मचारियों की छंटनी की जा रही है। यूनियन की मांग है कि प्रत्येक स्कूल में कम से कम एक कुक और एक हेल्पर की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए।

◆ 22 जून को हड़ताल पर रहेंगे वर्कर, शिमला में होगी रैली

**सियासत** चुनावी नतीजों के बाद अब जिला परिषद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद को लेकर राजनीतिक हलचल तेज

# इस बार 'किंग मेकर' नहीं, 'किंग' बनने की तैयारी में निर्दलीय सदस्य

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** प्रदेश के सबसे बड़े जिला कांगड़ा में जिला परिषद चुनावों के परिणाम भले ही घोषित हो चुके हों, लेकिन जिला परिषद की सत्ता की असली तस्वीर अभी पूरी तरह साफ नहीं हुई है। चुनावी नतीजों के बाद अब जिला परिषद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल अपने-अपने समीकरण साधने में जुटे हुए हैं, वहीं दूसरी ओर आजाद उम्मीदवारों की भूमिका इस बार बेहद महत्वपूर्ण बनकर उभरी है।

दिलचस्प बात यह है कि इस बार जीतकर आए कई निर्दलीय जिला परिषद सदस्य खुद को किसी राजनीतिक दल का समर्थक या पिछलग्गू बनाने के पक्ष में दिखाई नहीं दे रहे हैं। उनका स्पष्ट कहना है कि राजनीति में केवल 'किंग मेकर' बनकर रहने का कोई विशेष महत्व नहीं होता, बल्कि निर्णय लेने वाली स्थिति में पहुंचना ही वास्तविक राजनीति है। यही कारण है कि कई निर्दलीय सदस्य इस बार केवल किसी दल को सत्ता तक पहुंचाने की बजाय स्वयं नेतृत्वकारी भूमिका निभाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं।

नगरी-कलूड़ जिला परिषद वार्ड से भारी मतों के अंतर से जीत दर्ज करने वाली नवी ठाकुर का नाम इस समय सबसे अधिक चर्चा में है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि नवी ने जिला परिषद के शीर्ष पद को लेकर अपनी रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। सूत्रों के अनुसार कई नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्य उनसे लगातार संपर्क साध रहे हैं। कुछ फोन के माध्यम से तो कुछ व्यक्तिगत मुलाकातों के जरिए भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा कर रहे हैं।

नवी ठाकुर के करीबी सूत्रों का कहना है कि अंतिम निर्णय लेने से पहले वह सभी परिस्थितियों और संभावित समीकरणों का गहन अध्ययन कर रही हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि केवल निर्दलीय सदस्य ही नहीं, बल्कि भाजपा और कांग्रेस के भीतर मौजूद कुछ असंतुष्ट सदस्य भी इस पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं। कई ऐसे निर्वाचित सदस्य हैं जो पार्टी टिकट या संगठनात्मक फैसलों से पूरी तरह संतुष्ट नहीं बताए जा रहे और वे भी भविष्य के समीकरणों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उधर, अवैरी जिला परिषद वार्ड से विजयी हुए शुभम कपूर भी इस समय चर्चा के केंद्र में हैं। शुभम कपूर ने चुनाव में प्रदेश स्तर के दो प्रभावशाली नेताओं सहित कई मजबूत दावेदारों को पराजित कर जीत हासिल की है। राजनीतिक दृष्टि से उनका अनुभव भले ही अपेक्षाकृत कम हो, लेकिन उनकी जीत को जिले के सबसे बड़े राजनीतिक उलटफेरों में से एक माना जा रहा है। यही कारण है कि सत्ता के समीकरणों में उनका नाम भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

राजनीतिक जानकारों का यह भी मानना है कि जिला परिषद की इस सत्ता की जंग में केवल निर्वाचित सदस्य ही सक्रिय नहीं हैं, बल्कि भाजपा और कांग्रेस के कुछ ऐसे वरिष्ठ नेता भी पर्दे के पीछे अपनी भूमिका निभा रहे हैं, जो पूर्व में विधायक, मंत्री अथवा संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। हालांकि वे प्रत्यक्ष रूप से इस पूरे घटनाक्रम का हिस्सा नहीं दिख रहे, लेकिन अपने राजनीतिक अनुभव, संपर्कों और रणनीतिक सलाह के माध्यम से सत्ता के समीकरणों को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं।

वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि जिला परिषद अध्यक्ष पद की दौड़ अब केवल भाजपा और कांग्रेस के बीच सीमित नहीं रह गई है। निर्दलीय सदस्यों की बढ़ती ताकत और उनके आत्मविश्वास ने पूरे राजनीतिक परिदृश्य को रोचक बना दिया है। यदि ये सदस्य एकजुट होते हैं और अपने पक्ष में पर्याप्त समर्थन जुटाने में सफल रहते हैं, तो कांगड़ा जिला परिषद की कमान किसी निर्दलीय चेहरे के हाथों में भी जा सकती है।




◆ नगरी-कलूड़ से जीती नवी को अध्यक्ष बनाने की मांग